रांची, शुक्रवार
18:08:2023
web: www.rashtriyakhabar.com

देश/विदेश 11 मणिपुर हिंसा की जांच वाली सीबीआई टीम .. ..
झारखंड 9 भालू के हमले...
अभिव्यक्ति 6 गरीबों को घर या रियल एस्टेट .. .. ..
250 करोड़ क्लब में शामिल 10



अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 225
epaper.rashtriyakhabar.com
श्रावण, शुक्लपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## कोल्हान प्रमण्डलीय
# रोजगार मेला
## (ऑफर लेटर वितरण)

लगभग
**10,200**
युवाओं को मिलेगा ऑफर लेटर



### मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### विशिष्ट अतिथि

**श्री अर्जुन मुंडा**
माननीय केंद्रीय मंत्री, जनजातीय मामले, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री चंपाई सोरेन**
माननीय मंत्री, परिवहन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती जोबा मांझी**
माननीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती गीता कोड़ा**
माननीय सांसद, सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र

**श्री विद्युत बरन महतो**
माननीय सांसद, जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र

### सम्मानित अतिथि

**श्री सरयू राय**
माननीय विधायक, जमशेदपुर (पूर्वी)

**श्री दीपक बिरुआ**
माननीय विधायक, चाईबासा

**श्री निरल पूर्ति**
माननीय विधायक, मझगाँव

**श्री दशरथ गगराई**
माननीय विधायक, खरसावाँ

**श्री सुखराम उराँव**
माननीय विधायक, चक्रधरपुर

**श्रीमती सविता महतो**
माननीय विधायक, ईचागढ़

**श्री रामदास सोरेन**
माननीय विधायक, घाटशिला

**श्री सोनाराम सिंकू**
माननीय विधायक, जगन्नाथपुर

**श्री समीर कुमार मोहन्ती**
माननीय विधायक, बहरागोड़ा

**श्री मंगल कालिंदी**
माननीय विधायक, जुगसलाई

**श्री संजीव सरदार**
माननीय विधायक, पोटका

दिनांक : 18 अगस्त, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे
स्थान : टाटा कॉलेज मैदान, चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार
PR 304885 (Labour Employment and Traning) 23-24

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर राजनीति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### सीएम ने आवासीय कोचिंग योजना की शुरूआत की

रांची: प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए झारखंड के जनजातीय समुदाय के युवक-यवतियों को नि:शुल्क आवासीय कोचिंग सुविधा देने के कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। डॉ रामदयाल मुंडा जनजाति कल्याण शोध संस्थान में इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसके तहत पहले चरण में 156 छात्रों को जेएसएससी और दूसरी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराई की जाएगी। दसवीं से लेकर स्नातक तक के छात्रों को इसमें शामिल किया जाएगा, जिनकी आयु 21 से 40 साल तक हो। जनजातीय समुदाय के युवक-युवतियों के लिए नि:शुल्क आवासीय कोचिंग सेवा पीभीटीजी के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हम जो कम कर रहे हैं, उसको लेकर कुछ लोगों को आश्चर्य हो रहा है कि आखिर यह सरकार कर क्या रही है।

चुनावी सभा > बेबी देवी के समर्थन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की सभा कहा

# देश को भूखा-नंगा करने पर तुली है मोदी सरकार

राष्ट्रीय खबर



**गिरिडीह:** डुमरी उपचुनाव के प्रत्याशी के तौर पर झामुमो प्रत्याशी मंत्री बेबी देवी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। यहां पर पर्चा दाखिल करने के बाद डुमरी स्थित केबी हाई स्कूल के मैदान में मुख्यमंत्री ने जनसभा कर बेबी देवी के समर्थन में सभा की। इस दौरान उन्होंने एनडीए पर खूब हमला बोला। कहा कि दिवंगत विधायक जगरनाथ महतो ने जनता की सेवा की। अब उनके निधन के बाद बेबी देवी यहां से चुनाव लड़ रही है। इस चुनाव में बेबी देवी को सभी का समर्थन चाहिए।

सीएम ने एनडीए पर हमला बोलते हुए कहा कि अभी डुमरी उपचुनाव में जो खिलाफ में खड़े हैं ये वे लोग हैं जो देश को भूखा नंगा करने पर तुले हैं। ये वो लोग हैं जो आपके शरीर से कपड़ा उतार लेंगे। ये लोग हैं जो गरीब, किसानों के खिलाफ नए नए कानून, संविधान बनाने का षड्यंत्र कर रहे हैं। इस देश में अब गरीब, किसान, मजदूरों के लिए जगह नहीं रहेगी।सीएम ने कहा कि यही लोग जात-धर्म का जहर फैला रहे हैं।

ये लोग हिन्दू-मुसलमानों के बीच आग लगवा कर, मॉब लिंचिंग कर, आदिवासी-दलित को रस्सी में बांधकर, घसीट-घसीटकर बेइज्जत करना, मणिपुर में एक दूसरे लड़वाना यही इनका काम है। यही इनकी सोच है कि देश लड़ेगा तो इनकी रजनीतिक रोटी पकेगी। कहा कि अब हमलोगों ने कमर कस लिया है। अब देश की जनता को लड़ने नहीं देंगे और इनकी राजनीतिक मंसूबे पर पानी फेरने का काम करेंगे। कहा कि 2019 के पहले मॉब लिंचिंग के नाम पर मुसलमान भाइयों को मारा जाता था। 2019 के बाद एक भी मुसलमानो भाई को मॉब लिंचिंग के नाम पर नहीं मारा गया।मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि डुमरी इण्डिया गठबंधन की प्रतिष्ठा का सीट है। यहां जगरनाथ महतो ने जो काम किया है उसके बदले बेबी देवी को जीताने का काम करें।

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा भाजपा की सरकार में महंगाई चरम पर है। लोग परेशान हैं। एनडीए का काम घर घर में जहर घोलने का है। इनसे बचना है। कहा कि दिवंगत मंत्री जगरनाथ महतो ने पारा शिक्षकों के हित में काम किया। अब जनता दिवंगत मंत्री के कार्यों का फल उनकी पत्नी को भारी मत देकर दें।मंत्री हफिजुल अंसारी ने कहा कि एक तरफ मोहब्बत है तो एक तरफ नफरत है। एक तरफ इंडिया है तो एक तरफ एनडीए है। यह जनता को तय करना है कि इण्डिया को जीतना है या एनडीए को। भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि कोडरमा और गिरिडीह में एनडीए के सांसद हैं क्या काम इनलोगों ने किया यह जग जाहिर है। कहा कि वर्ष 2014 से झारखण्ड को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

दो वर्ष से प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। इस दौरान सदर विधायक सुदिव्य कुमार ने कहा कि इस चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी से जनता सिर्फ एक सवाल करें, पूछें कि वे 1932 के साथ हैं या 1985 के। बेरमो विधायक जयमंगल सिंह ने भी भाजपा और आजसू पर हमला बोला।इस दौरान सभा को झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी ने भी सम्बोधित किया। यहां लोगों से सहयोग की मांग की। कहा कि उनके पति ने जिन कार्यों को अधूरा छोड़ा है उसे पूरा किया जाएगा। इस दौरान वह दिवंगत जगरनाथ महतो को याद कर रो पड़ी।

## पेज तीन का शेष

### हमने लोकतंत्र बचाए .. .. ..

और वहां जो अत्याचार हो रहा है उसे रोकने के लिए प्रयास करते लेकिन उन्हें मणिपुर से या देश के आम आदमी की समस्या से कोई लेना देना नहीं है। वह पार्टी के प्रचार के लिए मध्य प्रदेश जा रहे है, राजस्थान जा रहे हैं, छत्तीसगढ जा रहे हैं क्योंकि इन राज्यों में चुनाव होना है लेकिन मणिपुर जल रहा है और वहां नहीं जा सकते हैं। उन्होंने राजनीति को जन सेवा का काम बताया और कहा हम इस देश के लिए अपना योगदान दे रहे हैं, हम अपने लिए यहां नहीं आए हैं। राजनीति एक सेवा है। गांधी जी को क्या मिला। न वह इस देश के प्रधानमंत्री बने और न ही राष्ट्रपति। लेकिन अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया, भारत को आजादी दिलाई। कृषि कानून को लेकर भी उन्होंने सरकार पर हमला किया और कहा एक सॉफ्टवेयर कंपनी चलाने वाले बिजनेसमैन की सलाह पर। इस बिजनेसमैन ने आइडिया देने से पहले अडानी ग्रुप से सलाह ली। फायदा पहुंचाने की प्रधानमंत्री मोदी की सनक ने 700 से ज्यादा किसानों की जान ले ली। महिला कांग्रेस नीटा डिसूजा ने संगठन की महिला कार्यकर्ताओं की मेहनत की सरहाना करते हुए उन्हें 2024 के चुनाव में मोदी सरकार को बाहर करने का आान किया।

### नदी में नहाती महिला .. .. ..

यह सारे मगरमच्छ भितरकनिका नदी से भटक गए हैं। इससे हमारी आजीविका खतरे में पड़ गई है।ह्व इस वर्ष की गणना के अनुसार भितरकनिका लगभग 1,793 खारे पानी के मगरमच्छों का घर है। वन विभाग ने हाल ही में मनुष्यों पर मगरमच्छों के हमलों को रोकने के लिए भितरकनिका के पास 80 नदी घाटों पर बैरिकेड्स लगाए हैं। भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान के प्रभागीय वन अधिकारी सुदर्शन गोपीनाथ यादव ने कहा, हम लाउडस्पीकर के माध्यम से, पोस्टर लगाकर और पर्चे बांटकर ग्रामीणों से पानी में न जाने के लिए भी कह रहे हैं।

जाजपुर के पास की घटना में बताया गया है कि अचानक विशाल मगरमच्छ ने हमला कर दिया। इससे पहले कि वह महिला कुछ समझ पाती, मगरमच्छ ने उसे जिंदा निगल लिया। मृतक खुद को बचाने का कोई प्रयास नहीं कर सकी। किसी ने नदी के दूसरी ओर से मगरमच्छ को मारने की वीभत्स हरकत का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। उन्होंने नदी की तलाश की और युवती का शव बरामद किया।

### मणिपुर में जारी तनाव.. .. ..

गोला-बारूद बरामद किए गए। पुलिस ने आगे कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान, राज्य में गोलीबारी और प्रदर्शनकारियों के जमावड़े की छिटपुट घटनाओं के साथ स्थिति तनावपूर्ण थी। बिष्णुपुर, चुराचांदपुर, तेंगनौपाल और कांगपोकपी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें 08 हथियार जब्त किए गए। बिष्णुपुर और इंफाल पश्चिम जिलों से 365 गोला-बारूद और छह विस्फोटक बरामद किए गए। बयान के अनुसार, तेंगनौपाल जिले में लगभग छह बंकरों को ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि, मणिपुर में तनाव पैदा करने में कुकी डेमोक्रेटिक फ्रंट (केडीएफ) के योगदान के बारे में संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन/कुकी नेशनल आर्मी (बर्मा) ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। केएनओ/केएनए (बी) ने एक विज्ञप्ति में कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 9 अगस्त 2023 को संसद के मानसून सत्र के दौरान दिए गए बयान को जानकर आश्चर्यचकित है। बिना किसी सबूत के उनकी काल्पनिक टिप्पणी कि मणिपुर हिंसा कुकी डेमोक्रेटिक फ्रंट (केडीएफ) के कारण हुई थी, अस्वीकार्य थी। कुकी समूहों ने मेइतेई राष्ट्रवादी संगठनों और सामुदायिक नेताओं को मणिपुर (कुकी-मेइतेई) जातीय हिंसा में शामिल होने और हस्तक्षेप करने के लिए म्यांमार के केएनए (बर्मा) और पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) के खिलाफ लगातार गलत आरोप लगाने के लिए दोषी ठहराया।

### नये सर्वेक्षण से पता चला .. ..

केंद्र में बैठेगा। ध्यान दें कि 2019 में एनडीए ने 353 सीटें जीतीं। लेकिन उसके बाद से कई पार्टियां गठबंधन छोड़ चुकी हैं। महाराष्ट्र में फिर एक नया गठबंधन बन गया है। सर्वे के मुताबिक, अगर अभी लोकसभा चुनाव हों तो एनडीए 296 से 326 सीटें जीत सकती है। जो बहुमत रेखा से काफी ऊपर है। तो भाजपा आसानी से सरकार बना लेगी। सर्वे के मुताबिक भाजपा इस बार भी अकेले जादुई आंकड़ा पार कर पाएगी। हालांकि, उनकी सीटों की संख्या घट सकती है। हालांकि, दावा है कि सर्वे में यह 300 के आसपास होगी।

सर्वे के मुताबिक, भारत गठबंधन एकजुट होकर भी भाजपा को सत्ता से बाहर नहीं कर पाएगा। सर्वे के मुताबिक हिंदी में भाजपा और एनडीए का एकाधिकार रहेगा। सर्वे के मुताबिक, उत्तर भारतीय राज्यों की कुल लोकसभा सीटों में से 80 फीसदी सीटें भाजपा के खाते में जा सकती हैं।

### इंसान में प्रत्यारोपित सुअर .. ..

सर्जरी के एमडी प्रोफेसर, सर्जरी विभाग के अध्यक्ष और एनवाईयू लैंगोन ट्रांसप्लांट इंस्टीट्यूट के निदेशक के नेतृत्व में, पांचवीं थी। एनवाईयू लैंगोन में जेनोट्रांसप्लांट किया गया। अवलोकन जारी है और अध्ययन सितंबर 2023 के मध्य तक जारी रहेगा। 25 सितंबर, 2021 को मानव मृतक में दुनिया का पहला आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर किडनी प्रत्यारोपण, इसके बाद 22 नवंबर, 2021 को इसी तरह की दूसरी प्रक्रिया होगी। ट्रांसप्लांट इंस्टीट्यूट के सर्जनों ने 2022 की गर्मियों में दो आनुवंशिक रूप से इंजीनियर सुअर हृदय प्रत्यारोपण किए। जेनोट्रांसप्लांट में पार पाने वाली पहली बाधा तथाकथित हाइपरएक्यूट अस्वीकृति को रोकना है, जो आम तौर पर किसी जानवर के अंग के मानव संचार प्रणाली से जुड़ने के कुछ ही मिनटों बाद होती है। अल्फा-गैल नामक बायोमोलेक्यूल को एन्कोड करने वाले जीन को नॉक आउट करके - जिसे मनुष्यों द्वारा सुअर के अंगों की तेजी से एंटीबॉडी-मध्यस्थता अस्वीकृति के लिए जिम्मेदार माना गया है, एनवाईयू लैंगोन में सभी पांच जेनोट्रांसप्लांट में तत्काल अस्वीकृति से बचा गया है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि शरीर की किडनी का कार्य केवल सूअर की किडनी द्वारा ही कायम रहे, प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ता की दोनों मूल किडनी को शल्य चिकित्सा द्वारा हटा दिया गया। फिर एक सुअर की किडनी प्रत्यारोपित की गई और अस्वीकृति के किसी भी लक्षण के बिना तुरंत मूत्र का उत्पादन शुरू कर दिया। क्रिएटिनिन का स्तर, रक्त में पाया जाने वाला एक शारीरिक अपशिष्ट उत्पाद और किडनी के कार्य का संकेतक, अध्ययन की अवधि के दौरान इष्टतम सीमा में था।

डॉ. मोंटगोमरी ने कहा, हमारा मानना है कि अब तक हमारे जेनोट्रांसप्लांटेशन शोध में हमने जो पाया है, उसके संयोजन में एफडीए द्वारा पहले से ही सुरक्षित माने गए सुअर का उपयोग हमें नैदानिक परीक्षण चरण के करीब ले जाता है।

### नेपाल से टमाटर आयात पर .. .. ..

भेजा जाएगा ताकि इसकी कीमत नियंत्रित की जा सके। सबसे ज्यादा टमाटर उत्तर प्रदेश भेजे जाएंगे। नेपाल में काठमांडू, ललितपुर और भक्तपुर में सबसे अधिक टमाटर का उत्पादन होता है। इस इलाके के जरिए भारत में टमाटर का अवैध कारोबार चल रहा है। लेकिन सरकार पूरे मामले में दखल दे रही है। भारत में टमाटर की कीमतें पिछले कुछ महीनों से आसमान छू रही हैं। कहीं यह 200, कहीं 250 तो कहीं 300 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। हालाँकि, भारत सरकार ने हाल ही में टमाटर की बिक्री पर सब्सिडी देना शुरू कर दिया है, जिससे कीमतें कुछ नियंत्रण में आ गई हैं। अब टमाटर की कीमत 50 रुपये प्रति किलो पर आ गई है। आगामी त्योहारों और समारोहों से पहले, नेपाल ने भारत सरकार से 10 लाख टन धान, 1 लाख टन चावल और 50 हजार टन चीनी का अनुरोध किया है। वहीं, नेपाल के कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने कहा, ह्यह्नकुछ दिन पहले हमने विदेश मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार से खाद्यान्न और चीनी की आपूर्ति करने का अनुरोध किया था। हालाँकि, हमें अभी तक भारत सरकार से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। नेपाल में चावल की कीमत काफी बढ़ गई है। फिलहाल देश में चावल 300 रुपया प्रति किलो मिलता है।

---

सोनू सिंह बने सरायकेला खरसांवा के जिला प्रभारी

## आजसू ने जारी की नगर संयोजकों की सूची

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने नगर क्षेत्रों में संगठन को विस्तार देने की योजना पर कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस क्रम में संगठन विस्तारीकरण एवं पुनर्गठन हेतु नगर संयोजकों की सूची जारी करते हुए शहरी क्षेत्रों के युवाओं को अधिक से अधिक संगठन से जोड़ने संबंधी लक्ष्य नगर संयोजकों को दिया है। उक्त जानकारी अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने दी । अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सांगठनिक विस्तार एवं पुनर्गठन के लिए निम्नलिखित पदाधिकारियों को नगर संयोजक मनोनीत किया गया है। रांची नगर हरीश कुमार, चेतन प्रकाश, आदित्यपुर नगरझ्र दीपक सिंह, अंकित कुमार, देवघर नगरझ्र आदित्य झा, धनबाद नगरझ्र दिनेश दास, विकास कुमार, मेदनीनगर झ्र हर्ष कुमार महतो, कुशवाहा आशीष आचार्य एवम विनीत शुक्ला।अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ कुमार (सोनू सिंह) को सरायकेला खरसांवा जिला प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने इनके मनोनयन पर कहा की सरायकेला खरसांवा जिला में संगठन विस्तारीकरण में कार्य में सोनू सिंह के लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ संगठन को मिलेगा। सरायकेला खरसांवा जिला के कार्यक्रता भी इनके अनुभव से लभांवित होगों।

---

डुमरी विधानसभा उपचुनाव नामांकन का अंतिम दिन

## बेबी देवी और यशोदा देवी ने भरा नामांकन पर्चा

राष्ट्रीय खबर



**गिरिडीह:** डुमरी विधानसभा उपचुनाव नामांकन का अंतिम दिन गहमा-गहमी से भरा रहा। यहां इस सीट के लिए झामुमो की प्रत्याशी के तौर पर सूबे की मंत्री बेबी देवी ने तो आजसू के प्रत्याशी के तौर पर यशोदा देवी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। दोनों प्रत्याशी पैदल ही डुमरी अनुमंडल कार्यालय पहुंचीं। यहां निवार्ची पदाधिकारी, 33-डुमरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह अनुमण्डल पदाधिकारी मो सहजाद परवेज के समक्ष पर्चा दाखिल किया।पर्चा दाखिल करने के दौरान के नेता के साथ बेबी देवी अनुमंडल कार्यालय पहुंचीं। इस दौरान झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार, मथुरा महतो, सरफराज अहमद, भाकपा माले विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार यादव समेत कई नेता साथ में थे।दूसरी तरफ आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी के साथ एनडीए के कई नेता मौजूद रहे। इस दौरान आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, विधायक लम्बोदर महतो, भाजपा नेता रविन्द्र राय, विधायक रणधीर सिंह, नारायण दास, भाजपा नेता निर्भय शाहबादी, प्रदीप साहू, आजसू नेता संजय साव समेत कई नेता मौजूद थे।यहां बता दें कि 10 अगस्त से नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। 16 अगस्त तक तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था जबकि 8 लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा था। नामांकन दाखिल करने का आज आखिरी दिन है। इसके बाद 21 अगस्त को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। वहीं, उपचुनाव के लिए 5 सितंबर को वोटिंग होगी। जबकि मतों की गिनती 8 सितंबर को होगी।



---

## दीपक प्रकाश ने सीएम को लिखा पत्र

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को पत्र लिखा। रांची जिला अंतर्गत सिल्ली के पास प्रस्तावित हाइडल पावर प्रोजेक्ट सहित राढ़ू जलाशय परियोजना जो एक मध्यम सिंचाई योजना है, के संदर्भ में उनका ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसपर कार्य प्रारंभ करने की मांग की। अपने पत्र में मुख्यमंत्री को स्मरण कराते हुए लिखा है कि हाइडल पावर प्रोजेक्ट सहित राढ़ू जलाशय योजना के सर्वेक्षण और डीपीआर के निर्माण हेतु कंसलटेंट का कार्य लगभग 10 वर्ष पूर्व ही आवंटित किया गया था। उसका भुगतान भी हो चुका है, परंतु उक्त योजना का निर्माण अबतक प्रारंभ नहीं हुआ है।श्री प्रकाश ने जनमानस को ध्यान में रखते हुए हाइडल पावर प्रोजेक्ट सहित राढ़ू जलाशय योजना का कार्य निर्माण हेतु शीघ्रातिशीघ्र यथाआवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। विदित हो कि इस हाइडल पावर प्रोजेक्ट राढ़ू जलाशय के बन जाने से लोगों को सस्ती दर में बिजली, सिंचाई की सुविधा के साथ साथ लोगों को पेयजल की सुविधा मिलेगी।

---

## संजय सेठ ने सरकार के कामकाज पर उठाए सवाल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सांसद संजय सेठ ने हेमंत सरकार पर केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं को जानबूझकर लटकाने का आरोप लगाया है। अपने कार्यालय में मीडिया कर्मियों से बात करते हुए रांची सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार दोनों हाथ खोल कर झारखंड के विकास के लिए पैसे दे रही है। लेकिन, राज्य सरकार उसे खर्च करने के बजाए उल्टे मोदी सरकार पर झूठा आरोप लगा रही है। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत भारत सरकार के द्वारा झारखंड में चलाई जा रही योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने का आरोप लगाया।रांची सांसद ने कहा कि केंद्र के द्वारा झारखंड को 10,000 करोड़ रुपए दिए गए हैं, जिसमें राज्य सरकार मात्र 3000 करोड़ रुपए ही खर्च कर पाई है। सोचने वाली बात है कि 70 फीसदी राशि खर्च नहीं होने पर आखिर किस मुंह से राज्य सरकार के नुमाइंदे भारत सरकार पर आरोप लगाते हैं।

---

संकल्प यात्रा > संकल्प यात्रा में सोरेन परिवार पर बरसे बाबूलाल मरांडी, कहा

# कोयला, बालू, पत्थर के बाद अब सब मिलकर जमीन लूट में लगे हैं

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** गुरुवार को संकल्प यात्रा के पहले दिन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन सहित उनके पूरे परिवार को निशाने पर लिया। संथाल परगना के साहिबगंज जिला स्थित बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह में एक जनसभा को सम्बोधित करते कहा कि आज इस क्षेत्र के विधायक हेमंत सोरेन हैं। वे राज्य के मुख्यमंत्री भी हैं जो राज्य को लूटने में लगे हैं। कोयला,बालू की लूट के बाद वे अब जमीन लूटने में भी सपरिवार लगे हुए हैं। इस लूट में उनका पूरा परिवार और खानदान लगा हुआ है। संथाल में जितने भी खदान हैं ,पहाड़ हैं, उनका लीज आज संथाल क्षेत्र के लोगों को नहीं दिया गया है। कोयला का लीज हो, चाहे पत्थर या बालू का, ये लीज अपने प्रतिनिधि, पत्नी और प्रेस सलाहकार को ही दिया है । संथाल के लोगों का आखिर कसूर क्या है। बाबूलाल ने लोगों को आश्वस्त करते कहा कि जिस दिन आप लोगों के सहयोग से राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी, उस दिन राज्य के पहाड़ों, खदानों की लीज यहां के आदिवासी, मूलवासी और जमीन मालिकों के नाम की जाएगी। उनके हक और अधिकार को सुरक्षित रखा जाएगा। इसे कोई छीन नही सकेगा। इससे पहले बाबूलाल मरांडी ने भोगनाडीह में संताल के नायक सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संकल्प यात्रा की शुरूआत की। यहां सिद्धो-कान्हू के वंशजों ने पारंपरिक रीति-रिवाज से उनका स्वागत किया।बाबूलाल मरांडी ने झारखंड़ अलग राज्य बनाने में भाजपा की अहम भूमिका का उल्लेख किया।कहा कि झारखंड अलग राज्य की मांग आजादी की लड़ाई के समय से ही चली आ रही थी । इस लड़ाई में सबसे अग्रिम पंक्ति पर यहां के आदिवासी भाई-बहन ही थे। आजादी के बाद से देश मे कांग्रेस के जवाहर लाल नेहरु ,इंदिरा गांधी, राजीव गांधी,नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री बने, लेकिन इन लोगों ने आदिवासियों की या झारखंड की जनता की इस मांग को पूरा करने की कभी कोशिश नहीं की। जो आंदोलनकारी नेता थे, उनको कांग्रेस पैसों से उपकृत करती रही, खिलाती पिलाती रही,लेकिन झारखंड राज्य कभी नहीं बनाया। जब देश में भाजपा की सरकार अटल बिहारी बाजपेयी के नेतृत्व में बनी, तभी आदिवासियों एवम यहां के मूलवासियों का सपना पूरा हुआ। झारखंड़ एक अलग राज्य बना। भाजपा ने अलग राज्य बनाया है, इसलिए जनता के दुख और तकलीफ को भाजपा समझती है। दूसरे तो सिर्फ राज्य को लूटने के लिए राजनीति कर रहे हैं।बाबूलाल ने हेमन्त सोरेन पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री एक आदिवासी हैं,लेकिन अगर इनके चरित्र को देखें तो पाएंगे कि आज सबसे ज्यादा आदिवासियों की जमीन को लूटने का काम अगर किसी ने किया है तो वो सोरेन परिवार ने किया है। ये लोगों को कहते हैं कि भाजपा वाले झारखंड के लोगों के जमीन को छीनेंगे। वे भी मुख्यमंत्री थे, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास भी मुख्यमंत्री थे।




18:08:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 225 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण, शुक्लपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080


## विदुर नीति

क्षमा वशीकृतिर्लोके क्षमाया किं न साध्यते।
शांतिखड्गः करे यस्य किं करिष्यति दुर्जनः॥

भावार्थ : इतना ही नहीं क्षमा से तीनों लोकों को वश में किया जा सकता है, क्षमा से क्या नहीं पाया जा सकता? क्षमारूपी खड्ग जिसके पास हो, तो भला दुष्ट उसका क्या बिगाड़ सकता है?

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 23.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .19 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .25 बजे

## छड़ी मुबारक को शारिका भवानी मंदिर ले जाया गया

**श्रीनगर:** जम्मू कश्मीर में जारी वार्षिक अमरनाथ यात्रा के तहत भगवान शिव के छड़ी मुबारक को श्रावण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के अवसर पर गुरुवार को श्रीनगर के प्राचीन शारिका-भवानी मंदिर में देवी के दर्शन के लिए ले जाया गया। छड़ी मुबारक के संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि जी के नेतृत्व में सदियों पुरानी परंपराओं के अनुसार श्रावण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के अवसर पर देवी की पूजा करने के लिए हरि पर्वत मंदिर ले जाया गया। करीब डेढ़ घंटे (90 मिनट) से अधिक समय तक चले पूजन में बड़ी संख्या में साधुओं और भक्तों ने भाग लिया। देवी शारिका-भवानी, जो रहस्यों के वजह से त्रिपुरसुंदरी के नाम से लोकप्रिय हैं। जिसे श्रीनगर शहर की इष्ट देवी (इष्टदेव) के रूप में माना जाता है, जो हरि में शिला (पवित्र चट्टान) की आकृति में प्रकट हुई थीं।

## प्रॉप्लशन मॉड्यूल से अलग हुआ विक्रम लैंडर

**चेन्नई:** चंद्रमा को फतह करने निकले चंद्रयान-3 ने गुरूवार को अपने मिशन का एक और बेहद अहम पड़ाव पार कर लिया जिसमें विक्रम लैंडर मॉड्यूल, प्रॉपल्शन मॉड्यूल से सफलतापूर्वक अलग होकर आगे की यात्रा पर रवाना हो गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार अब लैंडर रोवर को लेकर आगे की यात्रा अकेले तय करेगा और इसके 23 अगस्त शाम को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर उतरने का कार्यक्रम है। इसके लिए सभी अभ्यास पूरे कर लिये गये हैं। इसरो के अनुसार इस चरण के सफलतापूर्वक पूरा होने का मतलब है कि चंद्रयान 3 की सभी प्रणालियां सही तरीके से काम कर रही हैं। चंद्रयान 3 का प्रक्षेपण 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से किया गया था।

## आगामी यात्रा पर चीन अमेरिका के है संपर्क में

**बीजिंग:** अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो की संभावित चीन यात्रा को लेकर बीजिंग और वाशिंगटन संपर्क में हैं। चीनी वाणिज्य मंत्रालय की प्रवक्ता शू जूटिंग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। श्री शू ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान इस बात की पुष्टि किये जाने के सवाल के पर की क्या अमेरिकी मंत्री अगस्त में चीन का दौरा कर सकते हैं, कहा, चीन रायमोंडो की चीन यात्रा का स्वागत करता है। वर्तमान में, चीन और अमेरिका आगामी यात्रा के संबंध में निकट संपर्क में हैं,। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी अतिरिक्त जानकारी उचित समय पर साझा की जाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने पिछले हफ्ते राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं पर अर्धचालक, क्वांटम कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में काम करने वाली चीनी कंपनियों में अमेरिकी निवेश को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे।

## इजरायली सैनिकों की कार्रवाई में फिलिस्तीनी आतंकवादी ढेर

**यरूशलम:** इजरायली सैनिकों ने गुरुवार को कब्जे वाले वेस्ट बैंक में छापेमारी के दौरान एक फिलिस्तीनी आतंकवादी को गोली मार दी। फिलिस्तीनी और इजरायली सूत्रों ने यह जानकारी दी। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार हताहत मुस्तफा अल-कस्तौनी (32) को सिर में गोली मारी गई। इस छापेमारी के दौरान एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। इस्लामिक रेजिस्टेंस मूवमेंट (हमास) ने एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन में इजरायली सैनिकों के साथ गोलीबारी की और सैनिकों पर आग के गोले फेंके। इजराइल की सीमा पुलिस ने एक बयान में कहा कि इजराइलियों के खिलाफ हमलों में संदिग्धों को गिरफ्तार करने के लिए कमांडो सैनिकों द्वारा जेनिन में एक इमारत को घेरने के बाद शुरू हुई गोलीबारी में वह व्यक्ति मारा गया इस दौरान एक इसरायली सैनिक घायल हो गया।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**प्रतिक्रिया** › मोदी के बार बार के आरोप के जबाव में कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने कहा

# हमने लोकतंत्र बचाए रखा तभी मोदी पीएम हैं

- महिला कांग्रेस के सम्मेलन में कही यह बात
- मोदी जी अगले साल अपने घर तिरंगा फहरायेंगे
- मणिपुर जल रहा है पर मोदी को इसकी परवाह नहीं

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि जब वह पूछते हैं कि कांग्रेस ने इस देश को क्या दिया तो इसका सीधा जवाब यही है कि कांग्रेस ने 70 साल से लोकतंत्र बचाए रखा इसलिए श्री मोदी देश के प्रधानमंत्री बन पाए हैं। श्री खडगे ने गुरुवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन 'प्रतिज्ञा उज्ज्वल भारत की' के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा श्री मोदी बार बार सवाल करते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया जबकि इस दौरान और कई दलों की सरकार रही है लेकिन वह कांग्रेस से ही अक्सर सवाल पूछते हैं।
उन्होंने कहा मोदी जी बोलते हैं- कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया। हमने लोकतंत्र और संविधान को बचाकर रखा, इसलिए आप प्रधानमंत्री बन पाए। यदि कांग्रेस लोकतंत्र को बचाए नहीं रखते तो श्री मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं होते और वह गुजरात में ही रहते। कांग्रेस नेता ने कहा कि श्री मोदी के अगले साल भी लाल किला पर तिरंगा फहराने को लेकर हमला किया और कहा मोदी जी ने कहा कि वह 2024 में भी 15 अगस्त को लाल किले पर तिरंगा फहराएंगे।
मुझे लगता है कि वह तिरंगा तो जरुर फहराएंगे, लेकिन लाल किले पर नहीं, अपने घर पर फहराएंगे। आश्चर्य की बात यह है कि श्री मोदी उस पार्टी के लिए यह बात कहते हैं जिस पार्टी ने देश के लिए कुर्बानी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश की एकता के लिए काम किया है और पार्टी के शीर्ष नेताओं ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोपरि बलिदान दिया है। उन्होंने कहा देश को एकजुट रखने के लिए इंदिरा जी और राजीव जी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। कांग्रेस पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं ने देश के लिए अपनी जान दी। भाजपा के पास कौन सा ऐसा नेता है। मणिपुर के लिए वह जिस तरह का रुख दिखा रहे हैं क्या इसे देखकर कैसे उनसे देशहित में काम करने की उम्मीद की जा सकती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि श्री मोदी भारत तोड़ो पर विश्वास करते हैं जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश की एकता के लिए काम करते हुए भारत जोड़ो यात्रा निकालते हैं। श्री मोदी को जरा भी देश के लोगों की चिंता होती तो वह मणिपुर जाते

›› पेज 2 भी देखें



### मणिपुर जल रहा है लेकिन प्रधानमंत्री चुप हैं:खडगे

श्री खडगे ने कहा कि कांग्रेस देश की जनता के लिए लगातार काम करती रही है। कांग्रेस के नेताओं को मणिपुर की चिंता है इसलिए विपक्षी दलों का प्रतिनिधि मंडल वहां गया और पीड़ित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्या को जाना लेकिन श्री मोदी देश के प्रधानमंत्री होने के बावजूद वहां नहीं जा रहे हैं। मणिपुर जल रहा है लेकिन प्रधानमंत्री को इसकी परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मणिपुर के हालात को लेकर चिंतित है इसलिए संसद में श्री मोदी से आग्रह करते रहे कि संसद में आएं और इस बारे में कुछ बोले लेकिन वह कुछ बोले नहीं हैं इसलिए विपक्षी दल अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए ताकि वह संसद में अपनी बात कहें। उनका कहना था कि मणिपुर को लेकर संसद के बाहर बोलते हैं और फिर थोड़ा लाल किला पर इस मुद्दे पर अपनी बात रखते हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर जल रहा है लेकिन प्रधानमंत्री चुप हैं।

भुवनेश्वर पास के जाजपुर जिले में अपनी तरह की पहली घटना

# नदी में नहाती महिला को खा गया मगरमच्छ



**राष्ट्रीय खबर**

**भुवनेश्वर :** भुवनेश्वर पास के जाजपुर जिले में अपनी तरह की पहली घटना में, बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे बिरुपा नदी में एक मगरमच्छ ने एक महिला को मार डाला। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पीड़िता, जोशना जेना (35), अनामा जेना की पत्नी, बर्तन धो रही थी जब उस पर मगरमच्छ ने हमला किया।
दलीजोडा के वन रेंज अधिकारी अभिराम जेना ने कहा, कुछ स्थानीय लोगों ने शोर मचाया और उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन बचा नहीं सके। कुछ घंटों के बाद, ग्रामीणों, अग्निशमन कर्मियों और वन रक्षकों ने उसका आधा खाया हुआ शरीर नदी से बाहर निकाला। वन अधिकारी ने कहा, ह्वन विभाग जांच के बाद पीड़ित के परिवार के सदस्यों को 6 लाख रुपये का मुआवजा देगा। मगरमच्छ के हमले आमतौर पर केंद्रपाड़ा जिले के औल, राजनगर, पट्टामुंडई और राजकनिका ब्लॉक और भद्रक जिले के चंदबली ब्लॉक के पास रिपोर्ट किए गए, जो भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान के करीब है। बुधवार की घटना पलतापुर गांव में हुई, जो पार्क से करीब 100 किमी दूर है। पिछले दो महीनों में केंद्रपाड़ा जिले से ऐसे चार मामले सामने आए हैं। 26 जुलाई को पट्टामुंडई ब्लॉक के कुलसाही गांव में रहने वाले साधु अमूल्य दास (56) को मगरमच्छ ने मार डाला था। इसी तरह, गघरड़िया गांव के गंगाधर तारेई (56) को 29 जून को ब्राह्मणी नदी में मगरमच्छ ने मार डाला था। 21 जून को हाथीगाड़ी गांव की 45 वर्षीय महिला सीतारानी दास की मौत हो गई थी, और 14 जून को निमापुर गांव के 10 वर्षीय लड़के आशुतोष आचार्य को ब्राह्मणी में स्नान करते समय एक मगरमच्छ ने पानी में खींच लिया था। लोगों ने इस वर्ष नदियों और अन्य जल निकायों में अधिक मगरमच्छ देखे जाने की सूचना दी है। बारी के एक मछुआरे प्रमोद बेहरा ने कहा, हमें संदेह है कि

›› पेज 2 भी देखें

अमित शाह की टिप्पणी पर म्यांमार के कुकी समूहों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की

# मणिपुर में जारी तनाव के बीच और हथियार, गोला-बारूद बरामद

- मणिपुर के नगा विधायकों को एनएससीएन-आईएम की धमकी
- इनलोगों पर मैतेई विधायकों का साथ देने का लगा है आरोप
- प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में इनके नाम का उल्लेख है

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवहाटी :** एनएससीएन-आईएम ने मणिपुर में 8 नगा विधायकों को धमकी दी है।नगालैंड राष्ट्रीय समाजवादी परिषद-इसाक-मुइवा (एनएससीएन-आईएम) ने मणिपुर के आठ नगा विधायकों की आलोचना की, जिन्होंने 32 मैतेई विधायकों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा कि उनके ज्ञापन का नगा लोगों की राजनीतिक आकांक्षाओं से कोई लेना-देना नहीं है।सा प्रभावित मणिपुर के 40 विधायकों ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर कुकी उग्रवादी समूहों के साथ सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस (एसओओ) समझौते को वापस लेने और राज्य में एनआरसी लागू करने की मांग की है। इसके अलावा यह भी कहा गया कि कुकी समूहों द्वारा मांगी गई अलग प्रशासन किसी भी परिस्थिति में बिल्कुल अस्वीकार्य है।
एनएससीएन-आईएम द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, इसे विश्वासघाती आधार पर चलना कहा जा सकता है, क्योंकि मणिपुर के आठ नगा विधायकों ने खुद को भ्रमित लोगों के रूप में साबित कर दिया है, जो यह नहीं जानते कि वे कौन हैं और मणिपुर विधानसभा में किसका प्रतिनिधित्व करते हैं। बयान में कहा गया है कि मणिपुर के नगा तब हैरान रह गए जब इन रीढ़विहीन विधायकों ने 32 मैतेई विधायकों के साथ मिलकर उस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को एक प्रतिनिधित्व सौंपा, जिसका नगा लोगों की राजनीतिक आकांक्षाओं से कोई लेना-देना नहीं है।
यहां उल्लेख करें कि मणिपुर पुलिस ने 17 अगस्त को कहा कि बिष्णुपुर और इंफाल पश्चिम जिलों से छह विस्फोटकों के साथ कुल आठ हथियार और 365

›› पेज 2 भी देखें



## पूरी दुनिया में जलसंकट हर साल बढ़ता जाएगा



**वाशिंगटन:** दुनिया में कई ऐसे देश भी हैं, जहां मॉनसून की भीषण बारिश हो रही है। इनमें भारत का हिमाचल प्रदेश भी शामिल है। इस अति वर्षा के बाद भी यह चेतावनी दी गयी है कि आने वाले वर्षों में दुनिया में जलसंकट और बढ़ने जा रहा है। एक नई रिपोर्ट में पाया गया है कि मानवता का एक चौथाई हिस्सा अत्यधिक जल तनाव का सामना कर रहा है – और यह और भी बदतर होने की ओर अग्रसर है। इस एक नई रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया बढ़ती मांग और तेजी से बढ़ते जलवायु संकट के कारण अभूतपूर्व जल संकट का सामना कर रही है। वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट के एक्वाडक्ट वॉटर रिस्क एटलस के अनुसार, दुनिया की एक चौथाई आबादी वर्तमान में हर साल अत्यधिक उच्च जल तनाव का सामना करती है, 2050 तक अतिरिक्त 1 बिलियन लोगों के प्रभावित होने की उम्मीद है। अत्यधिक उच्च जल तनाव का मतलब है कि देश अपने पास मौजूद लगभग सभी पानी का उपयोग कर रहे हैं – उनकी नवीकरणीय आपूर्ति का कम से कम 80 फीसद।रिपोर्ट में पाया गया कि 25 देश, जो वैश्विक आबादी का 25 फीसद प्रतिनिधित्व करते हैं, हर साल अत्यधिक उच्च जल तनाव का अनुभव करते हैं, जिसमें बहरीन, साइप्रस, कुवैत, लेबनान और ओमान पांच सबसे अधिक प्रभावित हैं।

### कमांडर की गिरफ्तारी के बाद त्रिपोली में सैनिक संघर्ष तेज



**त्रिपोली:** लीबिया की संयुक्त राष्ट्र समर्थित सरकार का समर्थन करने वाली दो शक्तिशाली सेनाओं के बीच राजधानी त्रिपोली में झड़प हो गई, जिसमें 55 लोग मारे गए और 146 अन्य घायल हो गए। सोमवार को देर रात तक चली भीषण लड़ाई के कारण शहर के मुख्य हवाईअड्डे को बंद करना पड़ा। यह तभी शांत हुआ जब एक पक्ष ने एक कमांडर को रिहा कर दिया जिसकी हिरासत के कारण लड़ाई शुरू हो गई थी। लंबे समय तक शासक रहे कर्नल मुअम्मर गद्दाफी को 2011 में उखाड़ फेंकने और मारे जाने के बाद लीबिया में राजनीतिक अराजकता बनी हुई है। 2020 के युद्धविराम से कुछ हद तक शांति आई है, लेकिन सभी पक्षों पर गहरी गुटबाजी लगातार इसे बिगाड़ने का खतरा पैदा कर रही है।

# नये सर्वेक्षण से पता चला लोकसभा चुनाव में घटेगी एनडीए की सीटों की संख्या



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** अब और बस कुछ ही महीने। तभी लोकसभा चुनाव होंगे। विपक्ष ने अभी से वोटों की गिनती शुरू कर दी है। भाजपा और एनडीए को रोकने के लिए विपक्षी 'भारत' गठबंधन का गठन किया गया है। हालाँकि, अगर अभी चुनाव हुआ तो किसी भी गठबंधन के पास कितनी सीटें होंगी? इस पर टाइम्स नाउ ईटीजी ने एक सर्वे किया। पिछले मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले पर खड़े हुए थे और पूरे आत्मविश्वास के साथ दावा किया था कि वह अगले साल फिर वहीं से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। दूसरे शब्दों में कहें तो 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा और एनडीए जीतेगी। उनका आत्मविश्वास कितना यथार्थवादी है? अगर अभी लोकसभा चुनाव हुए तो भाजपा और एनडीए के पास कितनी सीटें होंगी? क्या नरेंद्र मोदी सत्ता बरकरार रख पाएंगे? एक सर्वे में कहा गया है? टाइम्स नाउ ईटीजी पोल के मुताबिक, अगर अभी लोकसभा चुनाव हुए तो एनडीए को 2019 के मुकाबले काफी कम सीटें मिलेंगी। हालांकि, भगवा खेमा सत्ता बरकरार रखेगा। सर्वे के मुताबिक, भारत में यह पहली बार है कि कोई प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार

›› पेज 2 भी देखें

# नेपाल से टमाटर आयात पर सरकार को लेना है फैसला



**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता:** जेब में नकदी और मुट्ठी भर टमाटर के दिन अब खत्म हो सकते हैं। पड़ोसी देश नेपाल भारत को टमाटर निर्यात करने पर सहमत हो गया है टमाटर की बढ़ती कीमतों के बीच पड़ोसी भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया है। नेपाल से बड़ी मात्रा में टमाटर का आयात किया जा रहा है। लेकिन मोदी सरकार ने टमाटर के बदले जो वस्तु चाहिए, उसके निर्यात पर पहले ही प्रतिबंध लगा दिया है। पड़ोसी देश भारत से रोजमर्रा की जरूरतों के साथ-साथ चावल भी खरीदना चाहता है। दरअसल, भारत सरकार ने हाल ही में घरेलू बाजार में कीमतें कम करने के लिए बासमती को छोड़कर आम चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस कदम ने कई देशों को चौंका दिया यहां तक कि भारत के पड़ोसी देशों को भी नुकसान हुआ। हालांकि, यह पता नहीं चल पाया है कि भारत सरकार ने नेपाली सरकार की मांग के जवाब में क्या फैसला लिया है।
नेपाल के कृषि मंत्रालय की प्रवक्ता शबनम शिवकोटी ने कहा, नेपाल भारत को टमाटर भेजने के लिए तैयार है। बदले में, भारत सरकार को बाजार पहुंच प्रदान करनी चाहिए और कुछ आवश्यक उत्पाद उनके देश में भी भेजने चाहिए। नेपाल ने सरकार को पत्र लिखकर टमाटर के बजाय चावल और चीनी का निर्यात करने का आग्रह किया है। जानकार सूत्रों का मानना है कि नेपाल से टमाटर देश के बाजारों में

›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › अंग प्रत्यारोपण की दुनिया में फिर से हुआ प्रयोग अब तक कामयाब

# इंसान में प्रत्यारोपित सुअर की किडनी कार्य कर रही है

- प्रत्यारोपण के बाद अंग ने सही काम किया है
- मरीज अब भी डाक्टरों की निगरानी में है
- प्रयोग सफल रहा तो बहुत सी जान बचेंगी

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** सुअर की किडनी किसी इंसान में लगाने का प्रयोग पहले भी किया गया था। इसके अलावा एक मरीज को सुअर के दिल का भी प्रत्यारोपण किया गया था। प्रारंभिक स्तर पर सही नजर आने के बाद भी दोनों प्रयोग बाद में फेल कर गये। इस बार न्यूयार्क यूनिवर्सिटी में फिर से इसे आजमाया गया है और मरीज के प्रत्यारोपण के 32 दिनों बाद भी यह सही तरीके से काम कर रहा है। वैसे सुअर की किडनी के प्रत्यारोपण के पहले उसे जेनेटिक इंजीनियरिंग की मदद से सुधारा गया था। यह प्रयोग किसी इंसान में जीन-संपादित सुअर की किडनी के काम करने की सबसे लंबी अवधि का प्रतिनिधित्व करता है, और प्रत्यारोपण के लिए अंगों की वैकल्पिक, स्थायी आपूर्ति के आगमन की दिशा में नवीनतम कदम है। यह प्रक्रिया, 14 जुलाई, 2023 को की गई और रॉबर्ट मोंटगोमरी, एमडी, डीफिल, एच. लियोन पच्टर,

›› पेज 2 भी देखें

### अध्ययन के चिकित्सकों का कहना है कि

भविष्य में कई लोगों की जान बचाई जा सकती है, एक 57 वर्षीय पुरुष के परिवार द्वारा संभव हुआ, जिसने मस्तिष्क की मृत्यु की घोषणा के बाद अपने शरीर को दान करने का फैसला किया और एक ऐसी परिस्थिति में जिसमें उसके अंग या ऊतक नष्ट हो गए थे। प्रत्यारोपण के लिए उपयुक्त नहीं थे। डॉ. मोंटगोमरी ने कहा, हर किसी के लिए पर्याप्त अंग उपलब्ध नहीं हैं, जिन्हें इसकी आवश्यकता है। उपलब्ध अंगों की कमी के कारण बहुत से लोग मर रहे हैं, और मैं दृढ़ता से कहता हू विश्वास है कि जेनोट्रांसप्लांटेशन इसे बदलने का एक व्यवहार्य तरीका है। डॉ. मोंटगोमरी ने कहा, हमने अब यह दिखाने के लिए और अधिक साक्ष्य एकत्र किए हैं कि, कम से कम किडनी में, हाइपरएक्यूट अस्वीकृति को ट्रिगर करने वाले जीन को खत्म करना, इष्टतम प्रदर्शन के लिए मानव में प्रत्यारोपण को सफलतापूर्वक प्रबंधित करने के लिए चिकित्सकीय रूप से अनुमोदित प्रतिरक्षादमनकारी दवाओं के साथ पर्याप्त हो सकता है।

## शहर >> अपडेट

### यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण कीट का वितरण

**महेशपुर :** सीएचसी महेशपुर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र डीबीएल कोल कंपनी अमडापाड़ा की ओर से प्रखंड के विभिन्न गांव के 100 यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण कीट का वितरण की गई। वितरण डॉ. अंजनी कुमार भगत तथा बीएएम शैलेश कुमार ने संयुक्त रूप से की. वही चिकित्सकों ने बताया कि निक्षय मित्र के द्वारा प्रत्येक यक्ष्मा मरीजों को 600 रुपये का पोषण किट छह महीने तक दी जाएगी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### दुष्कर्म करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**रजरप्पा :** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला के साथ जबरन दुष्कर्म करने के मामले में छोटकी लारी निवासी बिहारी गोस्वामी पिता सुबेश गोस्वामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। इस संदर्भ में रजरप्पा थाना के अवर निरीक्षक संजय कुमार नायक ने बताया कि आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। उस पर एक महिला के साथ छेड़छाड़ व जबरन दुष्कर्म करने का आरोप एक महिला द्वारा लगाया गया था। जिसके बाद आरोपी पर धारा 448,354, 376 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### सदर प्रखंड में निकाला गया तिरंगा सम्मान यात्रा

**चतरा :** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत चतरा सदर प्रखंड कार्यालय परिसर से तिरंगा सम्मान यात्रा निकाला गया।यह यात्रा बीडीओ गणेश रजक , जांगी पंचायत के मुखिया बलदेव साहू, व गोढाई पंचायत के मुखिया के नेतृत्व में तिरंगा संम्मान यात्रा निकाला गया।यह तिरंगा सम्मान यात्रा चतरा सदर प्रखंड कार्यलय से निकाला गया जो पोस्ट ऑफिस चौक, फसिहारी तलाव सहित अन्य स्थानो का भ्रमण किया गया।इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा अपने गांव की मिट्टी को कलश में भरकर मुखिया द्वारा वीडिओ को समर्पित किया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### गोमिया क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मना स्वाधीनता दिवस

**बेरमो /गोमिया :**गोमिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं इसके आस पास के छेत्र में 77वा स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम व हरसोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े,गोमिया थाना में थाना प्रभारी राजेश रंजन,आई आई ई एल थाना थाना प्रभारी अभिषेक महतो,बाल विकास कार्यालय में सी डी पी ओ अलका रानी,व्यापार मंडल रणविजय सिंह,गोमिया स्वास्थ्य केन्द्र जितेंद्र कुमार,इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कपिल कुमार,अंचल अधिकारी संदीप अनुराग टोपनो ,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष लुदू मांझी ,उपाध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित थे.वहीं स्वांग वाशरी पी ओ ए के श्रीवास्तव, पलिहारी पंचायत भवन मुखिया सपना कुमारी,स्वांग दक्षिणी पंचायत भवन मुखिया,स्वांग उत्तरी मुखिया बिनोद विश्वकर्मा,जे एम एम के जिला उपाध्यक्ष मुमताज आलम के आवासीय कार्यालय में मुमताज आलम ,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने अपने आवासीय कार्यालय में झंडोतोलन किया।

### सत्यानंद भोक्ता ने किया झंडोत्तोलन

**चतरा :** 77वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्य कार्यक्रम स्थल जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित हुई। बतौर मुख्य अतिथि माननीय मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार सत्यानंद भोक्ता ने स्टेडियम पहुंच कार्यक्रम में भाग लिया। उपायुक्त श्री अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने मंत्री का स्वागत किया। जिसके पश्चात परेड निरीक्षण का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, परेड निरीक्षण जीप पर सवार होकर माननीय मंत्री,उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया।

**बैठक** > दिसंबर माह में प्रबंधन को दिए गए मांग पत्र पर क्या-क्या सहमति बनी नहीं दिया गया यूनियन को मिनट्स

# यूनाइटेड कॉल वर्कर्स की पिट मीटिंग संपन्न

▶▶ मिनट्स यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाए

राष्ट्रीय खबर



**गिद्दी :** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में गिद्दी सी परियोजना के कार्यशाला में एक पिट मीटिंग का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता विजय कुमार ने की। इस पिट मीटिंग में सबसे पहले विगत दिसंबर माह में 22 मजदूरों की समस्याओं से संबंधित एक मांग पत्र गिद्दी सी प्रबंधन को सौंपकर समाधान की मांग की गई थी। मांगो पर किस किस मुद्दे पर सहमति बनी इसका मिनट्स यूनियन को प्रबंधन द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है।साथ ही मजदूरों की ज्वलंत समस्याएं जैसे 16फरवरी से 28फरवरी तक 11दिनों का बकाया वेतन का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है इसका यथाशीघ्र भुगतान कराई जाए। एवं कैडर स्किम पूरा कर चुके मजदूरों का प्रमोशन देने कर्मशाला परिसर में शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था करने, सिकंदर केटगरी 1का 325 दिनों का बकाया वेतन का भुगतान करने, गिद्दी सी में कम्युनिटी हॉल का निर्माण करने, कॉलोनी में गार्वेज सहित नाली की साफ सफाई करवाने,रविवारीय ड्यूटी में पारदर्शिता बरतने,सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने समेत 27मुद्दों पर प्रबंधन की नकारात्मक एवं उदासीन रवैया पर यूनियन के नेताओं द्वारा अपना अपना विचार रखा गया।

यूनियन द्वारा प्रबंधन को चेताया गया है कि उपरोक्त यूनियन की मजदूरों की समस्याओं का क्या समाधान निकाला गया।इससे संबंधित मिनट्स यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाए।अन्यथा प्रबंधन के खिलाफजेपीएनसिंहा जोरदार ढंग से श्रृंखलाबद्ध आंदोलन चलाने की स्पष्ट चेतावनी दी गयी।पिट मीटिंग को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से कॉ। मंगरु महतो, कन्हैया सिंह, विंध्याचल बेदिया, जे पी एन सिन्हा शामिल थे। जबकि अनिल मांझी, लालदेव गंझू,सुरेश महतो, घनश्याम महतो, सुखु मांझी, बीरेंद्र कुमार,संजीत कुमार बेदिया, अजय शर्मा, लाली महतो, सिकंदर, जगेश्वर महतो, चारो मांझी, आसीन मांझी, सावना मांझी, अर्जुन कुमार महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## डीसी ने की जिला कारा समिति की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कारा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कारा समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ उपकारा रामगढ़ में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त ने उप कारा रामगढ़ में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

डुमरी विधानसभा उपचुनाव और

## अगामी लोकसभा की 14 सीटें एनडीए प्रत्याशी की जीत होगी : कर्मवीर



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और राज्य सभा सांसद व प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू का फुसरो मे कार्यकताओं ने गर्मजोशी के स्वागत किया। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और राज्य सभा सांसद व प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने बुधवार को 16 वी लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय के फुसरो स्थित आवासीय कार्यालय प्रेस को बताया कि राज्य में भाजपा और आजसू दोनों पार्टियां एकजुट होकर चुनाव लड़ने को तैयार हैं। देश में 'इंडिया' बनाम 'एनडीए' के लिए जिस तरह की मोर्चेबंदी हो रही है, उसकी एक छोटी सी झांकी डुमरी के उपचुनाव मे दिखेगी। कहा, हम डुमरी विघानसभा उपचुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटें जीतेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एक मजबूत सरकार बनाएंगे। इसके पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दिया। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं से परिचय प्राप्त किया। मौके पर 16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष जगरनाथ राम, मजदूर नेता रविंद्र कुमार मिश्रा, जिला महामंत्री सह टुंडी विघान सभा प्रत्याशी बिक्रम पांडेय सहित दिनेश पांडेय, टुनटुन तिवारी, वैभव चौरसिया, दिनेश सिंह, भाई प्रमोद सिंह,भरत वर्मा, मेहन्दी सिंहा, रमेश स्वर्णकार, आशुतोष कुमार, शिव प्रकाश पांडेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### पुर्व प्रमुख ने आईटीआई दुग्दा में ध्वजारोहण किया



**बेरमो :**चंद्रपुरा प्रखंड की पूर्व प्रमुख अनिता गुप्ता ने श्रम शक्ति आईटीआई दुग्दा में ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि आज भारत अपना 77वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, लेकिन हमें करीबन 150 वर्षो बाद अंग्रेजों के चंगुल से आजादी मिली थी। आज भारत आजादी का 77वां अमृत महोत्सव मना रहा है, लेकिन सबसे पहले हमें उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करना चाहिए, जिन्होंने इस देश को आजाद कराने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। कहा कि अनेकता में एकता का होना बहुत मायने रखता है। जिस तरह कदम से कदम मिलाकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी है। ठीक उसी प्रकार कदम से कदम मिलाकर हर समस्या का हल तलाशना है।

# स्वतंत्रता दिवस पर बेरमो में शुरू हुआ 'मेरे घर आकर तो देखो' अभियान



राष्ट्रीय खबर

**बेरमों :** मेरे घर आकर तो देखो राष्ट्रीय अभियान के तहत 16 अगस्त को बोकारो जिला के बेरमो अंचल अंतर्गत बेरमो पूर्वी पंचायत के रविदास बस्ती में गणपत रविदास ने मुस्लिम दोस्तों को अपने घर पर बुलाया। अफजल अनीश नौशाद अख्तर मोहम्मद जावेद मोहम्मद शमी अहमद शेर मोहम्मद,मोहम्मद गुलबास अंसारी के अलावा सुबोध सिंह पवार मुन्ना सिंह रतन निषाद वीरेंद्र पासवान रामचंद्र रविदास उपस्थित थे। गणपत रविदास के घर की महिलाएं नाश्ते का व्यवस्था कर रही थी वहीं गणपत रविदास के भतीजे चाय नाश्ता पानी लगाने में सहयोग कर रहे थे। शेर मोहम्मद ने बचपन की यादों को ताजा करते हुए कहा कि एक समय था कि हमारे और कुरपनिया के रहने वाले एक हिंदू परिवार के बीच सहिया हुआ करता था। छठ का प्रसाद एक टोकरी घर पर आया करता था। हम दोस्तों के बीच हिंदू मुस्लिम का कोई भेद ही नहीं रहता था।जबकि गणपत रविदास ने कहा की हमारा बचपन मुस्लिम दोस्तों के साथ खेलते हुए बिता है। कभी भी भेदभाव नहीं रहा है।

वर्तमान समय में कुछ लोग हमारे बीच नफरत फैलाना चाहते हैं उसे हमलोग कामयाब नहीं होने देंगे। हमसब उस नफरती विचारधारा से लड़ेंगे।सुबोध सिंह पवार ने कहा कि आज भी हमारे समाज में मिशाल है की हिंदू परिवार ने मुसलमानों को और मुस्लिम परिवार ने हिंदू परिवारों को मदद की है सुरक्षा दिया है। मेवात और नूह में भी यह देखने को मिला है। कुछ लोग घिनौना खेल खेलकर हमारे देश का जो खूबसूरत चेहरा है उसे बदसूरत करने पर तुले हैं। हमलोगों को वैसे लोगों के खिलाफ प्रतिकार कर खड़ा होना होगा। नौशाद अख्तर ने कहा कि हाल के कुछ वर्षों में इस तरह के माहौल बने हैं कि हमारे बीच एक दूसरे के खिलाफ दूरियां पैदा करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे हालात में मेरे घर आ के तो देखो अभियान की महत्ता बहुत बढ़ जाती है। आज जब मैं गणपत रविदास के घर आया तो मैं बहुत भावुक हो गया। ऐसा लगा कि अपने भाई के घर आया हूं। मैं भी आप सभी साथियों को अपने घर आमंत्रित करता हूं।आपस में लगातार संवाद जरूरी है। अफजल अनीस ने कहा कि हमारे देश की खूबसूरती ही यही है कि देश में विभिन्न संस्कृतियों,भाषा,धर्म मजहब के मानने वाले लोग रहते हैं। इसके बाद भी अनेकता में जो एकता है वह देश को महान बनाता है।

**निर्देश** > जिले में स्वास्थ्य सेवाएं जल्द ही और भी मजबूत होने वाली है

# डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया हुई तेज: उपायुक्त

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** जिले में स्वास्थ्य सेवाएं जल्द ही और भी मजबूत होने वाली है। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल के निर्देश पर जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है। कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के पदों के लिए उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। जिले में जल्द ही छह डॉक्टरों की नियुक्ति होने वाली है। जिसमें एक फिजिशियन, एमडी, एक आर्थोपेडिक सर्जन, एक जनरल सर्जन, एक बाल रोग विशेषज्ञ, एक एनेस्थेटिस्ट (अंशकालिक), एक नेत्र सर्जन(अंशकालिक) शामिल है। उक्त पदों के लिए इच्छुक उम्मीदवारों के लिए 26.08.2023 को सुबह के 10 बजे से 11 बजे तक उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में प्रमाणपत्र सत्यापन समय व तिथि निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए निर्धारित परफॉर्मा वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। उपरोक्त रिक्ति के संबंध में किसी भी तरह की जानकारी मोबाइल और इ ँ म ा े ल । 8002466611/911371389 2 या ईमेल आईडीपर किया जा सकता है। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में स्वास्थ्य सुविधा प्रभावित होने नहीं दिया जाएगा। जिले के लोगों को जिले में ही और भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। जिले में जल्द ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की बहाली की जा रही है। ताकि जिले वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिले। कहा कि मेरा प्रयास है की चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अधिक से अधिक सुधारात्मक कार्य किया जाए।

### गलत तरीके से जमीन की म्यूटेशन पर आज होगी ग्राम सभा

**रामगढ़ :** 17.18 एकड़ भूमि के गलत तरीके से म्यूटेशन का आदेश दिए जाने संबंधित तथाकथित आरोप की जांच हेतु आयुक्त उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल हजारीबाग द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में कल दिनांक 18 अगस्त 2023 को रामगढ़ जिला अंतर्गत रामगढ़ अंचल के कुंदरूखुर्द मौजा में ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। गौरतलब हो कि ग्राम सभा के आयोजन का विषय उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी का न्यायालय, रामगढ़ द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत अंचल रामगढ़, मौजा कुंदरूखुर्द, थाना संख्या 120, खाता संख्या 77, कुल रकबा 17.18 एकड़ भूमि के दाखिल खारिज रिवीजन वाद संख्या 66/ 2022 अंकित पोद्दार वगैरह बनाम राज्य सरकार तथा दाखिल खारिज रिवीजन वाद संख्या 67/ 2022 शरद पोद्दार वगैरह बनाम राज्य सरकार वाद के पारित आदेश की जांच प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा की जा रही है। इस संबंध में उपरोक्त वाद में पारित आदेश के संबंध में कोई आपत्ति हो या कोई साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो संबंधित दिनांक 24 अगस्त 2023 तक आयुक्त कार्यालय उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल, हजारीबाग में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित आपत्ति दे सकते हैं होगा।। इसके साथ ही आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी मठों की सूची पता सहित उपलब्ध कराने एवं मामले की विस्तृत जांच हेतु भूमि सुधार उपसमाहर्ता रामगढ़ के न्यायालय द्वारा पारित आदेश में अंकित पंकज कुमार, महेश महतो, जिलानी खान एवं नरेश कुमार के पिता का नाम व पता उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है।

### ओरियन स्कूल में एक दिवसीय हाइजीन कैंपेन आयोजित



**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** सरोज देवी फाउंडेशन के तहत ओरियन स्कूल केदला 2 नंबर के तत्वाधान में बुधवार को एक दिवसीय हाइजीन कैंपेन चलाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हेमंती देवी उपस्थित हुई। इसमें मासिक धर्म के दौरान स्वस्थ कैसे रहें, दूसरों को स्वस्थ रहने के बारे में जागरूक करने, मासिक पीरियड के दौरान विशेष ध्यान देने, पीरियड के समय कौन सा नैपकिन का प्रयोग करने एवं नैपकिन को कितने देर तक रखने जैसे बातों को बताया गया। इसके उपरांत हाइजीन से संबंधित क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें अच्छे जवाब देने वाली पांच बच्चियों को सेलेक्ट करके उनको पुरस्कृत किया गया। मौके पर इचाकडीह पंचायत पंसस छाया कुमारी रजवार, आरसीएम के रॉयल्टी शंकर प्रसाद महतो एवं उनकी पत्नी रूबी देवी, मेघलाल महतो, इचाकडीह पंचायत पूर्व मुखिया प्रतिनिधि देवनंदन रजवार, वार्ड सदस्य दुर्गा हेमब्रोम, स्कूल के प्राचार्य सुरेंद्र महतो, विकास, रमेंद्र, दीपक, वीरेंद्र, राम प्रवेश, लीला रीता, दुर्गा, नेहा, संध्या, रुमा, संजु, देवकी सहित सैकड़ों के तादाद में बच्चियां मौजूद थे।

### जिला परिषद संतोष पांडे ने लिया सफाई कर्मी के बेटे को गोद



**बेरमो :**चंद्रपुरा जिप संख्या 12 के जिला परिषद संतोष पांडे ने पेश किया दरिया दिली का मिसाल। दुग्दा दक्षिणी पंचायत के सफाई कर्मी प्रेम नगर पहाड़ी निवासी महावीर डोम के बेटे को गोद लिया । उसकी पढ़ाई करने के लिए विद्या मंदिर विद्यालय में उसका दाखिला करवाया। 12वीं क्लास तक पठन-पाठन के साथ स्कूल शुल्क का सारा खर्चा श्री पांडे उठाएंगे।मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चे के पिता की आर्थिक स्थिति व खराब स्वास्थ को देख पढ़ाई छोड़कर पुत्र राजीव कुमार कचरा उठाने में पिता का सहयोग करता था। जिसे देख नेक दिल जिला परिषद संतोष पांडे से रहा नहीं गया और पहुंच सफाई कर्मी महावीर डोम के घर पहुचा जहां सारे स्थिति से अवगत होकर सफाई कर्मी के बेटे को गोद लेकर 12वीं क्लास तक पढ़ने का सारा जिम्मा अपने सर लेकर, बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय दुग्दा में दाखिला करवा दिया। जिससे सफाई कर्मी के परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है।दुसरी तरफ इस बाते के क्षेत्र में फैलते ही श्री पांडे चर्चा का विषय बने हुए हैं लोग उसकी इस कार्य के लिए जमकर प्रशंसा कर रहे हैं।

### ललपनिया में आदिवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म



**बेरमो :**बेरमो अनुमंडल के ललपनिया थाना क्षेत्र में एक आदिवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने 16 अगस्त बुधवार की देर शाम ललपनिया थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दी। बताया गया कि 17 वर्षीय किशोरी 15 अगस्त की शाम को किसी कार्यक्रम से अपने घर लौट रही थी। रास्ते में केरी और अय्यर गांव के बीच एक युवक ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। आरोपी युवक पिंडराजोरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वह डीप बोरिंग करने वाली टीम के साथ ललपनिया के अय्यर गांव आया था। लड़की को अकेली पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस संबंध में गोमिया अंचल के इंस्पेक्टर महेश सिंह ने बताया कि पीड़िता के परिजन थाना पहुंचे हैं। पुलिस इस मामले में त्वरित कार्रवाई करेगी।

### पूर्व विधायक ने आदिम जनजाति के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



**बेरमो :** गोमिया के सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। गोमिया के पूर्व विधायक माधवलाल सिंह ने प्रखंड की कुन्दा पंचायत खखंडा और तुलबुल पंचायत के बिरहोर टंडा गांव में आदिम जनजाति के बिरहोर समुदाय के लोगों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। आदिम जनजाति की विधवा महिलाओं को साड़ी बांटी और अन्य लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया। उन्होंने बिरहोरों की समस्याओं की जानकारी ली आर उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास का आश्वासन भी दिया। सिंह ने कहा कि देश 77वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, लेकिन आदिम जनजाति समुदाय के लोगों का जो विकास होना चाहिए वह अभी तक नहीं हुआ है। अर्थव्यवस्था के मामले में प्रगति का जितना भी ढ़िंढोरा पीटा जाए, लेकिन जब तक गरीबों को दो वक्त की रोटी, कपडा और मकान नहीं मिल जाता है, तब आर्थिक मामले का डंका बजाने से कोई फायदा नहीं है। मौके पर जब्बार असांरी, कृष्णा साव, आकाश रवानी, बासदेव यादव, अंकुश भंडारी आदि मौजूद रहे।

संपादकीय

# गरीबों को घर या रियल एस्टेट की परोक्ष मदद

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शहरी गरीबों को शहरों में घर बनाने में मदद करने के लिए एक योजना की घोषणा एक संकेत है कि सरकार शहरी आवास की कमी की समस्या के समाधान के लिए एक और योजना शुरू करने जा रही है। पांच महीने पहले भी, इसका रुख यह था कि स्वीकृत घरों के शीघ्र पूरा होने पर ध्यान देने के साथ, दिसंबर 2024 तक प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के विस्तार के बाद किसी भी नई आवास योजना की परिकल्पना नहीं की गई थी। लेकिन पीएमएवाई-यू के मूल्यांकन के कारण रुख में बदलाव आ सकता है। इससे यह भी पता चलता है कि सभी के लिए आवास अभी भी बहुत दूर है। कुछ इसी तरह हर घर शौचालय योजना पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। लोकसभा चुनाव के करीब आने के दौरान ही इसके एलान को चुनावी राजनीति से जोड़कर देखा जा सकता है। पीएमएवाई-यू के लॉन्च के बाद से पिछले आठ वर्षों में, स्वीकृत घरों में से केवल दो-तिहाई, या लगभग 1.19 करोड़ स्वीकृत घरों में से 76.25 लाख घर या तो पूरे हो गए थे या 14 अगस्त तक



सौंप दिए गए थे। जारी की गई केंद्रीय सहायता थी 1.49 लाख करोड़; केंद्र की हिस्सेदारी 24.4 प्रतिशत तक सीमित कर दी गई है जबकि राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत है। शेष, लगभग 60 प्रतिशत, लाभार्थियों से आना है। मूल रूप से प्रस्तावित 1.23 करोड़ घरों के लिए 8.31 लाख करोड़ के अनुमानित कुल निवेश में से, लाभार्थियों (शहरी गरीबों) को 4.95 लाख करोड़ खर्च करने होंगे। प्रस्तावित योजना के तहत, लाभार्थियों की हिस्सेदारी को कम से कम 40 प्रतिशत तक लाया जाना चाहिए, जैसा कि एक संसदीय समिति की रिपोर्ट में बताया गया है, क्योंकि लाभार्थी अपनी कम आय के कारण अपने हिस्से का पूरा भुगतान करने की स्थिति में नहीं हैं। हालांकि कुछ राज्य सरकारें ऐसे लाभार्थियों को बैंक ऋण तक पहुंचने में मदद करने की कोशिश करती हैं, लेकिन वित्तीय संस्थान निरंतर आय के प्रमाण की कमी का हवाला देते हुए अपनी प्रतिक्रिया में उदासीन रहे हैं। संसदीय समिति ने भी पीएमएवाई-यू के कार्यान्वयन पर सुविचारित सुझाव दिए हैं और सरकार को प्रस्तावित योजना तैयार करते समय उनकी जांच करना अच्छा रहेगा। समिति की सबसे महत्वपूर्ण सिफारिश देश भर में समान और निश्चित सहायता को समाप्त करने की आवश्यकता पर है, जैसा कि पीएमएवाई-यू में किया गया है, और इसके बजाय स्थलाकृति और अन्य कारकों के आधार पर एक लचीली व्यवस्था को अपनाया जाना चाहिए। मकानों की खराब गुणवत्ता और खालीपन की व्यापकता के पीछे के कारणों पर भी गौर किया जाना चाहिए। उच्च भूमि लागत, फ्लोर स्पेस इंडेक्स प्रतिबंध और विभिन्न एजेंसियों से एकाधिक प्रमाणीकरण ऐसे कारक हैं जो शहरी आवास की सफलता को निर्धारित करते हैं। इसके लिए राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों, शहरी नियोजन निकायों, शहरी क्षेत्र के पेशेवरों, वित्तीय संस्थानों और कार्यकताओं जैसी संबंधित एजेंसियों के साथ केंद्र सरकार द्वारा आयोजित चर्चा की आवश्यकता है, क्योंकि केंद्र सरकार के पास नई योजना तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है। इस बार, उद्देश्य एक अचूक योजना का मसौदा तैयार करना होना चाहिए ताकि 'सभी के लिए आवास' अब एक नारा न रह जाए बल्कि भविष्य में एक वास्तविकता बन जाए। भारत का रियल एस्टेट बाजार दुनिया में सबसे गतिशील और सबसे तेजी से बढ़ने वाले बाजारों में से एक है। जबकि हाल के वर्षों में इसमें तेजी से विकास देखा गया है, 2020-22 की अवधि के दौरान महामारी से उत्पन्न अप्रत्याशित समस्याओं ने इस क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन ला दिया और कई चुनौतियों का सामना किया। हालाँकि, दुनिया के अन्य रियल एस्टेट बाजारों की तुलना में इसने काफी तेजी से सुधार किया है, मांग में तेजी आई है। एक हालिया उद्योग रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक भारत में 1 ट्रिलियन डॉलर की रियल एस्टेट बिक्री होगी, जो 2025 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 13 प्रतिशत का योगदान देगी। भारत के रियल एस्टेट बाजार में भारी उछाल के पीछे कुछ कारक हैं। अपने आधे से अधिक नागरिकों के शहरों में रहने के साथ, भारत दुनिया के सबसे अधिक शहरीकृत देशों में से एक है। जैसे-जैसे अधिक से अधिक लोग रोजगार और बेहतर अवसरों की तलाश में महानगरीय क्षेत्रों में स्थानांतरित हो रहे हैं, यह प्रवृत्ति आगामी वर्षों में भी जारी रहने की उम्मीद है। इसलिए यह सवाल भी स्वाभाविक है कि क्या सरकार सस्ते दर पर कर्ज देने के नाम पर आम जनता का पैसा अब रियल एस्टेट कारोबारियों तक पहुंचाना चाहती है। कोरोना महामारी से ध्वस्त पारिवारिक अर्थव्यवस्था से उभरता भारतीय मध्यम वर्ग किसी तरह पटरी पर लौटा है। इसके बीच कई कारणों से वह केंद्र सरकार के फैसलों से बहुत नाखुश है। ऐसे में मकान की लालच वाकई कल्याणकारी योजना है अथवा पिछले दरवाजे से बड़े कारोबारियों की मदद की चाल है, इस बात को समझने की आवश्यकता है।

# भ्रष्टाचार में डूबी अनियोजित सिवरेज प्रणाली झेलने को मजबूर जनता

देश के बड़े भाग में पिछले दिनों बाढ़ व जलभराव के दृश्य देखने को मिले। हरियाणा पंजाब व हिमाचल के तो बहुत से ग्रामीण व शहरी इलाके अभी तक भारी बारिश व जल भराव का सामना कर रहे हैं। जहाँ जहाँ जमीन का स्तर नीचा है वहां अभी भी जलभराव के दृश्य देखे सकते हैं। रुका हुआ पानी काला हो गया है तथा पास पड़ोस के लोग सड़ांध भरी दुर्गन्ध में जीने के लिए मजबूर हैं। शहरों में बारिश और जलभराव के सीधे प्रभाव से जहां नालियां व नाले उफान पर रहते हैं और अतिप्रवाहित (ओवर फ़्लो) होकर बहते हैं वहीं सीवरेज प्रणाली भी जवाब दे जाती है। बारिश में देश के विभिन्न राज्यों में सीवर के मेनहोल के ओवर फ़्लो होकर बहने के नजारे देखे जा सकते हैं। जिससे लोगों का रास्ता चलना दुश्वार हो जाता है। पूरे प्रभावित क्षेत्र में प्रदूषण व दुर्गन्ध का माहौल रहता है।



बेशक देश में बढ़ती आबादी के मद्देनजर सीवरेज प्रणाली मल मूत्र निपटाने की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुगम एवं निर्बाध व्यवस्था है। परन्तु यही व्यवस्था यदि गलत योजना का शिकार हो जाये तो नागरिकों के लिये सुविधा के बजाये बड़ी असुविधा का करक बन जाती है। और खुदा न ख़्वास्ता अनियोजित सीवरेज प्रणाली होने के साथ साथ इसके निर्माण में भारी भ्रष्टाचार भी हुआ हो फिर तो ऐसी योजना को जनता के लिये नासूर ही समझा जा सकता है। ऐसी योजनायें केवल बारिश ही नहीं बल्कि प्रत्येक ऋतु में बाधित व कष्टदायक रहती हैं। उदाहरण के तौर पर हरियाणा के अंबाला सहित अन्य कई शहरों में बिछाई गयी सीवरेज प्रणाली तो पूरी तरह से फेल हुई दिखाई देती है। यहां कभी कभी बिना बारिश के ही सीवर लाइन का प्रवाह बाधित हो जाता है। इसमें कई तकनीकी खामियां हैं। उदाहरण के तौर पर सीवरेज लाइन में ही सड़कों पर बहने वाली नालियों यहाँ तक कि नालों को भी कई जगह जोड़ दिया गया है। आम तौर पर लोगों ने अपने घरों की जल निकासी का पाईप भी सीवर में होल में जोड़ दिया है। परिणाम स्वरूप नालियों की प्लास्टिक कपड़ा बोतल व अन्य कचरा कबाड़ भी नाली के माध्यम से सीवर पाइप लाइन में चला जाता है। और सीवर लाइन के परवाह को बाधित करता है। कहीं भी सरकार की ओर से ऐसी व्यवस्था नहीं है कि नाली से सीवर में जाने वाले पानी के साथ बहने वाले कचरे कबाड़ को किसी जाली या बाधा से रोका जा सके।



**निर्मल रानी**
**स्तंभकार**

दूसरी समस्या यह है कि भूतलीय सीवर पाईपलाइन अपेक्षाकृत कम क्षमता वाली बिछाई गयी है। निरंतर बढ़ती आबादी के मद्देनजर इसे आने वाले समय व जरुरत के अनुरूप बनाना चाहिये था। परन्तु अफसोस तो यह कि जिस समय इसे बिछाया जा रहा था तभी से इस बात की चर्चा जोरों पर थी कि जिस ढंग से इस योजना को कार्यान्वित किया जा रहा है उसे देखकर इस सीवर प्रणाली का सफल होना मुश्किल ही लगता है। जगह जगह मेनहोल पर लगे मेन होल कवर आपको टूटे फूटे मिल जायेंगे। कई टूटे ढक्कनों के लोहे के रिंग बाहर निकले होते हैं। कई मेनहोल के पास गड्ढे होते हैं। इनमें कई बार स्कूटर व साईकिल सवार गिर कर घायल हो चुके हैं। तमाम जगहों पर तो सीवर मेन होल कवर और सड़क के लेवल में इतना अंतर है कि दुर्घटना हो जाती है। कहीं मेन होल कवर जमीन की सतह से ऊपर निकला है तो कहीं लेवेल से इतना नीचे है कि वहां गड्ढा सा बना हुआ है। इसी तरह मुख्य मार्गों पर पड़ने वाले वे बड़े मेनहोल जिनमें कई दिशाओं की सीवर पाइप लाइन जुड़ती है वह तो कई जगह पर पूरा जंकशन बॉक्स ही बैठा मिलता है। नतीजतन वहां बड़ा गड्ढा बन जाता है। इसकी मुरम्मत का काम भी आसान नहीं। नियमानुसार इस जगह नये जंक्शन के निर्माण का नये सिरे से टेंडर होता है। जब तक वह सरकारी औपचारिकताएं पूरी नहीं होतीं तब तक राहगीर,ट्रैफिक सभी परेशानी में पड़े रहते हैं।इसके अतिरक्त सबसे बड़ी बात यह कि तब तक उस क्षतिग्रस्त स्थान से जुड़ने वाली सभी दिशाओं की सीवर लाइंस ओवर फ़्लो रहती हैं। कई जगह जमीन के बराबर लेवल पर बने पुराने मकानों में तो सीवर का पानी घरों में वापस आ जाता है। भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी यह फेल सीवरेज व्यवस्था तथा भ्रष्टाचार में ही डूबी शहरों की नाला व नाली निर्माण योजना का ही दुष्परिणाम है कि सीवर और नालियों का गन्दा पानी नालियों से रिसकर लोगों के घरों में इकठ्ठा होता रहता है। सीवर व नालियों के बाधित (चोक) होने की स्थिति में यह कुछ ज्यादा ही रिसता है। परिणामस्वरूप लोगों के घरों की बुनियादें कमजोर होती हैं। घरों की दीवारों में सीलन रहती है और दीमकों का वास होने लगता है। बीमारी के फैलने का खतरा बना रहता है और दुर्गन्ध अलग पसरी रहती है। इसी बाधित सीवर व नालियों के ही नतीजे में जलापूर्ति की लीक लाइनों में भी गंदिगी प्रवेश कर जाती है।

जनता के साथ इससे बड़ा अन्याय और क्या हो सकता है कि चाहे सीवर प्रणाली लोगों के लिये सुविधा के बजाये घोर असुविधा क्यों न पैदा कर रही हो परन्तु सम्बद्ध प्रशासन को उसका नियमित व निर्धारित भुगतान जरूर समय पर चाहिये। यदि देरी हुई तो जुरमाना। इसी तरह भ्रष्टाचार से बनी नालियों का पानी आपके घरों में रिसकर जा रहा हो फिर भी संबद्ध प्रशासन को गृह कर व नाली आदि के कर जरूर समय पर चाहिये। सड़कों में जितने चाहे गड्ढे हों और जितने लंबे समय तक क्यों न हों,लोग घायल हों या मरें ,सरकार की बला से, परन्तु सरकार को रोड टैक्स पूरा चाहिये। बल्कि इनमें समय समय पर इजाफा भी होता रहता है। परन्तु असहाय व असंगठित जनता कभी धर्म तो कभी जातियों के नाम पर बंटकर इस भ्रष्ट व्यवस्था के कर्णधारों की लूट खसोट की सुनियोजित साजिश का शिकार हो जाती है और जीवन के सबसे जरूरी मूल मुद्दों से उसका ध्यान भटक जाता है। यही वजह है कि जनता भ्रष्टाचार में डूबी अनियोजित सीवरेज प्रणाली को भी झेलने के लिये मजबूर है।

# क्षत्रिय और पड़ोसी मित्र

प्रेरक प्रसंग

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्य बाला-मरदाना के साथ घूमते हुए एक नगर में पहुंचे। उस नगर से कुछ दूर पर एक बाग था, मरदाना जी ने आग्रह किया की गुरुदेव यही आसन लगा ले, नानक देव जी तैयार हो गए।
उस बाग का माली एक क्षत्रिय था, गुरु जी आये है जानकार वह नानक जी के दर्शन के लिए पंहुचा। और नानक देव जी को प्रणाम करके बैठ गया, कुछ देर तक वह क्षत्रिय बैठा रहा फिर चला गया।
इसी तरह वह रोज गुरु नानक देव जी के दर्शन के लिए आता और कुछ देर तक बैठा रहता फिर चला जाता। इस तरह रोजाना की दिनचर्या को देखकर उस क्षत्रिय के पडोसी ने पूछा कि आप



प्रतिदिन कहाँ जाते है। क्षत्रिय ने जवाब दिया कि एक महात्मा जी आये हुए है, मै रोजाना उन्ही के दर्शन के लिए जाता हूँ। इस बात को सुनकर पडोसी ने भी साथ चलने की इक्षा जताई, और दोनों साथ में गुरु नानक देव जी के दर्शन के लिए निकल पड़े। जब वे गुरूजी के दर्शन के लिए निकले तो रास्ते में एक वेश्या का घर पड़ा, जो क्षत्रिय था वह तो गुरूजी नानक देव के पास चला गया, परन्तु उसका पडोसी उस वेश्या के घर चला गया। क्षत्रिय के मन में गुरूजी के दर्शन के अलावा और कोई इक्षा नहीं थी इसलिए वह गुरूजी के पास चला गया। अब यही प्रक्रिया रोजाना चलने लगा। की पडोसी घर से निकलता और वेश्या के यहां चला जाता और क्षत्रिय सत्संग के लिए निकल जाता। एक दिन पडोसी के मन में भी सत्संग का फल जानने की इक्षा हुई।
और उसने क्षत्रिय से कहा की, आज जो भी पहले लौटेगा, वह दूसरे की प्रतिक्षा करेगा फिर हम आपस में कुछ बात करेंगें। .. .. ..जारी।

नजरिया

# देश से दूर मरनेवाले क्रांतिकारियों की कौन सोचे?

**गतांक से आगे ... ..** इसी समय बहादुर शाह जफर को देश का सम्राट घोषित किया गया। बख्त खान को सम्राट शाह जफर ने उन्हें सेना के वास्तविक अधिकार और साहेब ए आलम बहादुर (लॉर्ड गवर्नर जनरल) का खिताब दिया।
बख्त खान ने बहादुर शाह जफर को सुरक्षा प्रदान की। दिल्ली को अच्छा प्रशासन देने की कोशिश की। लेकिन दूसरे स्थान से आए सैनिक और राजपरिवार तथा दरबार के कुछ व्यक्तियों के षडयंत्र के उनका आगे कोई बस न चला।अंग्रेजों की षडयंत्र के तहत 20 सितंबर 1857 को अंग्रेजों ने बहादुर शाह जफर को गिरफ्तार कर रंगून जेल भेज दिया।



**अशोक मधुप**
**वरिष्ठ पत्रकार**

बहादुर शाह जफर को गिरफ्तार के बाद बख्त खान ने दिल्ली छोड़ दी । वह लखनऊ और शाहजहांपुर में विद्रोही बलों में शामिल हो अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध लड़ते रहे। अंतिम दिनों में बख्त खान स्वात घाटी में बस गए । 13 मई 1859 को गंभीर रूप से घायल हो गए। बख्त खान को वर्तमान पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दफनाया गया।
किसी देशवासी ने नही सोचा कि उनके शव को भारत वापस लाया जाए। उनको सम्मान के साथ दफनाकर भव्य स्मारक बनाया जाए।

**ऊधम सिंह को लंदन में फांसी दिए जाने के बाद यह अस्थि कलश 31 साल तक वहीं पड़ा था और बाद में इसे पंजाब लाया गया।उधम सिंह की डायरी और पिस्तौल हम आज तक लंदन से नही मंगा सके।**

पाकिस्तान में बख्त खान के नाम पर फिल्में बनी किंतु भारत में उनके नाम पर कुछ नही हुआ।
पूर्व मुख्य मंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सुनाम में शहीद की याद में बने म्यूजियम और पार्क का उद्घाटन किया। यहां ऊधम सिंह से जुड़ी यादों को संजोकर रखा गया है।म्यूजियम में शहीद ऊधम सिंह का अस्थि कलश भी रखा गया है। ऊधम सिंह को लंदन में फांसी दिए जाने के बाद यह अस्थि कलश 31 साल तक वहीं पड़ा था और बाद में इसे पंजाब लाया गया।उधम सिंह की डायरी और पिस्तौल हम आज तक लंदन से नही मंगा सके । न ही कोई प्रयास हुआ।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साल पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके नाम के द्वीप पर बनने वाले नेताजी को समर्पित राष्ट्रीय स्मारक के मॉडल का अनावरण किया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पराक्रम दिवस के अवसर पर देश के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देते हुए भारत के इतिहास में उनके अद्वितीय योगदान को याद किया। इसके बावजूद किसी को जापान से उनकी अस्थि लाने की याद नही आई। 1960 के उस प्रस्ताव की किसी को याद नहीं। दूसरी लोकसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा था। दो दिसंबर 1960 को निचले सदन में एक प्रस्ताव रखा गया कि जापान के रेंकोजी मंदिर से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की अस्थियों को भारत लाया जाए। नेताजी की अस्थियों के लिए दिल्ली के लालकिले का सामने एक भव्य स्मारक बनाने की भी बात उसमें थी। संसद के इस प्रस्ताव के संबंध में उसी दिन दो दिसंबर 1960 को नेहरूजी ने डॉ. बिधान चन्द्र रॉय को एक पत्र लिखा। विधान चन्द्र रॉय तब पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री थे। नेहरूजी का वह पत्र गोपनीय था। उसमें नेहरूजी ने लिखा कि नेताजी की अस्थियों को भारत लाने की कोशिश भारत सरकार तभी करेगी, जब नेताजी का परिवार उसके लिए पहल करे। यह बात तो समझ में आती है। लेकिन, इसी पत्र में वह नेताजी के लिए लालकिले के सामने स्मारक का प्रस्ताव ठुकरा देते हैं। नेहरू जी नही चाहते थे, स्मारक नही बना,सुभाष च्रद बोस के नाम पर दीप का नाम रखकर समर्पित राष्ट्रीय स्मारक बन गया किंतु जापान के मंदिर में रखी सुभाष चंद बोस की अस्थियां आज भी इस इंतजार में हैं कि उनका देश उन्हें वापस लेकर आए। प्रसिद्ध चौहान राजा पृथ्वीराज चौहान भारत के सम्मान रहे हैं। राजा पृथ्वीराज चौहान और मुहम्मद गौरी के बीच तराइन की दूसरी लड़ाई 1192 में हुई। तराइन के पहले युद्ध में परास्त होने वाले एवं बिना दंड छोड़ दिए गए मुहम्मद गौरी की विजय हुई।जनश्रुति के अनुसार मुहम्मद गौरी पृथ्वीराज चौहान को गिरफतार कर गजनी ले गया। पृथ्वीराज रासो का दावा है कि पृथ्वीराज को एक कैदी के रूप में गजनी ले जाया गया और अंधा कर दिया गया। उनके मित्र कवि चंद बरदाई ने गजनी की यात्रा की और मोहम्मद गौरी को चकमा दिया। इसमें पृथ्वीराज ने मोहम्मद की आवाज की दिशा में तीर चलाया और उसे मार डाला। कुछ ही समय बाद, पृथ्वीराज और चंद बरदाई ने एक दूसरे को मार डाला। इतिहासकार राजा पृथ्वीराज चौहान की मृत्यु के बारे में अलग- अलग बाते कहते हैं। उनकी मौत की सच्चाई आज तक पता नही चली।उनका अंतिम संस्कार कहां हुआ यह भी पता नहीं। .. ..**समाप्त।**

जानकारी

# मंदिर के कपाट



अगर रात के समय मंदिर के कपाट को बंद करने को धार्मिक तरीके से जोड़कर देखें तो मंदिर में मूर्तियों को स्थापित करने से पहले उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की जाती है। जिसके बाद से मंदिर में देवी-देवताओं का निवास माना जाता है। इसलिए रात में कपाट बंद करना, ईश्वर के सम्मान व देवताओं के आराम से जोड़ा जाता है। मान्यता के अनुसार, रात में देवी-देवता विश्राम करते हैं। इसलिए उनके विश्राम के लिए मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। वहीं सुबह कपाट खोलकर फिर से पूजा-पाठ शुरू हो जाता है।

**साफ-सफाई के लिए बंद होते हैं मंदिर के कपाट**

बता दें कि रोजाना पूजा -पाठ और अनुष्ठान को दैनिक प्रथाओं का एक जरूरी हिस्सा माना जाता है। ऐसे में रात में जब मंदिर के कपाट बंद हो जाते हैं, तो पुजारी को मंदिर में स्थापित मूर्तियों की साफ-सफाई का मौका मिल जाता है। ऐसे में अगले दिन की पूजा-पाठ के लिए मंदिर तैयार किया जा सकता है। साथ ही साफ-सफाई में कोई बाधा नहीं आती है।

# Xiaomi Mix Fold 3 लॉन्च



नई दिल्ली: .Xiaomi ने अपना थर्ड-जनरेशन फोल्डेबल स्मार्टफोन Xiaomi Mix Fold 3 चीन में लॉन्च कर दिया है। Xiaomi Mix Fold 3 चौथा हॉरिजॉन्टल फोन है जो टैबलेट बन जाता है। यह फिलहाल फोल्ड होने पर दुनिया का सबसे स्लिम फोल्डेबल हैंडसेट है। इस मामले में यह Ho»»for Magic V2 को भी मात देता है। यह छ्वूं ट्यून्ड कैमरा सिस्टम के साथ आता है। यह फोल्डेबल नए हिंज और नए डिजाइन के साथ लाया गया है। आइए शाओमी मिक्स फोल्ड 3 के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस के बारे में विस्तार से जानते हैं।iomi Mix Fold 3 के 12GB + 256GB वेरिएंट की चीन में कीमत ¥8,999 (लगभग 1,03,225 रुपये) है। वहीं 16GB + 512GB वेरिएंट चीन में ¥9,999 (लगभग 1,14,463 रुपये) में उपलब्ध है। इसके अलावा 16GB + 1TB वेरिएंट को चीन में ¥10,999 (लगभग 1,26,117 रुपये) में खरीदा जा सकता है। यह फोल्डेबल स्मार्टफोन चीन में प्री-आर्डर के लिए 16 अगस्त से उपलब्ध होगा।Xiaomi Mix Fold 3 में 8.03-इंच की E6 OLED फोल्डेबल स्क्रीन है, जिसका 2K रेजोल्यूशन है। यह डिस्प्ले वळ्ऋ प्रोटेक्शन के साथ आती है। वहीं इसमें 6.56 इंच की FHD+ एक्सटर्नल डिस्प्ले दी गई है, जिसका आस्पेक्ट रेशियो 21:9 FHD+ है। यह डिस्प्ले कोर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस प्रोटेक्शन के साथ आती है। दोनों डिस्प्ले में ए6 मैटेरियल का इस्तेमाल किया गया है और 120Hz तक रिफ्रेश रेट के साथ डॉल्बी विजन का सपोर्ट करती हैं। इन दोनों डिस्प्ले की अधिकतम पीक ब्राइटनेस 2600 निट्स और ग्लोबल ब्राइटनेस लेवल 1300 निट्स तक है। ये स्मार्टफोन ड्यूल स्टीरियो स्पीकर्स के साथ आते हैं। ऑपरेटिंग सिस्टम की बात करें तो यह स्मार्टफोन एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड MIUI 14 फोल्ड पर काम करता है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"हम इस देश के लिए अपना योगदान दे रहे हैं, हम अपने लिए यहां नहीं आए हैं। राजनीति एक सेवा है। गांधी जी को क्या मिला। न वह इस देश के प्रधानमंत्री बने और न ही राष्ट्रपति। लेकिन अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया, भारत को आजादी दिलाई।"
**मल्लिकार्जुन खडगे**
कांग्रेस अध्यक्ष





"एक नई कहानी और नई चुनौती के साथ हम बेहतरीन प्रोजेक्ट पर काम करने वाले हैं। इसके लेकर उत्साहित हूं। इस फिल्म में इंडस्ट्री की एक और बेहतरीन अभिनेत्री मेघाश्री के साथ काम करने को मिल रहा है।"
**राहुल शर्मा**
बॉलीवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## लैंगिक रूढ़िवादिता से लड़ने के लिए गाइडलाइन

नारी क्या है? यह विचारणीय नहीं बल्कि विचारणीय यह है कि नारी क्या नही है? नारी अपने अस्तित्व काल का बोध प्राचीनकाल से ही कराती आई है।नारी को सृष्टि का सुंदरतम उपहार माना गया है तो नारी को सृष्टि का आधार भी बताया गया है।विश्व नारी की गोद मे क्रीड़ा करता आया है। नारी के बिना पुरुष अपूर्ण है तो पुरुष के बिना नारी। नारी के संबंध में अपमानजनक टिप्पणी करने वाले यह भूल जाते है कि उनका जन्म भी किसी नारी की कोख से ही हुआ है।यदि नारी नही होती तो संसार चक्र चल पाता? नारी का व्यक्तित्व गरिमामय है। उसका बहुआयामी व्यक्तित्व पूजनीय है।उसकी त्याग और बलिदान की गाथाएं बहुप्रचलित है। उसे अपमानित करना स्वयं को अपमानित करना है। कोमलता वात्सल्य स्नेहशीलता, व्यसन त्याग क्षमा आदि गुण प्रचुरता में पाए जाते है। लेकिन नारी अबला नही है सबला है। महिलाओ के लिए इस्तेमाल होने वाले आपत्तिजनक शब्दो पर रोक लगाई है। महिलाओ के लिए शब्द रूढ़िवादी नही होने चाहिये। जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति डीवाई चन्दचुड़ का दिल पसीज जाता है। जब महिलाओ के लिए आपत्तिजनक शब्दो का उपयोग होता है।उनके जेहन में आते ही उन्होंने सबसे पहले महिलाओ के लिए उपयोग में लाए जाने वाले शब्दों पर गहराई से विचार कर उन शब्दों को बोलचाल की भाषा मे और लिखित में महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्द उपयोग नही करने के आदेश दिया।महिलाओ पुरुष से ज्यादा गुनहगार नही होती है। उनको हम सम्मान की दृष्टि से देखेंगे,उनके लिए व्यवस्थित शब्द उपयोग करेंगे तो वो सम्मान की दृष्टि से देखेगी। हैंडबुक में 40 शब्दों को कोर्ट में बोलते समय,आदेश देते समय दलील के समय इस्तेमाल होंगे।न्यायमूर्ति ने कहा कि किसी फैसले की अलोचना करना नही है,बल्कि लैंगिक रूढिवादिता की पद्धति को खत्म करना है। महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले शब्द बोलना,लिखना और दलील देने वक्त इस्तेमाल नही किया जाएगा।महिलाओं के लिए रखैल जैसे शब्द अपमानजनक शब्द है। इस दौरान हैंडबुक में बिनब्याही की जगह माँ और हाउसवाइफ की जगह होममेकर और भड़काऊ कपड़े की जगह कपड़े या ड्रेसशब्द उपयोग होंगे।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### जन्म-मृत्यु निबंधन कैंप किया निरीक्षण

**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखंड के हरलाडीह एवं कुडको पंचायत में गुरुवार को जन्म-मृत्यु निबंधन कैंप का औचक आयोजन बीडीओ मनोज कुमार मुर्मू ने किया। मौके पर उपस्थित सभी कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## सिटी अपडेट्स >>

### जेएसएलपीएस में कार्यरत कर्मी की संदेहास्पद मौत

**दारू :** दारू प्रखंड अंतर्गत जेएसएलपीएस में बीएपी पद पर कार्यरत कर्मी जिला कुमारी की जिला अस्पताल में बुधवार रात्रि को संदेहास्पद मौत हो गई। जिला कुमारी रांची की रहने वाली थी और दारू ब्लॉक में बीएपी के पद पर कार्यरत थी। झुमरा तिलैया में किराए के मकान में रहती थी। और यहीं से दारू ब्लॉक ड्यूटी जाती थीं। आसपास के लोगों ने बताया कि 6 महीने पहले इनके साथ एक सड़क हादसा हुआ था जिसमें इसका पैर टूट गया था पैर में एक प्लेट भी लगा हुआ है उसके बाद ठीक होने के एक महिने बाद ड्यूटी जॉइन ली थी और इसी अंतराल में ऐसा हादसा हुआ। साथ ही आसपास के लोगो ने बताया की बुधवार रात्रि अपने कमरे में थी परंतु बृहस्पतिवार की सुबह जब कमरा नहीं खुला तो किराए मकान मालिक ने आसपास के लोगों को बताया उसके बाद दरवाजा खोल कर देखा गया तो लेटी हुई पाई गई आनन फानन में इसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने इन्हें मृत्यु घोषित किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हाथियों ने फसलों को पहुँचाई भारी क्षति

**दारु :** दारू प्रखंड क्षेत्र में पुनाई और कबिलासी पंचायत में चौदह से अठारह हाथियों का झुंड डेरा जमाए हुए हैं जिससे दोनों पंचायत के लोगों में काफी भयभीत है। पुनाई पंचायत के लोहड़ी कला में हाथियों के झुंड ने बुधवार की रात्रि को भारी तबाही मचाइ हाथियों ने यहां पर लखन महतो, जगदीश महतो, परमेश्वर महतो, चानू महतो के बदाम, मकई और धान की फसलों को भारी क्षति पहुंचाई हाथियों ने अशोक महतो, खेमलाल महतो, सीताराम महतो, कृष्ण महतो, बाबुल महतो की चारदीवारी व मकई के फसलों को भारी क्षति पहुंचाई। हाथियों को भगाने के लिए यहां के ग्रामीण एकजुट होकर टॉर्च जलाकर और टीना बजाकर उसे भगाने का प्रयास किया, पर हाथी लगातार फसलों को नुकसान पहुंचाते रहे। लोहड़ी कला के ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग का कोई भी टीम यहां पर नहीं पहुंची थी। ग्रामीण हाथी को भगाने का लगातार प्रयास करते रहे। रात भर हाथियों ने फसलों को खाया और सुबह होते ही बगल के जंगल चले गए। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी हाथी यहां पर आकर फसलों को नुकसान पहुंचा चुके हैं पर उसका कोई भी मुआवजा किसानों को नहीं मिला। इस बार फिर हाथियों ने लाखों की कीमत की फसल को नुकसान पहुँचाया है। यहां के किसान काफी डरे हुए और भयभीत हैं हाथियों का झुंड लगातार यहां पर आकर बबार्दी करता है। ग्रामीणों को यह डर है कि हाथी गुरुवार की रात्रि को भी उनके मोहल्ले में आ सकते हैं और उनके फसलों को और घरों को क्षति पहुंचा सकते हैं। दारू प्रखंड के उपप्रमुख कौशल्या देवी ने वन विभाग से किसानों को जल्द मुआवजा देने की मांग की है।

---

**समीक्षा** — ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के क्रम में बोले उपायुक्त

# योजनाओं की प्रगति को बताया नाकाफी

- मनरेगा के तहत संचालित योजना
- प्रधानमंत्री आवास योजन

**राष्ट्रीय खबर**



**हजारीबाग :** हजारीबाग ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित भी मौजूद रहीं। बैठक में मनरेगा के तहत संचालित योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जेएसएलपीएस, पंचायती राज एवं रुर्बन मिशन आदि विभागों की समीक्षा उपायुक्त के द्वारा की गई। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम पोटो हो खेल योजना के लिए प्रखंड स्तर पर खेल मैदान के लिए जमीन उपलब्ध कराने के कार्य में गति लाने का निर्देश उपायुक्त ने उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को दिया। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना में जिला 23वें पायदान में है जो नाकाफी है। उन्होंने कहा की इस योजना को लेकर अन्य जिलों में कार्य हो रहे है लेकिन हजारीबाग जिला में इस क्षेत्र में कमतर काम होना प्रखंड स्तर पर कम इच्छाशक्ति को बताता है।

उपायुक्त ने राज्यस्तर से संचालित योजनाओं पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा मजदूरों का मास्टर रोल में ऐप के माध्यम इंट्री कार्य, सक्रिय मनरेगा मजदूरों का आधार सीडिंग कार्यों का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया।

बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वृक्षारोपण हेतू प्रथम चरण की स्थिति की जानकारी ली। मनरेगा के तहत जल संरक्षण संवर्धन से संबंधित योजनाएं धरातल पर उतरे एवं लोग लाभान्वित हो इसके लिए आम लोगों की भागीदारी एवं सामुदायिक जिम्मेवारी के माध्यम से योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए कहा। वही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लक्ष्य प्राप्ति के लिए लाभुकों को कार्य में तेजी लाने के लिए क्षेत्र भ्रमण करने एवं किस्तों का भुगतान समय पर करने का निर्देश उपायुक्त ने निर्देश दिया।

15वें वित्त के माध्यम से आम लोगों को खासकर पेयजल से संबंधित समस्याओं के लिए राशि का खर्च करने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें गाइडलाइन से अवगत करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया साथ ही नियमित रुप से स्कीम वाइस रिव्यू करने को कहा। इस दौरान उन्होंने सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित योजना,आवास योजना ग्रामीण आदि योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीपीएम व अन्य मौजूद रहे।

## आर्मी टीम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया



**राष्ट्रीय खबर**

**जमशेदपुर:** राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत के राष्ट्रीय महासचिव प्रांतिक कुमार दास के नेतृत्व मे झारखंड टीम के द्वारा एवं इंडियन आर्मी टीम को सम्मानित करते हुए 15अगस्त को धूमधाम के साथ स्वाधीनता दिवस मनाया गया। मौके पर राष्ट्रीय महासचिव प्रांतिक कुमार दास ने अपने सम्बोधन मे कहा कि हर साल की भाती इस साल भी सम्मानित अतिथि के रूप में जमशेदपुर इंडियन आर्मी टीम के कैप्टन हिमांशु साहू के सहमति से, मेजर विजय सिंह , सूबेदार एवं टीम ास्त्र एवं बैच पहनाकर सम्मानित करते हुए एवं स्वाधीनता दिवस समारोह आयोजित किया गया और वीर शहीदों को याद करते हुऐ सैल्यूट एवं नमन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्रनाथ चटर्जी, जिला प्रभारी भागीरथ , ज़िला उपाध्यक्ष सौमित्र सरकार, जिला मंत्री आशुतोष, नगर अध्यक्ष देवाशीष चंद्र, नगर मंत्री अनिमेष राय, पियूष गुप्ता और इंडियन आर्मी टीम के पदाधिकरी गणों के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

स्वतंत्रता दिवस का दिन हर भारतीय के लिए एक पर्व से बड़ा नहीः हर्ष अजमेरा

## आरोग्यम अस्पताल में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज




- अस्पताल कर्मचारी को किया गया सम्मानित

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबागः** हजारीबाग स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देश, राज्य तथा शहर ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही झंडा तोलन को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जा रही थी इसी बीच हजारीबाग शहर के डिस्ट्रिक्ट मोड़ स्थित आरोग्यम अस्पताल परिसर में आरोग्यम परिवार के द्वारा झंडा तोलन कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया, झंडा तोलन अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक सह अस्पताल के एपिकली डायरेक्टर डॉ रजत चक्रवर्ती ने किया, इस उत्सव के पल में अस्पताल के निर्देशक सह समाजसेवी हर्ष अजमेरा अपनी सुपुत्री के साथ शामिल हुए। झंडा तोलन कार्यक्रम के उपरांत अस्पताल के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कर्मचारियों के चेहरे पर एक अलग खुशी देखने को मिली। मौके पर अस्पताल निर्देशक सह समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस का दिन हर भारतीयों के लिए एक पर्व से कम नहीं है।

इस दिन हर कोई एक अलग उत्साह में, एक अलग उमंग में नजर आता है। साथ ही अजमेर ने सम्मानित होने वाले सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। मौके पर : अस्पताल प्रशासक जया सिंह, डॉक्टर बी. एन प्रसाद, डॉ मनीष, डॉ जे.एस, एच आर राजीव राजीव, राजीव कुमार, डॉक्टर नीरज सिंह उज्जैन, अमित कुमार, डॉक्टर मयंक प्रसाद, रवि सिंह, रुकसाना, वंदना, निधि, सुमन सहित कई लोग मौजूद थे।

## त्रिवेणी सैनिक कंपनी ने 29 हॉलपैक वाहन चालकों को किया प्रोन्नति, प्रमाण पत्र से किया सम्मानित



**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग :** हजारीबाग बड़कागांव त्रिवेणी सैनिक कंपनी के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को खदान कार्य में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी मिले इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कौशल संवर्धन सम्मान कार्यक्रम के तहत एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस के लंगातु स्थित प्रोजेक्ट कार्यालय में 77 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से परियोजना से प्रभावित गांवों के 29 ओपरेटरों को प्रोन्नति देते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिलाकर वोल्वो ऑपरेटर से हॉलपैक ऑपरेटर में प्रोन्नत किया गया। टीएसएमपीएल ने इन सभी कर्मियों को बेंगलुरु और टाटानगर भेजकर सिम्युलेटर और अन्य आवश्यक प्रशिक्षण दिलाया और आवश्यक अहर्ता हासिल करने के उपरान्त खदान में 100 टन डम्पर ऑपरेटर के रूप में बहाल किया। इसी के तहत 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस पर कौशल संवर्धन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार खटोर और अन्य गणमान्य अधिकारियों की उपस्थिति में 29 परियोजना प्रभावित कर्मियों को प्रोन्नति पत्र दिया गया। मौके पर उपस्थित खनन प्रमुख पीएस चंदेल, प्रशिक्षक बी शंकर, सीएसआर प्रमुख अरविंद कुमार देव,एजीएम एचआर उत्तम कुमार झा ने सम्बोधित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## दो दिवसीय मास्टर्स ट्रेनर प्रशिक्षण शुरू

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबागः** हजारीबाग जिले के डायट सभागार में एसएमसी सशक्तिकरण को लेकर दो दिवसीय मास्टर्स ट्रेनर का प्रशिक्षण शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता समेत एसएमसी प्रशिक्षण के नोडल पदाधिकारी संजय तिवारी, डायट के रंजीत वर्मा, बीआरपी सीआरपी महासंघ अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, सचिव ओमप्रकाश, प्रशिक्षक अभय कुमार, अजय नारायण दास, सुनील कुमार पांडेय ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। एसएमसी प्रशिक्षण प्रभाग प्रभारी संजय तिवारी ने बताया कि जिले के 1485 विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को सशक्त करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित की गयी है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के लगभग 150 बीआरपी सीआरपी ने भाग लिया।

बीआरपी सीआरपी प्रशिक्षित होकर जिले के 1485 विद्यालय प्रबंधन समिति को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के स्थिति का आकलन करना ,राष्ट्रीय शिक्षा नीति,बाल अधिकार ,विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका और जिम्मेदारी की जानकारी दी गयी।

---

**बैठक** — जेआरडीए की बैठक में बोले उपायुक्त

# हाई रिस्क क्षेत्रों के लोगों को करें पुनर्वासित

- टाउनशिप एरिया के विकास
- जमीन संबंधित समस्याएं
- प्रपोज इंफ्रास्ट्रक्चर समेत कई बिंदुओं की समीक्षा की गयी

**राष्ट्रीय खबर**



**धनबादः** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में गुरूवार समाहरणालय सभागार में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान जेआरडीए के तहत चल रहे सभी विकास कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त वरुण रंजन ने झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की अद्यतन स्थिति की जानकारी जेआरडीए के संबंधित पदाधिकारी एवं संबंधित सभी एरिया के जीएम से ली। उपायुक्त द्वारा जेआरडीए की एसओपी, लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) की सत्यापन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, आवंटन एवं स्थानांतरण, टाउनशिप एरिया के विकास, जमीन संबंधित समस्याएं, हाई रिस्क साइट्स, आवंटन, पुवर्नास, प्रपोज इंफ्रास्ट्रक्चर समेत कई बिंदुओं की समीक्षा की गयी। उन्होंने इससे संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपयुक्त ने एक-एक कर सभी एरिया जीएम से पुनर्वास में आ रही समस्याओं की जानकारी ली एवं एक्शन प्लान तैयार करते हुए हर हफ्ते 10 से 15 लोगों को शिफ्ट करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी लोग शिफ्ट नहीं हो रहे हैं उन्हें नोटिस दे। जिन जगहों पर से लोगों को शिफ्ट किया जा चुका है वहां अवश्य ध्यान दें कि फिर से किसी प्रकार का अवैध निर्माण या अतिक्रमण वहां ना हो। बैठक के अंत में उपायुक्त ने तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संबंधित सभी पदाधिकारी को ध्यान देने को कहा।

जिसमें से लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) का सत्यापन बीसीसीएल एवं संबंधित सीओ मिलकर जल्द से जल्द करें। साथ ही जमीन संबंधित जितने भी मामले हैं उसे निपटाए एवं सबसे महत्वपूर्ण जितने भी लोगों को आवास आवंटन हुए हैं वैसे लोगों को हाई रिस्क साइट से जल्द से जल्द विस्थापित करें। इसके लिए सभी जीएम एवं अंचलाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में लोगों को अपने विश्वास में लेकर जल्द से जल्द कार्य को पूरा करें। मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, जेआरडीए के पदाधिकारी, अंचलाधिकारी समेत संबंधित सभी एरिया के जीएम मौजूद रहे।

---

## न्यूज फटाफट

### कांवरियों का जत्था हुआ बाबा धाम के लिए रवाना



**हजारीबाग :** विष्णुगढ़ प्रखंड से कांवरिया लोगों का जत्था आज बाबा धाम के लिए रवाना हुए जिसमे कुल 17 सदस्य है। इस यात्रा का नेतृत्व रवि पांडे कर रहे है। सभी कांवरिया सुल्तानगंज से कांवर में जल लेकर पैदल चलते हुए बाबा की नगरी बाबा बैजनाथ पर जल अर्पित करेंगे उसके बाद वहाँ से चलकर बाबा बासुकीनाथ पर जल अर्पित करेंगे इस जत्था में मुख्य रूप से रवि पांडेय, कुंदन गोस्वामी, गुड्डू कुमार, संजय मिश्रा, अजित साव, धनंजय साव, मनोज साव, विष्णु साव, अर्जुन पासवान, प्रकाश यादव, सुजीत साव,तोखन यादव रवि पांडे, सुबोध यादव, निशांत पासवान(कुन्नू)साथ मे वाहन चालक अभिषेक साव सहायक चालक चंदन कुमार है।

### पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



**पीरटांड़ :** प्रखंड के हरलाडीह ओपी के पास डुमरी उपचुनाव को देखते हुए वाहन चेकिंग अभियान लगाया गया है। जिसका औचक निरीक्षण करने गुरुवार को बीडीओ मनोज कुमार मरांडी पहुंचे और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।उन्हों जायजा लिया कि बेरियर लगा के वाहन का जांच ठीक से किया जा रहा है या नही।बीडीओ ने देखा कि सभी गाड़ियों को रोक के पूछताछ के साथ जांच भी किया जा रहा है।वही हरलाडीह थाना प्रभारी ने बताया कि डुमरी उप चुनाव को देखते हुए वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र में अप्रिय घटना ना हो इसके लिए सभी वाहन का जांच किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह से उपचुनाव को देखते हुए चौकन्ना है।

### प्रखंड में ग्रीन कार्ड का राशन को किया जा रहा है वितरण



**विष्णुगढ़ :** बिष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के जन वितरण प्रणाली के विक्रेता सुरेंद्र प्रसाद बरनवाल के द्वारा ग्रीन कार्ड फरवरी माह 2023 का राशन वितरण किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से चेडरा पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी के निगरानी में वितरण किया जा रहा है। मौके पर मुन्नी देवी ने कहा कि राज्य सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना ग्रीन कार्ड के द्वारा गरीबों को 5 किलो हर एक सदस्य को दिया जा रहा है। इस योजना से जितने भी लाभुकों राशन का लाभ मिल रहा है।

### हुटपा में अल्टो कार ने बिजली पोल में मारी टक्कर, एक व्यक्ति हुआ घायल

**दारू :** दारू मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हुटपा में बुधवार की रात्रि 2 बजे एक अल्टो कार ने बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बिजली पोल दो टुकड़ों में बट गया साथ ही कार चालक घायल हो गया। चालक को रात्रि में ही ग्रामीण और परिजनों की सहायता से इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। दारू इरगा निवासी सचिन कुमार गुप्ता अपनी सफेद रंग की अल्टो कार संख्या जे एच 02 बी ड़ी 9526 से रात्रि को अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच हुटपा के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन के चकमा देने के कारण उनकी गाड़ी अनियन्त्रित होकर टकरा गई। इस दुर्घटना के बाद आसपास के लोग पहुंचे औ घायल ब्यक्ति के परिजनों को इसकी सूचना दी। इस दुर्घटना में अल्टो कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई है। हादसे में गनीमत रही की गाड़ी चालक सुरक्षित हैं सचिन को अधिक चोट नहीं लगी और वे पुरी तरह से ठीक है।

### झंडा ध्वजारोहण के साथ सभी कार्डधारी को धोती साड़ी सह लूंगी का भी वितरण किया गया



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड गरसुल्ला पंचायत में नरेश बेदिया के जन वितरण प्रणाली दुकान के प्रागंण में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। बड़कागांव डीलर संघ के उपाध्यक्ष नरेश बेदिया ने ध्वजारोहण किया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया प्रतिनिधि श छकन बेदिया, उप मुखिया नंदकिशोर बेदिया, पंचायत समिति प्रतिनिधि सीटू बेदिया, एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिखरबेडा के प्रधानाध्यापक प्रभू बेदिया उपस्थित थे। इस मौके में सभी कार्डधारी भी सामिल थे ।सभी ने मिलकर झंड़े को सलामी दी। एवं इस मौके पर सभी कार्डधारियों को साड़ी, धोती सह लूंगी प्रति ग्राहक दस रुपए में वितरण किया गया।

### फुटबॉल लीग प्रतियोगिता 2023

**हजारीबाग :** हजारीबाग गुरूवार को हजारीबाग एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा कर्जन ग्राउंड फुटबॉल स्टेडियम में फुटबॉल लीग प्रतियोगिता खेला गया। पहला मैच राइजिंग क्लब बनाम जेएफसी, कोय के बीच खेली गई। जिसमें राइजिंग एक गोल एवं जे, एफ,सी, दो गोल से विजय हुई। दूसरा मैच साईं राम क्लब डंडेय बनाम डब्ल्यूएजेएफसी हजारीबाग के बीच खेला गया जिसमें साईं राम क्लब डंडाय दो गोल से विजय प्राप्त की तीसरा मैच एबीसी पबरा बनाम लाइक्सी कोन हजारीबाग के बीच खेला गया इस मैच में एबीसी पबरा एक गोल से विजई हुई। चौथा मैच आर एफ सी बनाम बुलश स्पोर्टिंग क्लब के बीच मैच खेला गया जिसमें बुलश क्लब 2 गोल से विजय हुई इस मैच के निर्णायक रेफरी अशोक कुमार, विकास कुमार दास ,ललित उरांव, कार्तिक कुमार दास, शशि कुमार दास, सुरेंद्र राम, अनुज राम, बबलू राम, ने निभाया एचएएके सचिव कोलेश्वर गोप, उपाध्यक्ष मनसूर, आलम, सुबोध कुमार ,योगेश कुमार, मुशर्रफ, सुनील कुमार अग्रवाल, आदि खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### धूमधाम से मनाया गया 77 वां स्वतंत्रता दिवस

कुडू: आजादी के 77 वीं वर्षगांठ पर होली फेथ पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया साथ ही पुरस्कार वितरण किया गया, इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक श्री अशोक कुमार मिश्रा के द्वारा झंडोतोलन किया गया साथ ही आजादी के लिए लड़ी गई लड़ाई के बारे में विद्याथीयी को बताया गया, इस मौके पर विद्यालय के बच्चो के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकगन कलावती मिश्रा, रविशंकर मिश्रा, ,आदि उपस्थित रहे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### डुमरी मे टेलीकॉम उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो:** महिला कल्याण समिति ढ़ोरी बोकारो द्वारा मौजी लाल साहू उच्च विद्यालय निमिया घाट डुमरी, गिरीडीह में टेलीकॉम उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मधु देवी, उप मुखिया लोहेडीह ने अपने संबोधन में कहा कि आज डिजिटल इंडिया का जमाना है। इस क्षेत्र में देश ने काफी प्रगति किया है ।उपभोक्ताओं को काफी सहूलियत और किफायती हुआ है। लेकिन इसके उपयोग में बड़ी सावधानी की जरूरत है। जरा सी लापरवाही होने पर लाखो रुपए की क्षति हो सकती है। आपके खून पसीने की कमाई लूट ली जा जायेगी और आपको पता भी नही चलेगा। अंजू कुमारी ने डुमरी ने बीएसएनएल की उपलब्धियों के बारे में बताया। सिएजी सदस्य ट्राई भारत सरकार डॉक्टर श्याम कुंवर भारती ने विस्तार से टाई द्वारा टेलीकॉम उपभोक्ताओ के लिए चलाए जा रहे योजनाओं और कार्यकर्मो के बारे में बताया ।भारती ने कहा कोई भी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर उपभोक्ताओं के साथ धोखा नही कर सकती ।ट्राई द्वारा बनाए गए नियमों के तहत उपभोक्ता को सारी सुविधाएं देनी है। टावर फ्रॉड से भी सबको बचना है ।ऑनलाइन किसी को भी टॉवर लगाने के नाम पर जरूरी कागजात और पैसे नही देने है। किसी भी अपरिचित को अपना पासवर्ड या पिन नंबर नही देना है ।किसी भी तरह की शिकायत होने पर पहले संबधित टीएसपी को शिकायत दर्ज करानी है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### माइक्रोएंटरप्राइज कम प्रोसेसिंग यूनिट और स्टॉक सेंटर का हुआ उद्घाटन

**बेरमो :**जरीडीह प्रखंड के टांडबालीडीह मे धर्मपाल सत्यपाल समूह का 94 वां स्थापना पर माइक्रोएंटरप्राइज कम प्रोसेसिंग यूनिट और स्टॉक सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि टांडबालीडीह की मुखिया माना देवी ने फीता काटकर किया। मुखिया के माना देवी ने कहा कि प्रदान संस्था के सहयोग से धर्मपाल सत्यपाल समूह के द्वारा माइक्रोएंटरप्राइज कम प्रोसेसिंग यूनिट और स्टॉक सेंटर का उद्घाटन किया जा रहा है। कही कि टांडबालीडीह मे वैसे लोग रहते है जिनके पास जमीन नहीं है कुछ लोगो के पास जमीन बहुत कम है और उपलब्ध जमीन भी उपजाऊ नहीं है। महिलाएं दैनिक मजदूरी के रूप में काम करती हैं। माइक्रो एंटरप्राइजेज कम प्रोसेसिंग यूनिट और स्टॉक सेंटर मे बेहतर आजीविका का विकल्प है। जरीडीह तेजस फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की अध्यक्ष मीना देवी, प्रदान के जुबा प्रीतम गोगोई ने कहा कि प्रखंड प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधि, तेजस्विनी महिला संघ और जरीडीह तेजस फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड और प्रदान के सहयोगात्मक दृष्टिकोण का परिणाम है। इसे आर्थिक गतिविधियों के लिए एक नए पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में देखा जा रहा है। जहां विभिन्न हित धारक योगदान देंगे। कहा कि धर्मपाल सत्यपाल समूह मे प्रमुख भागीदारी के रूप में प्रधान के साथ प्रमुख वित्तीय सहायता प्रदान कर महिलाओं सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मौके पर मुख्य रुप से टांडबालीडीह की उपमुखिया अंजू देवी, पंचायत समिति नसीमा खातून, वार्ड सदस्य प्रतिमा देवी, गीता देवी, नायके बाबा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन मुर्मु, अशोक मुर्मु, सेनून सौदागर, हरखु कपरदार तेजस्विनी महिला संघ की अध्यक्ष गायत्री देवी, किरण देवी, मालती देवी प्रदान टीम कौर्डीनेटर जुबा प्रतिम गोगाई, आदि उपस्थित थे।

निर्देश

### उपायुक्त ने कार्यालयों का किया निरीक्षण

# पदाधिकारियों और कर्मियों को दिया आवश्यक निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:**उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष प्रमंडल,जिला सहकारिता कार्यालय, झारनेट, जन शिकायत कोषांग, डीईजीएस, राजस्व, जिला स्थापना शाखा, सामान्य शाखा समेत अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त बरणवाल ने कार्यरत सभी कार्यालयों के बारे में जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों /कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान



उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी कार्यालयों में पहुँचकर कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित कार्यालय में कार्यरत प्रधान लिपिक एवं अन्य कर्मियों से निष्पादित किए जाने वाले कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली और कार्य निष्पादन में किसी तरह की समस्या तो नहीं आ रही इसके बारे में भी जाना। उपायुक्त ने विभिन्न कार्यालयों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में कार्यालय प्रधान और कर्मियों से संक्षिप्त चर्चा करते हुए कहा कि जो भी कार्य हैं उनका ससमय निष्पादन करें।

निरीक्षण के दौरान विशेष प्रमंडल कार्यालय के बाहर में गंदगी देख नाराजगी प्रकट करते हुए 24 घंटे के अंदर साफ-सफाई कराने का निर्देश विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिस कार्यालय में हम कार्य करते हैं उस परिसर की साफ सफाई सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। उन्होंने कर्मियों को न सिर्फ अपने कार्यस्थल को स्वच्छ रखने, बल्कि अन्य लोगों को भी गंदगी न फैलाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अगले सात दिनों के अंदर सभी कार्यालयों की समुचित साफ-सफाई करने का भी निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाहरणालय पाकुड़ में सुचारू रूप से पानी की व्यवस्था हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल पाकुड़ को आदेश दिया गया है। सभी शौचालय को नियमित रूप से साफ सफाई करना तथा महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय को चिन्हित करना सुनिश्चित करेंगे। शौचालय के साफ सफाई का दायित्व बाहय स्त्रोत के कर्मी का होगा।

## न्यूज फटाफट

### दुमका में संचालित शैक्षणिक कार्यों की समीक्षा की गई



**दुमका :**आज अभिजीत सिन्हा,उप विकास आयुक्त, दुमका द्वारा केन्द्रीय विद्यालय, दुमका में संचालित शैक्षणिक कार्यों की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम दिनांक 19.07.2023 को सम्पन्न विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। प्राचार्या, केन्द्रीय विद्यालय, दुमका द्वारा अवगत कराया गया कि उप विकास आयुक्त महोदय के निदेशानुसार स्मार्ट क्लास,साइंस लैब, कम्प्यूटर लैब अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा खेल-कूद से संबंधित उपकरण / सामग्री एवं कम्प्यूटर लैब अधिष्ठापन हेतु आवश्यक उपस्कर गैम पोर्टल के माध्यम से क्रय करने का निदेश दिया गया। प्राचार्या, केन्द्रीय विद्यालय, दुमका द्वारा अवगत कराया गया कि बाल वाटिका में नामांकन हेतु पुन: से दिनांक 14.08.2023 से 25.08.2023 तक ओफलाइन मोड में आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। विशेष जानकारी हेतु दुमका.केवीएस.एसी.इन अथवा हेल्पलाईन नम्बर 06434-291087 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## धूमधाम से मनाई गई मनसा पूजा



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** बरसों से चली आ रही परंपरा के अनुसार बुधवार को पाकुड़ नगर स्थित मां मनसा मंदिर में नागों की देवी व भगवान शिव की मानस पुत्री देवी मां मनसा की पूजा बड़ा पुजारी रामू राय एवं छोटा पुजारी रतन राय के द्वारा पारंपरिक विधि विधान तथा मंत्रोच्चारण के साथ से किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सात दिवसीय मनसा गान आरंभ हो जाती है। बागतीपाड़ा में मां मनसा की पूजा अर्चना अति प्राचीन है। पूजा के संस्थापक प्रेमचंद साहा ने बताया कि विगत सौ से अधिक वर्षों से बागतीपाड़ा में मां मनसा की पूजा अर्चना विधि विधान से किया जाता है ।जहां पाकुड़ जिला सहित पश्चिम बंगाल बिहार से श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने आते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से मां को याद करने से श्रद्धालुओं की मनोकामना मां अवश्य पूर्ण करती है। मनसा पूजा में मेला का भी आयोजन होता रहा है ।मनसा पूजा के पूर्व संध्या पर सन्धि पूजा पुजारियों के द्वारा किया गया तथा मनसा पूजा के अवसर पर सर्वेश्वर झा, असित दास, विक्रम राय, मदन बनर्जी, सिद्धनाथ मजुमदार की देखरेख में कलश पूजन कर ग्राम रक्षा हेतु संपूर्ण बागतीपाड़ा में कलश यात्रा निकाली गई। इसमें घर घर पूजा-अर्चना हुई तदोपरांत पुजारी सहित श्रद्धालुओं ने मनसा मंदिर जलकुंड में स्नान कर डुबकी लगाते हुए अग्निकुंड में प्रवेश कर नृत्य करते हुए मनसा मंदिर में पूजा हेतु प्रवेश कर पूजा अर्चना प्रारंभ किया।

## विधायक ने विवाह मंडप के जीर्णोद्धार सहित अन्य योजनाओं का शिलान्यास किया



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र के एनसीपी विधायक राकांपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने गुरूवार को हरिहरगंज क्षेत्र का दौरा किया ।इस दौरान उन्होंने सेमरबार गांव में देवी मंदिर सह विवाह मंडप जीर्णोद्धार और बेलोदर में विवाह मंडप का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण और एनएच 98 से सटे रॉकेट गुप्ता के घर से लखन साव के घर तक पीसीसी पथ व नाला निर्माण योजना का शिलान्यास किया । जबकि सेमरबार व बेलोदर में दोनों ही जगहों पर ग्रामीणों के हित में विधायक निधि से चबूतरा निर्माण कराने की घोषणा की। बाद में शहर स्थित विवाह मंडप में वैसे जागृति मंच के बैनर तले शहरवासियों के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं को जाना ।इस दौरान वैसे जागृति मंच के अध्यक्ष भोला प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में उन्हें कई समस्याओं से अवगत कराया गया और उसके निदान की गुहार लगाई। मंच और शहर के गण मान्य लोगों ने मठ मामले में निर्दोष लोगों पर दर्ज केस को फर्जी बताते हुए विधायक से न्याय दिलाने की मांग की।

वही एनएच 98 किनारे किनारे और शहर के जर्जर पोल तार बदलवाते हुए बिजली व्यवस्था में सुधार लाने , सही जाम नालों की सफाई कराकर जल निकासी की व्यवस्था कराने आदि कई मांगे रखी। इस पर विधायक ने गंभीरतापूर्वक सभी समस्याओं को सुना और उसके निदान का भरोसा दिया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्र के सभी ज्वलंत समस्याओं के निदान के लिए तत्पर हूं। उन्होंने दिया कि शहर सहित क्षेत्र के सभी जनहित के मामलों का एक एक करके निदान करने में जुटे हैं। इस अवसर पर प्रमुख कमला देवी, सहित एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता , वरिष्ठ नेता अजीत सिंह ,पप्पू सिंह , हरिहरगंज विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद मेहता, पिपरा विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह , उपाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, रामवृक्ष मस्ताना,की अलावे लखन यादव, लक्ष्मी विश्वकर्मा ,गंगा जायसवाल, कृष्ण कुमार सिंह, महादेव यादव ,अशोक जायसवाल,विश्वदीप कुमार ,जेपी गुप्ता ,दिनेश मेहता , रामजी पासवान, अजय स्वर्णकार अजय स्वर्णकार मुकेश मेहता आदि कई लोग मौजूद थे।

## प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के महासचिव को पत्नी शोक



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:**झारखंड राज्य प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राम रंजन सिंह के धर्म पत्नी की देहांत मंगलवार को देर शाम हृदय गति रुकने से हो गई । वे काफी दिनों से बीमार चल रही थी। उनका इलाज चेन्नई में जारी था। सोमवार को अचानक उनका तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में उन्हें पश्चिम बंगाल रामपुरहाट ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैसे ही यह सूचना मिली राज्य भर के निजी विद्यालयों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सभी हादप्रद हो गए। देर रात से ही एसोसिएशन के सदस्यों का आना प्रारंभ हो गया। इसके साथ-साथ उनके चाहने वाले मित्र सगे संबंधी का आना प्रारंभ हो गया।

झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गब्रियल मुर्मू ने कहा कि दुख की इस घड़ी में संपूर्ण एसोसिएशन उनके साथ खड़ा है। गोड्डा से समीर दुबे जी, पोडेयाहाट से शशिकांत गुप्ता, दुमका से विपिन कुमार सिंह, मोहन कुमार,धनबाद आदि से भी स्कूल निदेशकों का उनका आवास पहुंचकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गब्रियल मुर्मू , नलिन मिश्रा, जय दाता मनोज कुमार भगत, मो फेकारूल शेख, अजय कुमार, जहरूल इस्लाम, जुलियस सोरेन, मोहम्मद इस्माइल शेख, अंसारुल , जहरुल, मोहम्मद रफीकुल, आदित्य कुमार ,अकाश कुमार भगत , मनीरूल इस्लाम, जोहर आलम, श्रीतम मुर्मू, जोएल अंसारी , मो जाहरूल , आदित्य कुमार आदि सैकड़ों सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित की एवं शोक संतप्त परिवार को ढाढास बधायां।

## चार वर्षो से चल रहा प्रेम प्रसंग मामले आज दोनों प्रेमी- प्रेमिका हो गए एक दूजे के लिए



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार चार वर्षो से युवक- युवती के बीच चल रहा प्रेम प्रसंग मामले का गुरुवार को पटाक्षेप हो गया और दोनों प्रेमी-प्रेमिका जीवन भर के लिए एक दूजे के हो गए। प्रेमी- प्रेमिका की शादी दोनों परिवारों की सहमति पर गुरुवार को चापी पंचायत के टोला जमुनिया टांड के मांझी हड़ाम श्रीराम हेम्ब्रम, सदमा कला पंचायत के पोरदाग गांव के मांझी हड़ाम हरिश्चन्द्र बास्के, सदमा के मुखिया प्रतिनिधि लालदेव महतो, पंसस प्रतिनिधि निरंजन महतो ओर ग्रामीणों की उपस्थिति में संताली रीति रिवाज के साथ विवाह के बंधन में बंध गए।

पोरदाग गांव निवासी रविन्द्र मुर्मू के पुत्र भुनेश्वर मुर्मू का प्रेम प्रसंग प्रखंड के चापी पंचायत के जमुनिया टांड निवासी देवास लाल मांझी की पुत्री संगीता कुमारी के साथ पिछले चार वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। यह भी बता दे कि पिछले दो महीने से युवती अपने प्रेमी के घर पोरदाग में ही रह रही थी। इसी मुद्दे को लेकर चापी के मांझी हड़ाम श्रीराम हेम्ब्रम ओर पोरदाग के मांझी हड़ाम हरिश्चंद्र बास्के सहित गांव वालों की एक बैठक गुरुवार को पोरदाग गांव स्थित सामुदायिक भवन में हुई जहां दोनों के परिवार वालो ने शादी करने की हामी भरी ओर प्रेमी- प्रेमिका की शादी संताली रीति रिवाज के तहत कर दी गयी।

कार्रवाई

### बुनियादी समस्याएं आज भी विद्यमान हैं

# एसडीओ ने स्ट्रीट लाइट खरीद की जांच का दिया आदेश

राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** छतरपुर नगर पंचायत के गठन के पांच साल पूरे हो गए हैं फिर भी यहां बुनियादी समस्याएं आज भी विद्यमान हैं। मसलन नगर चुनाव के पांच साल बाद नगर में लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटें लगने के बाद ही खराब हो रही हैं स्ट्रीट लाइटों की गुणवत्ता को देखते हुए स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है कि इसकी खरीदारी में भारी धांधली बरती गई है। ये बातें एसडीओ को ज्ञापन सौंपने के बाद छतरपुर विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता चुनमून ने पत्रकारों से कही। उन्होंने एसडीओ को ज्ञापन सौंप कर कई मामलों की जांच और



कार्रवाई की मांग की है दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर क्षेत्र में लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटो के लगने के तुरंत बाद खराब होने के कारण उनकी गुणवत्ता की जांच करते हुए खरीदारी में हुए घपले के मद्देनजर दोषियों पर कार्रवाई करने और नगर में लगाए जा रहे लाइटों की खरीदारी में लगभग दो करोड़ 48 लाख की अनुमानित लागत आयी है, अगर प्रति लाइटों की कीमत देखें तो प्रति लाईट की कीमत लगभग 85 सौ पड़ रही है जो कहीं न कहीं प्राक्कलन घोटाले की ओर इशारा कर रहा है। उसकी खरीदारी की जांच कराने जलसंकट के मद्देनजर पीएचईडी द्वारा पाँच पांडव पहाड़ी पर निमार्णाधीन पानी टँकी का निर्माण अविलम्ब सुनिश्चित कराने ताकि नगर में व्याप्त जल संकट से निबटा जा सके।

ज्ञापन में कहा गया है बारिश के मद्देनजर नगर के सम्भावित स्थानों पर नालियों की सफाई सुनिश्चित कराई जाए ताकि जलभराव से बचा जा सके। नगर में टाउनहाल और नगर पँचायत के कार्यालय का निर्माण सुनिश्चित कराने ।नगर में आवंटित पीएम आवास के सभी लाभुकों को उनकी किस्त दे कर किस्त का भुगतान सुनिश्चित करा कर आवास पूर्ण कराई जाए। इलाके में खराब पड़े जलमिनारों को प्राथमिकता देते हुए अविलम्ब बनवाई जाए महीनों से खराब पड़े नगर की हाई मास्ट लाइटों को अविलम्ब बनवाई जाए। अरविन्द ने एसडीओ से आग्रह किया कि नगरहित में वे समस्याओं के निदान की दिशा में पहल करें। वहीं एसडीओ ने तत्काल पहल करते हुए समस्याओं के समाधान के लिए नगर पंचायत को पत्र लिख निर्देशित किया।

## विधायक ने योजनाओं का किया शिलान्यास



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** छतरपुर नगर पंचायत में करीब 26 लाख की लागत से नगर विकास आवास विभाग से तीन योजनाओं का शिलान्यास विधायक पुष्पा देवी ने किया। योजनाओं में पीसीसी पथ निर्माण वार्ड नंबर 15, पीसीसी पथ वार्ड नंबर 6 और पीसीसी पथ व नाली निर्माण वार्ड नंबर 11 है विधायक श्रीमति पुष्पा देवी ने कहा कि विकास कार्य हमारी प्राथमिकता है और इस दिशा में हमारा प्रयास लगातार जारी है। इस शिलान्यास कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, विधायक प्रतिनिधि संतोष प्रसाद, जगदीश यादव,अनिल सिंह, कमलेश प्रसाद, मनोज प्रसाद, रामजतन यादव, धीरज सिंह,शिवकुमार पासवान, रामजी यादव, चंदन यादव, नसीरूल्लाह अंसारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शहर >> अपडेट

### आयुष्मान कार्ड बनाने का लग रहा कैंप

**कोडरमा:** उपायुक्त के निदेशानुसार सभी ब्लॉक, पंचायत, ग्राम में आयुष्मान कार्ड बनाने का कैंप लगाया जा रहा है, हर दिन 500 कार्ड बनाए जा रहे है। उक्त जानकारी डीपीसी आयुष्मान सुमित कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि अगले माह तक सभी राशन कार्डधारी (लाल, पीला, हरा) का आयुष्मान कार्ड बना दिया जायेगा। जिले के सभी राशन कार्डधारियों से अपील है अपना राशन कार्ड और आधार कार्ड का सभी डाटा सही करा कर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, प्रज्ञा केंद्र, सहिया, पीडीएस डीलर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकता है।

## सिटी अपडेट्स >>

### कुष्ठ व फाइलेरिया मरीजों की हुई जांच हुई



**मरकच्चो:** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में राज्य कुष्ठ सीबीआर समन्वयक काशीनाथ चक्रवर्ती, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा प्रदीप बैठा एवं फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन द्वारा लगभग 15 कुष्ठ मरीज एवं फाइलेरिया मरीज की जांच की गई। साथ ही कुष्ठ से विकलांग हुए व्यक्तियों के लिए सेल्फ केयर असेसमेंट कैंप का आयोजन हुआ जिसमें श्री चक्रवर्ती ने सभी मरीजों को विकलंगता से बचने का अभ्यास कराया। कुष्ठ से हुए पैर या हाथ में घाव या विकलांगता से बचने के लिए सभी मरीजों को आधा घंटा पैर या हाथ को पानी में डुबाकर रखना है फिर रगड़ के घाव या मोटी चमड़ी को रगड़ के साफ करना है फिर भीगे हुए पैर में सरसो तेल लगा कर रखना है ताकि त्वचा में नमी बना रहे। फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन ने सभी ग्रेड 2 के मरीजों को फिजियोथेरेपी कराया एवं घर में करने के लिए कसरत का अभ्यास कराया। सर्वे में कुल 20 कुष्ठ के मरीज मिले थे जिसके कारण राज्य से इसकी जांच के लिए राज्य स्तरीय टीम का भ्रमण हो रहा है। उन्होंने कुष्ठ प्रभारी एमपीडब्ल्यू जावेद अंसारी के कार्यों की बहुत सराहना की। इस मौके पर कुष्ठ प्रभारी एमपीडब्ल्यू जावेद अंसारी, लिपिक जय प्रकाश सिंह, सहिया साजदा खातून, लीलावती देवी एवं विभिन्न ग्रामों से आए हुए कुष्ठ के संदेहास्पद मरीज मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मनरेगा संचालित योजनाओ का निरीक्षण किया

**कोडरमा:** उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने चंदवारा प्रखंड का दौरा किया। इस क्रम में उन्होंने खांटी पंचायत भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा अंतर्गत योजनाओं के दस्तावेजों को देखा और रोजगार सेवक को निर्देश दिये कि सभी दस्तावेजों और रजिस्टर का बेहतर तरीके से संधारण करेंगे। इसके बाद उन्होंने खांटी पंचायत में पूर्ण योजनाओं का एमआईएस पूर्ण करने की बात कही। इसके अतिरिक्त ग्राम ढाब में डोभा, कूप, बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत आम बागवानी, खेल मैदान, मिश्रित वागवानी का निरीक्षण किये, उन्होंने कहा कि पौधो का संरक्षण बेहतर तरीके से करें ताकि आने वाले समय यह पौधे फल दे सके और आपके आजीविका का साधन बन सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने ढाब प्लस 2 उच्च विद्यालय और आरएमएम उच्च विद्यालय का निरीक्षण किये। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में शौचालय, बाउंड्री वॉल अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। थाम पंचायत के मरम्मतिकरण और बाउंड्री वॉल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, रोजगार सेवक समेत अन्य मौजूद थे।

**हादसा** जंगली जानवरों का इंसानो पर हमले की घटना बढ़ रही है

# भालू के हमले से तीन महिला गंभीर रूप से घायल

▸▸ खुखड़ी तोड़ने एवं मवेशी चराने के दौरान हुई घटना

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** कोडरमा थाना क्षेत्र के लोकाई जंगल में गुरुवार की सुबह खुखड़ी तोड़ने एवं मवेशी चराने गए 3 महिलाओं पर जंगली भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिलाओं में लोकाई निवासी कुसुम देवी उम्र 60 वर्ष पति स्व. रामचंद्र साव, इंदरवा निवासी नीलम देवी उम्र 24 वर्ष पति विद्यार्थी सिंह और सरिता देवी पति सुरेश सिंह शामिल हैं। भालू के हमले में घायल महिलाओं को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सरिता देवी को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। जबकि दो अन्य घायल महिलाओं का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है।



### बाइक से गिरकर महिला की मौत

कोडरमा: गुरुवार को जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत बगड़ो-काराखुट रोड में बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रेशमी देवी (उम्र 60 वर्ष, पति मदन साव) डोमचांच के महथाडीह निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महिला अपने बेटे के साथ बाइक पर बैठकर जयनगर जा रही थी। मृतका के पुत्र ने सदर अस्पताल में बताया कि बाइक पर सवार उनकी मां को चक्कर आने के बाद वह अनियंत्रित होकर बाइक से रोड पर गिर गई। जिसमें उन्हें गंभीर चोट आई।

## डीएवी स्कूल में खेल कूद का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के ग्राम बेको पंचायत अंतर्गत ग्राम आल्हो में डीएवी पब्लिक स्कूल आल्हो के प्राचार्य राजकुमार यादव के द्वारा खेल-कूद प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि खेल कूद मानव जीवन का अभिन्न अंग है जिससे शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने भाग लेकर खेल का अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं विद्यालय के उप प्राचार्य राजेश कुमार यादव ने बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित करते हैं हुए कहां की विद्यालय प्रथम सीढ़ी होती है जो आप विद्यालय में अच्छे खेल खेलकर राष्ट्रीय स्तर तक के खिलाड़ी भी बन सकते हैं। मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अजीत कुमार राणा, विकास कुमार यादव, अमित कुमार, वरुण कुमार मोदी, बबलू कुमार, उपेंद्र कुमार, आफताब आलम, सुजीत कुमार, शिवम कुमार, शंकर कुमार एवं विद्यालय की शिक्षिकाएं श्वेता कुमारी, विनीता कुमारी एवं विद्यालय के छात्र-छात्रा मौजूद थे।

## बच्चों ने दिखायी वैज्ञानिक प्रतिभा



राष्ट्रीय कबर

**मरकच्चो:** रामकृष्ण मिशन स्कूल मरकच्चो में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें चतुर्थ वर्ग से दशम वर्ग के अध्ययनरत 70 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और अपने मॉडल प्रदर्शित किए। बच्चों ने होम एप्लेन्स कंट्रोलर, स्मार्टफोन कंट्रोल रोबोट, स्वाइल मॉस्चर इंडिकेटर ,रेन डिटेकटर ,ऑटोमेटिक डोर बेल सिस्टम, ऑटोमेटिक वॉटर लेवल इंडिकेटर, ऑटोमेटिक फ्लोर लाइट, एल्कोहल डिटेकटर, डीसी वाटर पंप, पोर्टेबल मोबाइल चार्जर, सोलर एल इ डी गलोविंग, पोर्टेबल फैन इमरजेंसी लाइट आदि के मॉडल प्रदर्शित किए। अंत में विज्ञान प्रदर्शनी में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि प्रखंड प्रमुख मरकचो विजय कुमार सिंह व समाजसेवी रविशंकर तिवारी, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की प्राचार्या स्वर्णलता ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना होता है। बच्चे केवल किताबी शिक्षा प्राप्त न करें बल्कि हर क्षेत्र में आगे आएं। निदेशक सह प्रधानाचार्य सियाराम यादव ने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि पैदा करना है ताकि इस विषय को लेकर बच्चे तनाव महसूस न करें। विभिन्न स्कूलों से अध्यापकों एवं बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शन का अवलोकन किया और बच्चों द्वारा बनाए मॉडल को सराहा। इस अवसर पर बलदेव यादव, बिनोद यादव, कुमारी विनीता, शंकर यादव, रोहित मोदी, मुन्ना कुमार, मंटू पांडेय, शिक्षक अजीत अमंत, चंदन कुमार, निरंजन सिंह, दीपक कुमार, महेंद्र यादव, प्रियंका कुमारी, आकाश कुमार, आनंद, छात्र सागर कुमार, आशीष कुमार, काजल कुमारी, साक्षी कुमारी, परिणति कुमारी, खुशबु कुमारी, साक्षी कुमारी यादव समेत दर्जनों छात्र - छात्रा विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल रहे।

## जेटेट में किया गया झंडोतोलन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** झारखण्ड शिक्षक प्रशिक्षण महा विधालय के प्रांगण में,विधि महाविद्यालय, सांध्यकालीन महाविद्यालय के अतिथियों के साथ महापुरूषों के चित्रों पर माल्यार्पण करने के पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य संदीप मिश्रा द्वारा ध्वाजारोहण किया गया। साथ ही अतिथियों एवं प्रशिक्षुओं ने एक स्वर में राष्ट्रगान किया और एक दूसरे को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। अतिथि झारखण्ड विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० विकास राय, मौके पर विशेष तौर पर वरीय प्रोफेसर अजय भट्टाचार्य प्रोफेसर राखी भदानी प्रधान लिपिक नीरज कुमार समेत अन्य प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद थे।अपने शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर और समस्त विद्याथीयों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इसके साथ ही सांध्यकालीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनीष पंकज मिश्रा उपस्थित रहे।झारखण्ड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकों द्वारा भारत वर्ष की स्वतंत्रता में अपने प्राणों की आहूति देने वाले माँ भारतीय के सच्चे सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित करते हुए नमन किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## छात्राओं ने किया प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय की एबीवीपी इकाई द्वारा यूजी में सीट वृद्धि को लेकर आक्रोश मार्च व कॉलेज गेट पर छात्राओं ने प्रदर्शन किया। विभाग छात्रा प्रमुख खुशी देव ने कहा कि कॉलेज के नामांकन में कुछ विषय में सीट तत्काल फूल हो जाने से और दूर सुदूर छात्राओं का नामांकन से वंचित हो गई है। छात्राओं के भविष्य को देखते हुए यू जी सेमेस्टर के मुख्य विषय इतिहास, राजनीतिक विज्ञान और हिंदी के नामांकन में सीट में वृद्धि जल्द से जल्द किया जाए। आगे भी छात्राओं के हक के लिए लड़ते रहेंगे जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती है। कॉलेज मंत्री रेशम वर्णवाल ने कहा कि रामादेवी महिला बाजला कॉलेज देवघर में छात्राओं का एकमात्र कॉलेज है। यूजी में सीट कम होने के कारण छात्राओं के नामांकन में परेशानियां हो रही है जिससे छात्राओं का भविष्य संकट में दिख रहा है।

**आयोजन** जैन संतो ने विश्व शांति हेतु विशेष शांतिधारा का आयोजन किया

# स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जैन विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ 76 वॉ स्वतंत्रता दिवस महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर झुमरीतिलैया में विश्व शांति हेतु जैन संत पूज्य मुनि श्री सुयश सागर जी मुनिराज के मुखारविंद से 1008 नाम से विश्व शांति धारा जयकुमार गंगवाल, मानिकचंद,मनोज सेठी परिवार के द्वारा किया गया।इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा देश में स्वतंत्रता दिवस की आजादी जब मिलेगी जब भारत देश के लोगो को सुख और समृद्धि आ जाये इसके लिए देश के लोगो को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना होगा इससे देश भी आगे बढ़ेगा। साथ ही अभी देश में लगातार आपात स्थिति आ रही है जिसमें भूकंप,बाढ़ ,बादल का फटना आदि आदि का मूल कारण जंगल की कटाई ओर पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है।इस अवसर पर जैन संत मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज ने कहा कि इस महामंत्र की शांतिधारा से पूरे विश्व में शांति आएगी और देश मे हरियाली के लिए पूरे देश के हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाना चाहिए जिससे आने वाले वर्षों में वापस हरियाली देश में आएगी ओर हमारा भारत देश हरा भरा हो जाएगा।संध्या में मुनि श्री के मुखारविंद से प्रतिदिन के भाती णमोकार चालीसा हो रहा है इसी क्रम में स्वतंत्रता दिवस के एक झलकियां जिसमें समाज के पुरुष वर्ग श्वेत में महिलाएं और बालिका केसरिया और हरे रंग में रंगे हुए थे सभी हाथों में झंडा लेकर मुनि श्री का स्वागत एवमं भारत माता की जय कारो का गुणगान किया गया इसके बाद भारत देश के संबंध में प्रश्न मंच हुवा जिसमे समाज के सभी लोगो ने भाग लिया और इनाम जीता इन सभी कार्यक्रम में विशेष रूप से मंत्री जैन ललित सेठी,सह मंत्री जैन राज छाबडा ,चातुर्मास संयोजक जैन नरेंद झांझरी,जैन सुनीता सेठी,जैन ममता सेठी,जैन राजीव छाबडा,जैन सुमित सेठी,जैन शैलेश सेठी(शैलू) ,जैन दीपाली पाटोदी, नवीन जैन राजकुमार अज्मेरा जैन चहेती जैन सेकड़ो लोग इस स्वतंत्रता दिवस में शामिल हुए।



## न्यूज फटाफट

### 77 वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

**कुडू:** 15 अगस्त 2023 दिन मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी के प्रांगण में 77 वा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधकरिणी समिति के समस्त पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों, अभिभावकों , आचार्य-आचार्या एवं भैया-बहनों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर भारत माता का पूजन किया गया। विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष यदुनंदन तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। समस्त अधिकारी एवं प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम एवं शारीरिक प्रदर्शन किया गया। मौके पर विद्यालय के सचिव भूषण प्रसाद द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित तथ्य का संक्षिप्त विवरण एवं विद्यालय के प्रगति के संबंध में अभिभाषण प्रस्तुत किया गया। अभिभावक भुपाल पाठक, संरक्षक रामकुमार तिवारी के द्वारा भी विचार प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा भी स्वतंत्रता दिवस पर अभिभाषण प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य मनोहर मोदी द्वारा विद्यालय के विकास एवं विस्तार को लेकर वृत प्रस्तुत किया गया, उन्होंने कहा कि विद्यालय कार्यकारिणी समिति एवं प्रबुद्ध जनों के अतुलनीय सहयोग से यह विद्यालय निरंतर विकास कर रहा है,आपके सहयोग के बगैर विद्यालय विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़की चाँपी पंचायत के तमाम प्रबुद्ध अभिभावक एवं पंचायत के प्रतिनिधियों के सहयोग से प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र में यह विद्यालय की पहचान उभर कर आ रही है। उद्घोषक नरेश साहू द्वारा विद्यालय प्रांगण में तमाम उपस्थित लोगों का अभिनंदन एवं वंदन करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। विद्यालय के अध्यक्ष यदुनंदन तिवारी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपना अभिभाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अलावा यहां के पंचायत प्रतिनिधियों को भी आगे आकर विद्यालय विकास और विस्तार में भरपूर सहयोग करना होगा, उन्होंने उपस्थित पंचायत के समस्त प्रतिनिधियों प्रबुद्ध अभिभावकों एवं मीडिया बंधुओं के प्रति आभार प्रकट किया। अंत में उद्घोषक नरेश साहू के द्वारा भी कार्यक्रम को सफल बनाने में जिनका सहयोग प्राप्त हुआ, जिनमें विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं, मीडिया बंधुओं एवं विशेषकर विद्यालय के पूर्व आचार्य रहे मीडिया प्रभारी नंदलाल तिवारी एवं वर्तमान उप मुखिया हेना तिवारी के विद्यालय के सभी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने को लेकर आभार प्रकट किया गया। अंत में वंदे मातरम हुआ, तत्पश्चात कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

### झाड़ी में मिले बच्चे की स्थिति में सुधार

**कोडरमा:** जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत चंदवारा पश्चिमी पंचायत के चिलोडीह रोड से बुधवार की शाम झाड़ियों में मिले एक नवजात शिशु को स्थानीय लोगों ने बरामद करने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दिया था। जिसके बाद पुलिस ने बच्चे को चाइल्डलाइन को सौंप दिया था। चाइल्ड लाइन के द्वारा बच्चे को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती कराया गया है। गुरुवार को सदर अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मणिकांत गुप्ता ने बताया कि सदर अस्पताल में इलाज के बाद बच्चे की स्थिति सामान्य हो रही है। बच्चे को जब अस्पताल लाया गया तो तब वह काफी सुस्त था। बच्चे की सांस और धड़कन भी अब स्थिर है। बच्चे को अभी कुछ समय के लिए चिकित्सकों की निगरानी में रखा जाएगा। इसके बाद बच्चे को देखभाल के लिए चाइल्ड लाइन को सौंप दिया जाएगा। चिलोडीह के ग्रामीणों के अनुसार बुधवार की शाम एक कार सवार बच्चे को झाड़ी में छोड़कर भाग गया था। फिलहाल बच्चे के परिजन का पता नहीं चल पाया है।

### परिजनों के साथ देवघर रवाना



**जयनगर:** प्रखंड के आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांढ के उप प्राचार्य रवींद्र कुमार रवि अपने परिवार के साथ देवघर बाबा नगरी भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने निकले जिसमें पत्नी शिक्षिका बेबी देवी, पुत्री अमीषा नंदा, आकृति नंदा के साथ समाजसेवी देवनारायण यादव शामिल हैं। शिक्षक रवींद्र कुमार रवि ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा पूरे क्षेत्रवासियों पर बनी रहे इस उम्मीद के साथ सुल्तानगंज से पवित्र मां गंगा से जल उठाकर बाबा नगरी बैद्यनाथ धाम में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करूंगा।

### बुजुर्गों के लिए कैंप 19 को



**कोडरमा:** जयनगर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि आने वाले 19 अगस्त को (वृद्ध) बुजुर्गो का कैंप आयोजन आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में दिन 10 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महीने के तीसरे शनिवार को (वृद्ध) बुजुर्गो का इलाज किया जाता है। जिसमें 60 वर्ष के ऊपर के लोगों का बीपी शुगर आदि बीमारियों का निशुल्क इलाज किया जाएगा साथ ही उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जयनगर के आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में प्रतिदिन 9 बजे से 3 बजे तक सभी बीमारियों का इलाज किया जा रहा है।

### गिरने के मामले ने पकड़ा तूल

**मरकच्चो:** प्रखंड के प्रखंड कार्यालय में दो बार झंडारोहन करने के समय झंडा दो बार गिर जाने को लेकर मामला तूल पकड़ लिया है। इस मामले में प्रमुख बिजय कुमार सिंह ने एक सप्ताह के भीतर वस्तु स्थिति स्पष्ट कराने की मांग की है। उक्त घटना को लेकर पूरे प्रखंड में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में प्रमुख ने लिखित पत्र देकर वस्तु स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। दिए गए पत्र में प्रमुख ने कहा है कि 15 अगस्त को प्रखंड मुख्यालय कार्यालय प्रांगण में 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के क्रम में राष्ट्रीय ध्वज दो बार जमीन पर गिर गया। झंडारोहण के समय गिर जाने की घटना से राष्ट्रीय ध्वज का घोर अपमान है। पता चलता है कि प्रखंड प्रशासन स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारी के प्रति गंभीर नहीं है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पु रजक से पूछे जाने पर बताया कि झंडारोहण के समय रस्सी खींचने के क्रम में झंडा टूटकर नीचे गिर गया जो एक मानवीय भूल है। जानबूझकर लापरवाही नहीं बरती गई है।

### गांव की समस्या को लोकर बैठक

**पेटरवार:** पेटरवार प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय के सभागार में मॉडल पंचायत के गांवो में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य को लेकर गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया ने बैठक की। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, स्वच्छ भारत मिशन के प्रखंड समन्वयक, आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाएं, जल सहिया, जनवितरण दुकानदार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। बीडीओ ने कहा कि पेटरवार प्रखंड के पेटरवार, सदमा कला और बुंडू पंचायत को मॉडल पंचायत के रूप में चयन किया गया है।

## न्यूज फटाफट

### डूरंड कप 2023: दिल्ली के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी चेन्नईयिन एफसी



**गुवाहाटी** : डूरंड कप 2023 में अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में शुक्रवार को चेन्नईयिन एफसी यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में दिल्ली एफसी के खिलाफ जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। फारुख चौधरी, रहीम अली और राफेल क्रिवेलारो के गोल की मदद से ओवेन कॉयले की टीम ने त्रिभुवन आर्मी के खिलाफ 3-0 से जीत के साथ टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। मरीना मचान्स वर्तमान में छह अंकों के साथ ग्रुप ई तालिका में शीर्ष पर हैं। हालाँकि, डिफेंडर आकाश सांगवान ने कहा कि उनका ध्यान नॉकआउट चरण से पहले अपने आखिरी ग्रुप मैच को जीतने पर है। आकाश ने दिल्ली एफसी के खिलाफ मैच से पहले कहा '' हम अपने पिछले मैच से बहुत सारी सकारात्मक बातें लेते हैं। हमने लगातार दो जीतें दर्ज कीं। आगामी संघर्ष के लिए हमारी मानसिकता नहीं बदली है क्योंकि हम जीत के लिए जा रहे हैं। मैं मैच के लिए बहुत उत्साहित हूं। आप जानते हैं कि मैंने दिल्ली एफसी के अधिकांश खिलाड़ियों के साथ खेला है। मैं पहले मिनर्वा का प्रतिनिधित्व करता था। इसलिए मैं सभी पंजाबी लोगों के खिलाफ खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरा उनके साथ बहुत अच्छा रिश्ता है और मैं यह साबित करना चाहता हूं कि हम बेहतर टीम हैं।'' डूरंड कप के 132वें संस्करण में आईएसएल, आई-लीग और सशस्त्र बलों की कुल 24 टीमें शामिल हैं, जिन्हें चार टीमों के छह समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक समूह से शीर्ष टीम और सभी छह समूहों में दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

### एक दशक बाद बांग्लादेश का दौरा करेगी कीवी टीम



**ढाका**: लगभग एक दशक के लंबे अंतराल के बाद न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम एशियाई देश बांग्लादेश में एक दिवसीय और टेस्ट श्रृंखला खेलने आयेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के बहुप्रतीक्षित दौरे के कार्यक्रम का खुलासा किया है। वर्ष 2013 के बाद यहां आने वाली कीवी टीम तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगी। दो चरणों में होने वाला यह दौरा 21 सितंबर को शुरू होगा जिसमें तीनों एकदिवसीय मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे जिसके बाद दोनो टीमें एक दिवसीय विश्व कप में मशगूल हो जायेंगी। दौरे के दूसरे चरण में टेस्ट श्रृंखला नवंबर के अंत में शुरू होगी जिसके आयोजन स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी। 2019 विश्व कप फाइनलिस्ट न्यूजीलैंड अपने आगामी विश्वकप अभियान की शुरुआत पांच अक्टूबर को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ करेगा। वहीं बांग्लादेश विश्व कप के सफर की शुरुआत सात अक्टूबर को धर्मशाला के सुरम्य हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा।

**मुकाबला** भारत 19 अगस्त को मेजबान जर्मनी और 21 अगस्त को इंग्लैंड से भिड़ेगा

# स्पेन के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी भारतीय जूनियर हॉकी टीम

एजेंसियां

**डसेलडोर्फ:** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को चार देशों के टूर्नामेंट डसेलडोर्फ 2023 में अपने अभियान की शुरुआत शुक्रवार को मेजबान स्पेन के खिलाफ मुकाबले से करेगी। भारत 19 अगस्त को मेजबान जर्मनी और 21 अगस्त को इंग्लैंड से भिड़ेगा। टूर्नामेंट का फाइनल 22 अगस्त को होगा। यह टूर्नामेंट मलेशिया में पांच से 16 दिसंबर के बीच खेले जाने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 की तैयारियों का हिस्सा होगा। भारतीय टीम ने जून से अगस्त के बीच बेंगलुरु के साई केंद्र में आयोजित राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में हिस्सा लिया था जिसके बाद वह स्पेन के लिये रवाना हुयी। शिविर से पहले जूनियर टीम ने ओमान में पुरुष जूनियर एशिया कप 2023 का खिताब पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर हासिल किया था और एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर




विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई किया था। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि ऐतिहासिक जीत के साथ भारत ने जूनियर एशिया कप में सर्वाधिक चार बार खिताब जीतने का नया रिकॉर्ड भी बनाया। उत्तम सिंह की अनुपस्थिति में विष्णुकांत सिंह भारतीय जूनियर टीम का नेतृत्व करेंगे। उत्तम प्रशिक्षण शिविर के दौरान लगी चोट के कारण टूर्नामेंट के लिये बाहर कर रखे गये हैं।

विष्णुकांत ने कहा, '' टूर्नामेंट हमारे लिए अपने खेल को और बेहतर करने और जूनियर विश्वकप से पहले यूरोप की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का अनुभव हासिल करने का एक अच्छा अवसर है। हमारी टीम में मजबूत और अनुभवी खिलाड़ी हैं और हमें उम्मीद है कि हम उसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे जो हमने हाल के टूर्नामेंटों में किया है। '' पिछली बार, भारतीय जूनियर टीम स्पेन के खिलाफ मैड्रिड में 2019 आठवें राष्ट्रीय अंडर-21 पुरुष टूर्नामेंट में खेली थी, जहां स्पेन ने 3-1 से जीत हासिल की थी। 2016 के बाद से, स्पेन और भारत के बीच चार बार आमना-सामना हुआ है, जिसमें भारत ने तीन बार जीत हासिल की है, जबकि स्पेन ने एक बार जीत हासिल की है। इस बीच, भारतीय जूनियर टीम को आखिरी बार एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप भुवनेश्वर 2021 में जर्मनी के खिलाफ 2-4 से सामना करना पड़ा था।

टीम के मुख्य कोच सीआर कुमार ने कहा, '' स्पेन, जर्मनी और इंग्लैंड सभी मजबूत टीमें हैं और हमने उनके पिछले कुछ मैचों पर करीब से नजर रखी है। लेकिन हमारा प्राथमिक ध्यान अपनी योजनाओं को लागू करने और अपनी ताकत के अनुसार खेलने पर रहेगा। हमने शिविर में कुछ क्षेत्रों पर काम किया जहां हमें सुधार करने की आवश्यकता थी।''

### आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली** :आइनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया साल के अंत में जी-20 आइनबॉल स्पोर्टस इंटरनेशनल लीग 2023 की मेजबानी करेगा। आईनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं नौसेना स्टाफ के पूर्व उपप्रमुख वाइस एडमिरल एस एन घोरमडे और फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रताप सिह ने गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,'' जी-20 आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग चैंपियनशिप में करीब एक दर्जन देशों के अंतरराष्ट्रीय खेल क्लब हिस्सा ले रहे हैं। आइनबॉल एक उभरता हुआ खेल है जो दुनिया भर में गति पकड़ रहा है, जिसने भारत को इस खेल में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया है। ''गुजरात में अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय लीग की घोषणा करते हुए उन्होने कहा कि चैंपियनशिप को जी-20 आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग कहा जाएगा।

# पीसीबी ने की भूल सुधार,अपडेटड वीडियो में इमरान शामिल




एजेंसियां

**लाहौर :** क्रिकेट के मैदान पर देश की उपलब्धियों का जश्न मनाने वाले वीडियो से इमरान खान को बाहर रखने पर तीखी प्रतिक्रियाओं के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 1992 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान इमरान खान के फुटेज का एक अपडेटड संस्करण जारी किया है। गुरुवार को अपडेटेड वीडियो को दोबारा जारी करते हुए पीसीबी ने इसे 'मूल संस्करण' बताते हुये कहा कि पहले के वीडियो में समय की कमी के कारण महत्वपूर्ण क्लिप शामिल नहीं गये थे।'' पीसीबी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नए वीडियो के साथ लिखा '' पीसीबी ने क्रिकेट विश्वकप 2023 के लिए एक प्रचार अभियान शुरू किया है। एक वीडियो 14 अगस्त 2023 को अपलोड किया गया था। वीडियो संक्षिप्त था और कुछ महत्वपूर्ण क्लिप गायब थे। इसे वीडियो के पूर्ण संस्करण में ठीक कर दिया गया है।'' अद्यतन संस्करण में वीडियो में चार भाग जोड़े गए हैं जिनमें इमरान के क्रिकेट के लिये योगदान,1992 में कप्तान के रूप में प्रतिष्ठित ट्रॉफी उठाना, मिस्बाह-उल-हक की टेस्ट गदा जीत, एशिया कप में महिला टीमों की जीत और निदा डार की 100 विकेट की उपलब्धि शामिल है। इससे पहले इमरान की टीम के साथी और 1992 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य वसीम अकरम ने वीडियो में इमरान खान को शामिल नहीं करने के लिए पीसीबी पर हमला बोला था। पीसीबी से वीडियो हटाने और माफी मांगने के लिए कहते हुए अकरम ने 'एक्स' पर लिखा, ''श्रीलंका पहुंचने के बाद जब मैंने पीसीबी की छोटी क्लिप देखी तो मुझे अपने जीवन का सबसे बड़ा झटका लगा। राजनीतिक मतभेद अलग हैं लेकिन इमरान खान विश्व क्रिकेट के प्रतीक हैं और उन्होंने अपने समय में पाकिस्तान को एक मजबूत इकाई के रूप में विकसित किया और हमें एक रास्ता दिया। पीसीबी को वीडियो हटा देना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए।'' क्रिकेटर से नेता बने इमरान ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की स्थापना की और 2018 से 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया और हाल ही में उन्हें कथित भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में डाल दिया गया

## खेल जगत अपडेट्स »

### 2023 फीबा विश्व कप के लिए तीन महिला रेफरी चयनित



**बर्न** : आगामी 2023 बास्केटबॉल विश्व कप के लिये तीन महिला रेफरियों का चयन कर लिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (एफआईबीए) ने बुधवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर यह जानकारी साझा की है। फीबा के कार्यक्रम के इतिहास में पहली बार, तीन महिला रेफरी, एमी बोनर, ब्लैंका बर्न्स और जेना रेनेउ को 25 अगस्त को शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए नामांकित किया गया है। सभी पांच क्षेत्रों के कुल 44 रेफरी को मनीला में एक प्री-प्रतियोगिता शिविर के बाद विभिन्न स्थानों पर भेजा जाएगा ताकि उनकी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा सके। लगभग 40 वर्ष की औसत आयु वाले रेफरी के पास आम तौर पर 11 वर्ष से अधिक का फीबा अनुभव होता है। 2023 फीबा विश्व कप फिलीपींस, जापान और इंडोनेशिया में आयोजित किया जाएगा। यह इतिहास में पहली बार होगा कि इस आयोजन की मेजबानी कई देशों द्वारा की जाएगी।

### आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली**: आइनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया साल के अंत में जी-20 आइनबॉल स्पोर्टस इंटरनेशनल लीग 2023 की मेजबानी करेगा। आईनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं नौसेना स्टाफ के पूर्व उपप्रमुख वाइस एडमिरल एस एन घोरमडे और फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रताप सिह ने गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, '' जी-20 आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग चैंपियनशिप में करीब एक दर्जन देशों के अंतरराष्ट्रीय खेल क्लब हिस्सा ले रहे हैं। आइनबॉल एक उभरता हुआ खेल है जो दुनिया भर में गति पकड़ रहा है, जिसने भारत को इस खेल में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया है।''

# 250 करोड़ क्लब में शामिल हुयी 'गदर 2'



एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 , 250 करोड़ क्लब में शामिल हो गयी है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' वर्ष 2001 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में सनी देओल ,अमीषा पटेल और अमरीश पुरी ने अहम भूमिका निभायी थी। 'गदरः एक प्रेम कथा' के सीक्वल गदर 2 में एक बार फिर से सनी और अमीषा की जोड़ी है। 'गदर 2' 11 अगस्त को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुयी है। 'गदरः एक प्रेम कथा' में सनी देओल (तारा सिंह) और अमीषा पटेल (सकीना) की जोड़ी ने फैंस के दिलों में अपनी खास जगह बनाई थी। 'गदर 2'में भी दर्शकों ने इस जोड़ी को प्यार दिया है। 'गदर 2' पहले दिन से ही ऑडियंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर बंपर कलेक्शन कर रही है।

# शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर ने फिल्म घूमर में किया अहम रोल

एजेंसियां

**मुंबई:** क्रिकेट जगत में मशहूर रहे दिवंगत राज सिंह डूंगरपुर के भतीजे शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर फिल्म घूमर में काम करते नजर आयेंगे। आर बाल्की निर्देशित फिल्म 'घूमर' एक अपाहिज खिलाड़ी की विजयी कहानी बताती है, जो अभिषेक बच्चन द्वारा अभिनीत अपने कोच के मार्गदर्शन में एक



क्रिकेटर के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती है। फिल्म घूमर में अभिषेक बच्चन कोच की भूमिका में हैं, जबकि लीड रोल में सैयामी खेर हैं।

# आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का दूसरा गाना 'नाच' रिलीज

एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की आने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का दूसरा गाना नाच रिलीज हो गया है। आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म ड्रीम गर्ल के सीक्वल ड्रीम गर्ल 2 में काम कर रहे हैं। ड्रीम गर्ल 2 में अनन्या पांडे की भी अहम भूमिका है। हाल ही में फिल्म ड्रीमगर्ल 2 का पहला गाना दिल का टेलीफोन 2.0 रिलीज हुआ था। अब फिल्म ड्रीमगर्ल 2 का दूसरा गाना नाच भी रिलीज हो गया है,जिसमें आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं। इस गाने को नकाश अज़ीज़ ने अपनी आवाज़



दी है। जबकि तनिष्क बागची ने म्यूजिक दिया है,वहीं इसके लिरिक्स शान यादव के हैं। ड्रीम गर्ल 2 एकता आर कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित और राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित हैं। यह फिल्म 25 अगस्त 2023 को रिलीज होने जा रही है।

# मांग भरो सजना में नजर आएंगे राहुल शर्मा



एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता राहुल शर्मा फिल्म डार्लिंग के बाद अब मांग भरो सजना में नजर आएंगे। राहुल शर्मा ,अक्षरा सिंह के साथ फिल्म डार्लिंग से भोजपुरी पर्दे पर डेब्यू कर चुके हैं। राहुल अब फिल्म मांग भरो सजना में मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं, जिसकी शूटिंग 29 अगस्त से उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर की जायेगी। फिल्म के निर्माता प्रदीप के शर्मा बताया कि मांग भरो सजना की बहुत ही जबरदस्त कहानी है जिसमे आपको परिवारिक ड्रामा के साथ एक्शन, रोमांस और कॉमेडी भरपूर दिखने को मिलेगी। बाबा मोशन पिक्चर्स प्रा.लि. कृत एवं प्रदीप के शर्मा प्रस्तुत प्रोड्यूसर अनीता शर्मा एवं राहुल शर्मा अभिनीत मांग भरो सजना के लेखक और निर्देशक राकेश त्रिपाठी हैं। राहुल शर्मा ने बताया कि एक नई कहानी और नई चुनौती के साथ हम बेहतरीन प्रोजेक्ट पर काम करने वाले हैं। इसके लेकर उत्साहित हूं। इस फिल्म में इंडस्ट्री की एक और बेहतरीन अभिनेत्री मेघाश्री के साथ काम करने को मिल रहा है। फिल्म में कुणाल सिंह, देव सिंह, विनीत विशाल, रोहित सिंह मटरू वीना पांडेय, मोना राय के साथ काम करना मेरे लिए खास हिने वाला है।

# खेसारीलाल यादव का भोजपुरी कांवर भजन आंसू गंगा जल भइल रिलीज

एजेंसियां

**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारीलाल यादव का भोजपुरी कांवर भजन आंसू गंगा जल भइल रिलीज हो गया है। भोजपुरी कांवर भजन आंसू गंगा जल भइल टी-सीरीज़ हमार भोजपुरी पर रिलीज हुआ है। खेसारीलाल यादव ने इस गाने को शानदार बताया और कहा कि इस गाने की सबसे खास बात इसका कॉन्सेप्ट है, जो अलग हट कर है। अभी तक सबने सावन में सिर्फ बाबा की महिमा वाले गाने देखे थे, लेकिन इस गाने में उस दुखिया को भी दिखाया गया है, जिसको प्यार में धोखा मिला। ऐसे में उसने नशा या दूसरी गलत चीजों के बजाय बाबा की भक्ति को चुना और अपने आंसू से बाबा का जलाभिषेक किया।

# रितेश और शिल्पी का नया बोलबम गाना 'गउरा के पीसी भंगीसा' रिलीज

एजेंसियां

**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक रितेश पांडेय और गायिका शिल्पी राज का नया बोलबम गाना 'गउरा के पीसी भंगीसा' रिलीज हो गया है। बोलबम गाना 'गउरा के पीसी भंगीसा' को वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। गाना 'गउरा के पीसी भंगीसा' को लेकर भोजपुरी गायक रितेश पांडेय ने कहा कि यह बोलबम सांग मेरे दिल के बहुत करीब है। इसकी मेकिंग में बेहद मजा आया और अब जब रिलीज हुआ है, तो यह दर्शकों को भी बेहद पसंद आ रहा है। जनता के प्यार और आशीर्वाद की दरकार हमेशा रहती है और वह हमें मिलता भी है।

# अमीषा पटेल की फिल्म मिस्ट्री ऑफ टैटू का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल की आने वाली फिल्म मिस्ट्री ऑफ टैटू का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 हाल ही में प्रदर्शित हुयी है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट हो गयी है। अमीषा अब फिल्म 'मिस्ट्री ऑफ टैटू' में नजर आयेगी जिसका ट्रेलर रिलीज हो गया है।फिल्म के ट्रेलर में देखा जा सकता है कि एक शख्स जिसके हाथ पर टैटू बना है, उसको लेकर कई सारे रहस्य जुड़े हैं।इस फिल्म में अमीषा पटेल गेस्ट अपीयरेंस में मौजूद हैं, जबकि रोहित राज, डेजी शाह और मायरा सरीन 'मिस्ट्री ऑफ टैटू' में अहम किरदारों में दिखाई देंगी।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अक्षय महतो, प्रधानाध्यापक, नव उत्क्रमित उच्च विद्यालय, साड़म

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
महादेव कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड न्यू एरिया,ओरंगाबाद(बिहार)

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप तिर्की प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुडू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सोनिया मंजुल सीडीपीओ कुडू

# प्रदेश >> अपडेट

## 10 लाख की अंग्रेजी शराब बरामद

**उदयपुर :** राजस्थान में उदयपुर शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंटेनर को जब्त कर दस लाख रूपए का अवैध शराब बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी अजयसिंह राव ने बताया कि बुधवार रात्रि को राष्ट्रीय राजमार्ग पर काया गांव में नाकाबंदी के दौरान आए एक कंटनेर को रूकवाकर उसकी तलाशी की गयी जिसमें विभिन्न ब्रांड 102 कार्टुन अवैध रूप परिवहन किये जा रहे बरामद किये है।

# शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 20 को ग्वालियर में

**भोपाल :** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आगामी 20 तारीख को प्रदेश के ग्वालियर में होगी, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार ग्वालियर में होने वाली बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों समेत लगभग एक से डेढ़ हजार कार्यकर्ताओं के उपस्थित रहने की संभावना है। इसके मद्देनजर तैयारियों को अंतिम स्वरूप दिया जा रहा है। बैठक में शाह के साथ ही चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और अश्विनी वैष्णव भी शामिल होंगे। इसी दौरान श्री शाह की ओर से प्रदेश सरकार के कामकाज का लेखाजोखा प्रस्तुत किए जाने की भी संभावना जताई जा रही है। इसके पूर्व पार्टी के तीन राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तरप्रदेश के विधायक कल से राजधानी भोपाल में जुटेंगे। ये विधायक विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रदेश की सभी विधानसभाओं में मैदानी स्तर पर भ्रमण कर पार्टी की स्थिति के बारे में जानकारी जुटाएंगे।

# संक्षिप्त >> अपडेट्स

## शिवराज ने शहीद ढींगरा को किया नमन

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमर शहीद मदन लाल ढींगरा के बलिदान दिवस पर आज उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास कार्यालय स्थित सभागार में अमर शहीद श्री ढींगरा के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी श्री मदनलाल ढींगरा का जन्म 18 सितंबर, 1883 को पंजाब प्रांत में हुआ। उन्होंने यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन में उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश लिया। लंदन में श्री ढींगरा प्रख्यात राष्ट्रवादी विनायक दामोदर सावरकर एवं श्यामजी कृष्ण वर्मा के संपर्क में आए। वहाँ के सभी देशभक्त खुदीराम बोस, कन्हाई लाल दत्त, सतिंदर पाल और काशी राम जैसे क्रांतिकारियों को मृत्युदंड दिए जाने से क्रोधित थे। परिणाम स्वरुप इंडियन नेशनल एसोसिएशन के वार्षिक उत्सव में श्री ढींगरा ने सर विलियम कर्जन वायली पर गोलियाँ दाग दीं। जुलाई, 1909 को श्री मदनलाल ढींगरा के केस की सुनवाई के बाद 17 अगस्त, 1909 को ब्रिटिश सरकार द्वारा उन्हें फाँसी दे दी गई।

## भाजपा ने छत्तीसगढ में 21 और मध्य प्रदेश के लिए 39 उम्मीदवार घोषित किये

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों के लिए गुरूवार को क्रमशः 21 एवं 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव नवंबर में होने हैं। बुधवार को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दी गयी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुई इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने की थी।

# महाभारत के मत्स्य राज विराट का महल बांग्लादेश में

## ढाई हजार साल पुरानी सभ्यता का पता चला अनुसंधान में

- प्राचीन अवशेषों का वैज्ञानिक परीक्षण हुआ है
- प्राचीन काल में यह एक अत्यंत समृद्ध शहर था
- स्थानीय लोग इसे पर्यटन स्थल बनाना चाहते हैं

राष्ट्रीय खबर

**ढाका:** महाभारत में वर्णित मत्स्य राज विराट का महल बांग्लादेश में पाया गया है। रविंद्र विश्वविद्यालय बांग्लादेश सांस्कृतिक विरासत और बांग्लादेश अध्ययन विभाग के संकाय और छात्रों द्वारा बांग्लादेश के सिराजगंज के रायगंज उपजिला के क्षीरतला में हजारों साल पुराने शहर की खोज की गई है। महाभारत में वर्णित महान राजा के महल और मंदिर के खंडहर वहां पाए गए हैं। पिछले कुछ वर्षों के शोध के बाद उनका मानना है कि 800 से 1000 ईस्वी के बीच यह एक समृद्ध शहर था। ढाई हजार वर्ष पूर्व महाभारत में वर्णित महान राजा का महल इसी क्षेत्र में था। सिराजगंज के रायगंज उपजिला में क्षीरतला के आसपास के गांवों में कम से कम आधा सैकड़ा ऊंचे टीले पाए जा सकते हैं। जो ईंटों से बना हुआ अत्यंत प्राचीन मंदिर था। रविंद्र विश्वविद्यालय, बांग्लादेश सांस्कृतिक विरासत और बांग्लादेश शिक्षा विभाग के शिक्षक मो. रिफत-उर-रहमान की देखरेख में 38 छात्रों ने खिरीताला गांव के परित्यक्त ऊंचे टीले और उसके आसपास के खंडहरों के पुरातात्विक सर्वेक्षण में भाग लिया। शोध के बाद, रविंद्र विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक विरासत और बांग्लादेश अध्ययन विभाग के वर्तमान अध्यक्ष रिफत उर रहमान ने मीडिया को बताया, क्षीरतला गांव में परित्यक्त टीले को स्थानीय लोग राजा का घर कहते हैं। टीले पर प्राचीन ईंट संरचनाओं के टुकड़े दिखाई देते हैं। टीले से सटी कृषि भूमि में टहलने से बड़ी संख्या में मिट्टी के बर्तनों के ढेर का पता चलता है। टीले में मिली टेराकोटा पट्टिकाओं से पता चलता है कि ये गुप्तकाल के बाद की हैं।

यहां गुप्त काल का एक सिक्का भी मिला है। इससे यह अनुमान लगाया जाता है कि यह स्थान गुप्त या पाल काल का एक समृद्ध नगर था। यहां स्थित लगभग 50 टीलों में मंदिरों और स्तूपों के खंडहर छिपे हुए हैं। यह शहर पाल काल तक गौरव के साथ जीवित रहा होगा।

उन्होंने कहा, 1990 में प्रकाशित बांग्लादेश डिस्ट्रिक्ट गजेटियर पाबना के अनुसार, निमगाछी एक बहुत प्राचीन स्थान है। इसे महाभारत में वर्णित महान राजा की नगरी कहा जाता है। प्राचीन करातोआ नदी के पश्चिमी तट पर लगभग 8 वर्ग



मील क्षेत्रफल में एक शहर के खंडहर हैं बांग्लादेश के प्रख्यात पुरातत्वविद् अबुल कलाम मोहम्मद जकारिया ने 1984 में अपनी पुस्तक आर्कियोलॉजिकल रिसोर्सेज ऑफ बांग्लादेश में उल्लेख किया है कि महाभारत में वर्णित मत्स्य देश के राजा विराट का शाही महल इसी क्षेत्र में था। अन्य टीलों को नृत्यशिला, कीचक स्थान, बुरुज आदि नामों से जाना जाता है। पांडवों ने अपने अज्ञातवास के दौरान यहां शरण ली थी। साक्ष्य के तौर पर एक प्राचीन वृक्ष की पहचान महाभारत में वर्णित शमी वृक्ष के रूप में की जाती है और एक स्थान की पहचान विराट राजा की गौशाला के रूप में की जाती है। रिफत-उर-रहमान ने यह भी कहा, इस टीले सहित आसपास के गांवों में अभी भी पुरातत्व अनुसंधान के अवसर हैं। क्षेत्रीय नाम- बुरुज/टीला सिराजगंज के रायगंज उपजिला के अंतर्गत नंबर 1 धमाईनगर संघ के क्षीरतला गांव में स्थित है।

इतिहास इसे एक समृद्ध व्यापारिक शहर (महाभारत और सोना गाजी का इतिहास) के रूप में वर्णित करता है। यह स्थान क्षेत्र की विभिन्न लोककथाओं, कहानियों, बुजुर्गों के मुख से सुना जा सकता है। फिर भी हर साल कई साधक साधना के लिए आते हैं। इसमें सुधार की पहल रायगंज-तराशा के दिवंगत पूर्व सांसद इशाक हुसैन ने की थी. 1986 में, वह धामनगर संघ परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष थे। खाद्य विनिमय कार्यक्रम में गेहूं के बदले में 5 सेर (किलो) और खुदाई शुरू कर दी। कुछ दिन काम करने के बाद एक अजीब समस्या उत्पन्न हो गई, एक-दो दिन खुदाई का काम करने के बाद मजदूर तरह-तरह की बीमारियों से पीड़ित हो जाते थे। बाद में श्रमिक संकट के कारण खनन कार्य बंद कर दिया गया।

लोगों के अनुसार इतिहास बताता है कि उस काल के राय बहादुर विराट राजा शहर में व्यापार एवं विभिन्न कार्यों के लिए आते थे। वह इस प्रसाद (महल) के बगल में स्थित करतोया नदी पर हाथी की पीठ पर बैठकर नाव से आते थे और अपने महल (महल) और मंदिर में रहते थे। यह महल इतना ऊंचा था कि इसकी छत से तराश उपजिला के मुख्यालय में नवरत्न मंदिर का त्रिशूल देखा जा सकता था। वहाँ लगभग 40/50 मिट्टी के टीले थे। इनमें से प्रत्येक टीले पर एक मंदिर था। आस-पास की जमीन में मिट्टी की बड़ी-बड़ी ईंटें और अन्य चीजें बहुत मिलती हैं।

समय के विकास के कारण यह ऐतिहासिक स्थान विनाश की ओर अग्रसर है। विराट ने राजा के परिवार, रिश्तेदारों, सेना, हाथियों, घोड़ों और घरेलू जरूरतों के लिए कई तालाब खुदवाए। तालाबों का नाम राजपरिवार के सदस्यों के नाम पर रखा गया है, जो आज भी मौजूद हैं। जैसे प्रताप दिघी (25 एकड़) कतला दिघी (10 एकड़), छोटा रानी, बड़ी रानी श्यामली (7 एकड़), रानी मायावती (माया) तालाब (2 एकड़), घोरा मारा तालाब (6 एकड़) और जोगी तालाब (5 एकड़) ... इस जोगी तालाब के बारे में कई लोक कथाएं प्रचलित हैं।यहां आज भी हर चांदनी रात में मेला लगता है। लोग आज भी मन की इच्छाओं, बीमारियों आदि के बारे में कसम खाते हैं। विराट राजा के व्यापारिक नगर के नाम पर संघ का नाम धमाईनगर रखा गया। जैसे ही रानी मायावती तालाब (मनोसा) पर कसम खातीं, विभिन्न आवश्यक व्यंजन, मिठाइयाँ, दूध आ जाते। और इसी खीर के कारण इस गांव का नाम क्षीरीतला (लोकोजे कहानी) पड़ गया। इस ऐतिहासिक स्थल का रख-रखाव एवं जीर्णोद्धार करना बहुत जरूरी है। स्थानीय निवासियों ने 10 एकड़ के इस स्थल को पर्यटक क्षेत्र के रूप में विकसित करने का आह्वान किया है।

**पड़ताल** संयुक्त निदेशक घनश्याम उपाध्याय को रिपोर्ट करेंगे जो समग्र जांच की निगरानी करेंगे

# मणिपुर हिंसा की जांच वाली सीबीआई टीम में 29 महिला अफसर

- बड़ी संख्या में महिला अधिकारियों को एक साथ सेवा में लगाया गया है

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** सीबीआई ने मणिपुर हिंसा मामलों की जांच के लिए 29 महिलाओं सहित अधिकारियों का चयन किया है। ब्यूरो की तरफ से जानकारी दी गयी है कि इस टीम में तीन डीआइजी- लवली कटियार, निर्मला देवी और मोहित गुप्ता- और पुलिस अधीक्षक राजवीर शामिल हैं, जो संयुक्त निदेशक घनश्याम उपाध्याय को रिपोर्ट करेंगे जो समग्र जांच की निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि यह अपनी तरह की पहली लामबंदी मानी जा रही है जहां इतनी बड़ी संख्या में महिला अधिकारियों को एक साथ सेवा में लगाया गया है। सूत्रों ने कहा कि



इनमें से कई मामलों की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है, जिन पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के प्रावधान लागू हो सकते हैं, जिनकी जांच पुलिस उपाधीक्षक रैंक के अधिकारी द्वारा की जा सकती है। उन्होंने बताया कि दो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और छह पुलिस उपाधीक्षक - सभी महिलाएं - भी 53 सदस्यीय बल का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि पुलिस उपाधीक्षक ऐसे मामलों में पर्यवेक्षी अधिकारी नहीं हो सकते हैं, इसलिए एजेंसी ने जांच की निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए तीन डीआइजी और एक एसपी को भेजा है। अधिकारियों ने कहा कि आम तौर पर जब इतनी बड़ी संख्या में मामले सीबीआई को सौंपे जाते हैं, तो एजेंसी जनशक्ति उपलब्ध कराने के लिए संबंधित राज्य पर भी निर्भर करती है।

अधिकारियों ने कहा कि लेकिन मणिपुर के मामले में, वे जांच में पक्षपात के किसी भी आरोप से बचने के लिए स्थानीय अधिकारियों की भूमिका को कम करने की कोशिश करेंगे। एजेंसी ने पहले से ही आठ मामले दर्ज किए हैं, जिनमें 4 मई को भीड़ द्वारा महिलाओं को निर्वस्त्र करने और उनके साथ परेड कराने से जुड़े दो मामले शामिल हैं, इस घटना का वीडियो 16 जुलाई को सोशल मीडिया पर आने के बाद बड़े पैमाने पर हंगामा हुआ था। सीबीआई नौ मामलों की जांच करने के लिए तैयार है। अधिकारियों ने कहा कि मणिपुर हिंसा से संबंधित और मामले सामने आने के बाद एजेंसी द्वारा जांच किए गए मामलों की कुल संख्या 17 हो जाएगी। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी की जांच इन 17 मामलों तक सीमित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध या यौन उत्पीड़न से संबंधित किसी अन्य मामले को भी प्राथमिकता के आधार पर भेजा जा सकता है। उनके अनुसार, जांच एजेंसी राज्य के चुराचांदपुर जिले में कथित यौन उत्पीड़न के एक और मामले को अपने हाथ में ले सकती है। अधिकारियों ने कहा कि समाज जातीय आधार पर बंटा हुआ है, ऐसे में सीबीआई को मणिपुर ऑपरेशन के दौरान पक्षपात के आरोपों से बचने की महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि एक समुदाय के लोगों की किसी भी संलिप्तता के परिणामस्वरूप उंगली उठने की संभावना है।

# लीबिया में त्रिपोली के संघर्ष प्रभावित इलाकों से 300 परिवारों को निकाला



एजेंसियां

**बेंगाजी:** लीबिया की राजधानी त्रिपोली में सशस्त्र संघर्ष से प्रभावित इलाकों से लगभग 300 परिवारों को निकाला गया है। लीबिया की राष्ट्रीय एकता सरकार (जीएनयू) के स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन चिकित्सा और सहायता केंद्र के प्रवक्ता मलिक मार्सिट ने बुधवार को यह जानकारी दी। मार्सिट ने कहा, आपातकालीन चिकित्सा और सहायता केंद्र ने त्रिपोली के कई इलाकों में झड़पों में फंसे 296 से अधिक परिवारों को निकाला है। प्रवक्ता ने कहा कि बुधवार को त्रिपोली में शांति रही एवं झड़प प्रभावित क्षेत्रों में नियमित आवाजाही बहाल हो गई है और दुकानें फिर से संचालित होने लगी हैं। स्थानीय मीडिया ने पहले दिन में रिपोर्ट दी थी कि त्रिपोली में दो दिनों की झड़पों में कुल 55 लोग मारे गए हैं और 146 अन्य घायल हुए हैं। त्रिपोली में सोमवार रात जीएनयू से संबद्ध 444वीं ब्रिगेड और विशेष निरोधक बल के बीच झड़पें हुईं। हिंसा विशेष निरोध बल द्वारा 444वीं ब्रिगेड के कमांडर महमूद हमजा को हिरासत में लेने के कारण शुरू हुई थी। हमजा ने त्रिपोली के मिटिगा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यात्रा करने का प्रयास किया था, जिस पर प्रतिद्वंद्वी समूह का नियंत्रण है। जीएनयू ने प्रभावित शहरी क्षेत्रों में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी और हवाई अड्डे पर उड़ानें निलंबित कर दीं। जीएनयू के प्रधानमंत्री अब्देलहामिद दबीबा ने कथित तौर पर मंगलवार देर रात हमजा को तीसरे पक्ष को सौंपने के लिए एक समझौता किया, जिसके बाद युद्धविराम होगा। उल्लेखनीय है कि लीबिया पर वर्तमान में दो प्रतिस्पर्धी सरकारों का शासन है। लीबिया का पश्चिमी भाग त्रिपोली संयुक्त राष्ट्र समर्थित राष्ट्रीय समझौते की सरकार द्वारा नियंत्रित है, जबकि पूर्वी भाग राष्ट्रीय स्थिरता सरकार के अधीन है, जिसे लीबिया की राष्ट्रीय सेना का समर्थन प्राप्त है।

# जेयू के डीन रजत रॉय फिर तलब

एजेंसियां

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की कोलकाता पुलिस ने गुरुवार को जादवपुर विश्वविद्यालय(जेयू) के डीन रजत रॉय को फिर से अपने मुख्यालय-लालबाजार में जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए बुलाया। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रजत रॉय ने पुलिस को सूचित किया कि वह बुधवार को दोपहर तीन बजे समन पर उपस्थित नहीं हुए, क्योंकि उस दौरान विद्यार्थियों के एक समूह ने उनके कक्ष के बाहर घेराव कर रखा था और उन्होंने उन्हें कक्ष से बाहर नहीं आने दिया था। जिन्होंने कथित तौर पर उनके इस्तीफे की मांग की थी।

छात्रों ने कथित रैंगिग मामले के लिए डीन को दोषी ठहराया, जिसके कारण परिसर में तीसरे दिन स्नातक प्रथम वर्ष के एक छात्र की मौत हो गई। बंगाली (ऑनर्स) का नवागंतुक छात्र (18) कथित तौर पर नौ अगस्त की रात छात्रावास में दूसरी मंजिल से गिर गया था।

जिसके बाद, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। जेयू रजिस्ट्रार स्नेहा मंजू बसु, विश्वविद्यालय के एक अन्य अधिकारी के साथ, निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कोलकाता पुलिस मुख्यालय में उपस्थित हुईं। जांच का नेतृत्व कर रहे संयुक्त सीपी क्राइम शंख शुभ्रा चक्रवर्ती, डीन ऑफ स्टूडेंट्स से प्रशासन के विवरण के साथ-साथ पूर्व छात्रों की सूची के बारे में दस्तावेज चाहते थे, जो कथित तौर पर अवैध रूप से पुरुष छात्रवास में रह रहे हैं। कोलकाता पुलिस की अपराध-विरोधी शाखा ने कथित अपराध में कुल नौ आरोपी वर्तमान और पूर्व छात्रों को गिरफ्तार किया, साथ ही छह और संदिग्धों को मंगलवार रात को गिरफ्तार किया।

**उपलब्धि** चंद्रमा के बाहरी हिस्से को छूने के लिए तैयार है

# चांद की सतह से 163 किलोमीटर ऊंचाई पर चंद्रयान

- चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग से भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** चंद्रयान 3 ने चंद्रमा की चक्कर लगाने का अंतिम दौर पूरा कर लिया है। इसके बाद वह चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग कराने की तैयारी में है। अंतरिक्ष यान अब 23 अगस्त को निर्धारित चंद्रमा पर उतरने के लिए तैयार है। यह प्रयास भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के साथ जुड़कर इस उल्लेखनीय मील के पत्थर को हासिल करने वाला




विश्व स्तर पर चौथा देश बनने की राह पर रखता है। मिशन को 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी मार्क 3 (एलवीएम 3) हेवी-लिफ्ट लॉन्च वाहन के माध्यम से प्रभावी ढंग से लॉन्च किया गया था। यह 23 अगस्त को चंद्रमा के बाहरी हिस्से को छूने के लिए तैयार है। यह भारत के तीसरे चंद्र अभियान और चंद्रमा की सतह पर नाजुक लैंडिंग हासिल करने के उसके दूसरे प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है। चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग से भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा, जो संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन की कतार में शामिल हो जाएगा। हालाँकि किसी भी अन्य देश ने कभी भी चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव को नहीं छुआ है। चंद्रयान 3 लैंडिंग मॉड्यूल 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर उतरने का प्रयास करेगा। इसरो 17 अगस्त को प्रोपल्शन मॉड्यूल से लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की योजना बना रहा है। इसके बाद विक्रम लैंडर को एक बार फिर से चंद्रमा की सतह पर स्थापित करना होगा। अण्डाकार कक्षा. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को चंद्रमा पर निर्धारित लैंडिंग से एक सप्ताह पहले चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान की अंतिम कक्षा कटौती प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। इसरो क मुताबिक आज की सफल फायरिंग, जो थोड़े समय के लिए आवश्यक थी, ने चंद्रयान-3 को अपनी मंशा के अनुरूप 153 किमी गुणा 163 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया है। इसरो ने आज कहा, ह्यइसके साथ, चंद्रमा की ओर जाने वाला पूरा हो गया है।

# न्यूज फटाफट

## ब्रिक्स सम्मेलन में संरा की मौजूदगी

**संयुक्त राष्ट्र :** दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र (संरा) का प्रतिनिधित्व मौजूद रहेगा। प्रवक्ता फरहान हक ने बुधवार को यह बात कही। हक ने एक ब्रीफिंग में कहा कि संयुक्त राष्ट्र दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में उपस्थित रहेगा। उम्मीद है कि संभवतः अगले सप्ताह की शुरुआत में इस बारे में कोई घोषणा होगी। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22 से 24 अगस्त तक जोहान्सबर्ग में आयोजित किया जाएगा। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के वीडियो लिंक के माध्यम से सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। दक्षिण अफ़्रीकी विदेश मंत्री नलेदी पंडोर ने जुलाई में कहा कि 23 देशों ने आधिकारिक तौर पर ब्रिक्स में शामिल होने में अपनी रुचि व्यक्त की है। मई में बेलारूस ने ब्रिक्स सदस्यता के लिए आवेदन किया था।

## दो साल पहले अमेरिकी सेना की वापसी के बाद अफगान में अस्थिरता

**दोहा :** अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की अगस्त 2021 में वापसी के बाद से उनके लिए काम करने वाले अफगानों के सामने अस्थिरता कई गुना बढ़ गई है। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सरकार ने पहले वादा किया था कि उसकी सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाले अफगान नागरिकों को अमेरिका में एक घर मिलेगा। लेकिन बाद की सरकारी रिपोर्टों से पता चला है कि बाइडेन प्रशासन उस वादा को पूरा करने में विफल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दो साल बाद भी अमेरिकी आव्रजन आवेदन लंबित हैं। अमेरिकी सरकार निगरानी संस्था और अफगान पुनर्निर्माण के लिए अमेरिकी विशेष महानिरीक्षक द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपने अधिकांश सहयोगियों की मदद नहीं की है।

## नाइजीरिया के राष्ट्रपति ने नए कैबिनेट सदस्यों की सूची जारी की

**अबुजा :** नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने लगभग तीन महीने पहले पदभार संभालने के बाद बुधवार को कैबिनेट मंत्रियों की एक सूची जारी की। राष्ट्रपति के प्रवक्ता अजुरी नगेलेले ने यहां मीडिया को बताया कि कैबिनेट को अभी घोषित तारीख पर शपथ दिलाई जाएगी। टीनुबू के सबसे करीबी सलाहकारों में से एक, वेले एडुन को वित्त मंत्री नामित किया गया। अन्य कैबिनेट सदस्यों में विदेश मामलों के मंत्री यूसुफ तुग्गर, रक्षा मंत्री मोहम्मद बदरू अबुबकर और परिवहन मंत्री एडेगबॉयेगा ओयेटोला शामिल है। राष्ट्रपति के राष्ट्रीय एकता और सक्षम सरकार के वादे के अनुसार कैबिनेट में विपक्षी सदस्य भी शामिल है। चुने गए मंत्रियों की पहले नाइजीरियाई सीनेट द्वारा स्क्रीनिंग की गई थी।

## अमेरिका में हवाई प्रांत के जंगलों में भीषण आग, मरने वालों की संख्या बढ़कर 110 हुई

**हवाई :** अमेरिका में हवाई प्रान्त के जंगलों में लगी भीषण आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 110 तक पहुंची। प्रांतीय गवर्नर जोश ग्रीन ने कहा कि अमेरिका के इतिहास में जंगलों में आग लगने की यह सबसे भीषण घटना है। श्री ग्रीन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, एक सौ दस लोगों के मरने की पुष्टि की गई है। हम जंगल की आग पर काबू पाने और लोगों को बचाने के लिए और अधिक आपदा स्थल की तैनात कर रहे हैं। गवर्नर ने ट्वीट किया कि अधिकारियों ने बुधवार तक करीब 910 लोगों को 369 किराए के कमरों में शरण दी है। उन्होंने कहा कि हमारे पास दीर्घकालिक किराये के लिए 700 प्रस्ताव हैं और 13 परिवारों को पहले ही रखा जा चुका है। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने बुधवार को कहा था।

## आज का इतिहास

- 1800 : लार्ड वेलेजली के द्वारा कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना।
- 1868 : फ्रांस के खगोलविद पियरे जेनसीन ने हिलियम की खोज की।
- 1891 : कैरेबियाई द्वीप मार्टिनीक्यु में चक्रवाती तूफान से 700 लोगों की मौत।
- 1936 : प्रसिद्ध गीतकार, कवि और फ़िल्म निर्देशक गुलज़ार का जन्म।
- 1945 : स्वतन्त्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस का निधन।
- 1949 : हंगरी ने संविधान अंगीकार किया।
- 1951 : पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना।
- 1959 : भारतीय जनता पार्टी की प्रसिद्ध महिला नेत्री निर्मला सीतारमण का जन्म।
- 1963 : अमेरिका में जेम्स मेरीडिथ मिसिसीपी विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाला पहला अश्वेत व्यक्ति।
- 1982 : सोवियत संघ द्वारा एक महिला अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन सेल्युत-7 के लिए भेजी गई।
- 1985 : भारत की प्रसिद्ध महिला पहलवान गीतिका जाखड़ का जन्म।
- 1999 : तुर्की में भूकम्प से लगभग 45000 लोगों की मौत।
- 2000 : इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर दो दिन में टेस्ट जीतने का इतिहास रचा।
- 2006 : बंगलादेश के पूर्व राष्ट्रपति एच.एम. इरशाद को विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में बरी किया।
- 2007 : विवादास्पद ब्रिटिश गायिका लिली एलेन के अमेरिका में घुसने पर प्रतिबन्ध लगा।
- 2008 : उत्तर प्रदेश में मायावती सरकार ने छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की घोषणा की।
- 2012 : नाटो के हवाई हमले में अफ़ग़ानिस्तान के कम से कम 13 आतंकवादियों की मौत।
- 2018 : संयुक्त राष्ट्र संघ के सातवें महासचिव कोफ़ी अन्नान का निधन।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची शुक्रवार
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
18:08:2023



## उड़ान सामाजिक विकास संस्था का सावन मिलन

रांची:उड़ान सामाजिक विकास संस्था की ओर से आज सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बुटी मोड़ के मां योगिनी पैलेस में संस्था की संस्थापक पायल सोनी ने समारोह में शामिल सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा उपस्थित हुई। समारोह में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें सावन क्वीन प्रीति गोपाल एवं म्यूजिक चेयर में फर्स्ट वीना यादव, सेकंड सुनीता एवं थर्ड अनीता रही।

**शहर >> अपडेट**

### लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने किया भोजन वितरण

रांची: लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट कि ओर से स्व माखन लाल जैन की पुण्य स्मृति में अल्बर्ट एक्का चौक स्थित लायंस प्याऊ में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। भोजन वितरण कार्यक्रम के सहयोगकर्ता श्रीमती संतोष देवी जैन थी। प्रोजेक्ट टीम प्रदीप कुमार जैन, अशोक कुमार अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल थे। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ ईस्ट के अध्यक्ष नरेश कुमार, सचिव विजया केडिया, कोषाध्यक्ष नीरज कांत शाहा, राम बालक वर्मा, देवेश जैन, हर्ष वर्धन जालान, प्रेम लता जैन, संतोष देवी जैन, अंजली जैन, संजुला जैन, सुष्मिता जैन, अवस जैन, मेघा चौधरी, नीलम जैन, अनंत जैन, अरविंद जैन, मीना देवी, आशुतोष द्विवेदी तथा मनोज ठाकुर आदि कई उपस्थित थे।

**आरक्षण**

### आरक्षण के बाद भी नहीं मिल रहा वंचितों को लाभ

# कागज में सिमटा 'शिक्षा का अधिकार' कानून




**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** राज्य में शिक्षा का अधिकार कानून कागज पर सिमट कर रह गया है। हालात ऐसे हैं कि हर वर्ष निजी विद्यालयों में आरटीई कोटे के अंतर्गत निर्धारित सीटों पर नामांकन में बड़े पैमाने पर गोलमाल होता है। इस बार शिक्षा विभाग की सख्ती की वजह से परिस्थितियां थोड़ी बदली जरूर हैं। अब इसके साइड इफेक्ट नजर आने लगे हैं।इस बार कोटे के लिए निर्धारित सीटों पर नामांकन ही नहीं हो पाए हैं। ऐसे में सवाल यह उठने लगा है कि आखिरकार वंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चे निजी स्कूलों में नामांकन क्यों नहीं ले पा रहे हैं।

झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार राय का मानना है कि शिक्षा विभाग और निजी स्कूल प्रबंधन की मिलीभगत से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चे नामांकन से ही वंचित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग ऐसे सभी स्कूलों के नाम को सार्वजनिक करे झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन उन विद्यालयों के सामने कैंप लगाकर नामांकन कराने का काम करेगा।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में अभिवंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन नहीं होने के पीछे की वजह बताते हुए जाने-माने शिक्षाविद मोहन सिंह कहते हैं कि इसके पीछे सामाजिक और आर्थिक कारण हैं। जिसके कारण निजी स्कूल में नामांकन के बाद आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावक बस फी के साथ-साथ अन्य सुविधा मुहैया कराने में विफल हो जाते हैं।इसके अलावा प्रमुख कारण यह भी है कि राज्य सरकार के द्वारा सरकारी विद्यालयों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, प्रोत्साहन भत्ता और पोषाहार जैसी योजना के लाभ से वंचित होने की एक वजह है। इस कारण से अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में ही पढ़ना उचित समझते हैं।शिक्षा के अधिकार के तहत निजी विद्यालय के नर्सरी/एलकेजी में अभिवंचित समूह के लिए 25 प्रतिशत सीटों पर नामांकन नहीं होने की बात को शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने स्वीकार की है।

शिक्षा सचिव ने कहा कि कुछ जिलों में इस कोटे में नामांकन नहीं होने की शिकायतें आ रही हैं। जिसे दूर करने के लिए शिक्षा विभाग ने बोकारो मॉडल पर पूरे राज्य भर में ऑनलाइन आरटीई के तहत निर्धारित कोटे पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। अगले शैक्षणिक सत्र से इसकी शुरूआत कर दी जाएगी। जिसके तहत ऑनलाइन स्कूल एवं नामांकन की स्थिति के बारे में लोगों को जानकारी मिल सकेगी। गौरतलब है कि एक तरफ निजी विद्यालयों में बच्चों के नामांकन के लिए मारामारी है। वहीं दूसरी ओर आरटीई के तहत आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों पर नामांकन के लिए बच्चे नहीं मिल रहे हैं। शैक्षणिक सत्र के पांच महीने बीतने को हैं, इसके बाबजूद शिक्षा विभाग इन आरक्षित सीटों पर बच्चों के नामांकन का इंतजार कर रहा है।

### जोहार खिलाड़ी वेब पोर्टल पर

## जल्द से जल्द पूरी तैयारी के संग रजिस्ट्रेशन कराएं प्रशिक्षक : निदेशक



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा खेल कूद एवम युवा कार्य निदेशालय अधीनस्थ राज्य के जिलों में संचालित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस (एकलव्य केंद्र), आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों को जोहार खिलाड़ी वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराए जाने को लेकर खेल निदेशक डॉ सरोजनी लकड़ा ने गुरुवार को राज्य के आवासीय खेल प्रशिक्षकों के साथ बैठक की।मोराबादी, रांची स्थित खेल निदेशालय में आयोजित बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जल्द से जल्द सभी प्रशिक्षकों को अपने खिलाड़ियों का डाटा वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराए जाने को कहा ताकि राज्य के होनहार खिलाड़ियों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन, उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे सुविधाओं समेत उनकी वस्तु स्थिति के बारे में कोई भी आम नागरिक, खेल प्रेमी जानकारी प्राप्त कर सकें।

### मीटर डिफेक्टिव या बिजली चोरी होगी जांच

# लग चुके प्री-पेड स्मार्ट मीटर की होगी थर्ड पार्टी जांच




**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** राजधानी रांची में प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाने का काम जारी है। जेबीवीएनएल द्वारा शहरी क्षेत्र के 3.5 लाख उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगावाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद इसमें अधिक बिजली बिल आने की शिकायतें आ रही हैं। इसे लेकर जेबीवीएनएल प्रबंधन हरकत में आ गया है। ऊर्जा सचिव, सीएमडी ऊर्जा विकास निगम और एमडी जेबीवीएनएल अविनाश कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच का निर्देश दिया है। जेबीवीएनएल अब तक लगाए गए स्मार्ट मीटर की थर्ड पार्टी जांच कराएगा। थर्ड पार्टी जांच के लिए जेबीवीएनएल दो से तीन दिन के अंदर निविदा आमंत्रित करेगी। थर्ड पार्टी जांच में न केवल स्मार्ट मीटर की जांच होगी बल्कि यह भी देखा जा जाएगा कि क्या स्मार्ट मीटर लगने के पहले और अब आ रही एनर्जी यूनिट में कितना फर्क है।इससे यह भी मिलान किया जाएगा कि यह अंतर मामूली है या बहुत अधिक। यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या स्मार्ट मीटर लगने के पूर्व मीटर बाईपास करके बिजली चोरी तो नहीं की जा रही थी। अगर बिजली चोरी सामने आती है तो उपभोक्ता के साथ-साथ स्थानीय इंजीनियर, लाइन मैन, मीटर रीडर एवं अन्य फिल्ड स्टाफ भी इसकी जद में आएंगे। अधिक बिल आने में उपभोक्ता की घरेलू वायरिंग, अर्थिंग और तारों की जांच भी होगी। जेबीवीएनएल प्रबंधन के अनुसार, स्मार्ट मीटर में कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है। कई स्तर पर जांच के बाद राष्ट्रीय मानकों पर खरी उतरी कंपनी जीनस के मीटर को सिलेक्ट किया गया है। मीटर में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना से जेबीवीएनएल इनकार कर रहा है। फिर कंज्यूमरों को संतुष्ट करने के उद्देश्य से थर्ड पार्टी जांच कराने का फैसला किया गया है।रांची में अब तक करीब 1.15 लाख उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है।

# रिम्स में स्ट्राइक से 28 लोगों की मौत मामले में वन मैन कमिटी की रिपोर्ट देने को और मिला 4 सप्ताह

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट ने रिम्स में 1 जून 2018 को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों के बवाल को लेकर जूनियर डॉक्टर और नर्स की स्ट्राइक के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत मामले की जांच को लेकर बनी कमेटी को 4 सप्ताह का अवधि विस्तार दिया है। कोर्ट ने पूर्व में मामले की जांच को लेकर गठित रिटायर्ड प्रधान डिस्ट्रिक्ट जज सज्जन कुमार दुबे की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी को 3 माह में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था।गुरुवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वन मैन कमेटी की रिपोर्ट अब तक तैयार नहीं हो सकती हो सकी है, इसलिए 4 सप्ताह का समय और दिया जाए। मामले की अगली सुनवाई 27 सितंबर को होगी। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता मुख्तार खान ने पैरवी की। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को मामले की सुनवाई की।बता दें कि दायर याचिका में प्रार्थी झारखंड छात्र संघ ने कमेटी बनाकर मामले की जांच करने एवं घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एक्शन लेने का आग्रह कोर्ट से किया था। याचिका में कहा गया कि 1 जून 2018 को एक पेशेंट गलत ट्रीटमेंट की वजह से रिम्स में मौत हो गई थी। इस घटना से आक्रोशित मृतक के परिजनों ने विरोध किया था। इस दौरान ही जूनियर डॉक्टर और मृतक के परिजनों के बीच झड़प हुई थी। इस घटना के अगले दिन रिम्स में 2 जून 2018 से जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों ने स्ट्राइक कर दिया था।स्ट्राइक के दौरान रिम्स में संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। इस दौरान करीब 35 मरीजों का ऑपरेशन टल गया था।

# तीन दिवसीय दौरे पर रांची आने वाले हैं बागेश्वर बाबा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** लोगों की मन की बात जानकर समस्या सुलझाने और भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की बात करने वाले आचार्य धीरेंद्र शास्त्री जिनका मशहूर नाम बाबा बागेश्वर है जिनके दर्शन के लिए लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ जाती है वह तीन दिवसीय दौरे पर रांची आने वाले हैं। नवंबर के पहले सप्ताह में रांची आने की संभावनाएं बनती दिखाई दे रही हैं। रांची आगमन पर सन्यासी बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया है कि आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने राज्य आगमन की स्वीकृति दे दी है। सेवा समिति के अध्यक्ष सन्यासी बाबा के मुताबिक धीरेंद्र शास्त्री तीन दिवसीय दौरे पर रांची आ रहे हैं। कार्यक्रम धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में होना तय हुआ है इस दौरान बागेश्वर बाबा हनुमान कथा सुनाएंगे। उनके आगमन पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई गणमान्य को आमंत्रित किया जाएगा।

**आस्था**

### निजी दौरे पर आए रांची, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से की मुलाकात

# सुपरस्टार रजनीकांत ने रजरप्पा में की मां छिन्नमस्तिका की पूजा



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** सुपरस्टार रजनीकांत झारखंड दौरे पर हैं। यह उनका बेहद निजी दौरा है। बुधवार शाम 6.30 बजे वह इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली से रांची पहुंचे और सीधे राजभवन चले गये। वहां उन्होंने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इसकी भनक किसी को नहीं लगी।

इस निजी मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने एक्टर रजनीकांत को उपहार स्वरूप एक पुस्तक भेंट की।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह एक्टर रजनीकांत रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका के मंदिर में गये और पूजा अर्चना की। दरअसल, रजनीकांत खुद को प्रोटोकॉल सिस्टम से अलग रखते हैं। उनकी पहचान बेहद ही सरल इंसान के रूप में होती है। सूत्रों के मुताबिक रजनीकांत का पहले से ही राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से संबंध रहा है। दोनों तमिलनाडु के हैं। खास बात है राजभवन की ओर से भी बताया गया है कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी।आपको बता दें कि रजनीकांत की फिल्म जेलर फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर रही है। फैंस अपने थलाइवा की फिल्म को देखने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

रजनीकांत की फिल्म जेलर ने स्वतंत्रता दिवस के दिन रिकॉर्ड 33 करोड़ रुपये की कमाई की थी।रजनीकांत की फिल्म जेलर अपनी रिलीज के सातवें दिन तक ब्लॉकबस्टर बन चुकी है। इसने सात दिन में 200 करोड़ की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। जबकि फिल्म ने दुनिया भर में 400 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया है।रजनीकांत के अलावा, फिल्म जेलर में मलयालम फिल्मों के सुपरस्टार मोहनलाल और कन्नड़ स्टार शिव राजकुमार भी कैमियो में हैं। इसके अलावा इस फिल्म में तमन्ना भाटिया, राम्या कृष्णा, प्रियंका मोहन की भी दमदार एक्टिंग दिखाई दी है।





### मैत्री क्रिकेट मैच का विजेता बना वास्तु विहार सोसाइटी मेसरा

रांची: वास्तु विहार उत्तम सोसाइटी बीआइटी मेसरा में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोसाइटी के वयोवृद्ध सेवानिवृत्त सैनिक गजेंद्र शर्मा झंडोत्तोलन किया। इसके बाद बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अलगअलग वर्गों में हुए इस प्रतियोगिता में धीमा साइकिल दौड़, 100 मीटर दौड़, चित्रांकन प्रतियोगिता, संगीत कार्यक्रम और क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। शाम में सोसाइटी के लोगों के बीच सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। क्रिकेट वास्तु विहार सोसाइटी एवं वास्तु विहार संस्थान के कर्मचारी के बीच हुआ। जिसका विजेता वास्तु विहार सोसाइटी के सदस्य रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सैनिक मुनेश्वर प्रसाद, जितेंद्र ठाकुर, विकास कुमार, सुजीत कुमार, शंकर महतो, शशि रंजन, सुबीर देव, धर्मेंद्र सिंह, राजेश मिश्रा, अमर तिवारी और अजय सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### छात्र देश के विकास व सुधार में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं : डॉ वर्मा

रांची: डोरंडा कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर सत्र 2021- 2023 के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। विदाई के दौरान अपने पूराने दिन और शिक्षकों से मिले प्यार और स्नेह को याद कर विद्यार्थी भावुक हो गये। इस विदाई समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ बी.पी वर्मा ने कहा कि आप सभी इस कॉलेज की पूंजी हैं। आपने पढ़ाई के दौरान जो कुछ यहां सीखा उसे देश के विकास एवं सुधार में अपनी सकारात्मक भूमिका जरूर निभाएं। आप सभी के लिए इस कॉलेज का दरवाजा हमेशा खुला रहेगा। अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ नीलिमा जायसवाल ने कहा कि शिक्षा आपके करियर और व्यक्तिगत विकास को बेहतर बनाने में आपकी मदद करता है। एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज में एक महान नागरिक बन सकता है। यह आपको जीवन में सही निर्णय लेने में मदद करेगा। अर्थशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ लेखा प्रसाद ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को चरित्रवान बनाना है। शिक्षा ही मनुष्य को संपूर्ण व्यक्तित्व का धनी बनाता है। ज्ञान हासिल कर लोग समाज को सही मार्ग दिखाते हैं और अब आप सभी के अन्दर एक सकारात्मक ऊर्जा भी दिखाई दे रही है। जो आने वाले दिनों में समाज को इसका फायदा मिलेगा। डॉ पुष्पा कुमारी ने कहा कि आप सभी विद्यार्थियों से इस देश को बहुत उम्मीद है और आने वाले दिनों में यह राष्ट्र आपके ही हाथों में होगी। इसके लिए आपको अभी से ही देश को चलाने के लिए तैयार होनी है। प्रोफेसर सम्मी कुमारी ने कहा कि आप सभी जो भी कुछ करें पूरी ईमानदारी से करें और हम शिक्षकों ने जो कुछ भी सिखाया और पढ़ाया उसे सामाजिक विकास में जरूर शामिल करें। प्रोफेसर राहुल मिंज ने कहा कि आप सभी अपने अध्ययन में भारतीय अर्थव्यवस्था को बहुत ही गहराई से समझा है और जाना है इससे देश को बहुत फायदा मिलेगी। विभाग के कर्मचारी मनीषा कुमारी एवं रमजान रजा ने भी अपना विचार रखा।

### झारखंड रूरल हेल्थ मिशन सोसायटी में 1072 पदों पर कांट्रैक्ट में नियुक्ति

रांची: झारखंड रूरल हेल्थ मिशन सोसायटी में कांट्रैक्ट पर नियुक्ति होगी। इस नियुक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी ९ँ२ ॅ१' - ॅलॅ. ङ्क५.ल पर जारी की गयी है। इस नियुक्ति प्रक्रिया के तहत डॉक्टरों की नियुक्ति के साथ-साथ अन्य पदों पर बहाली होगी। झारखंड रूरल हेल्थ मिशन सोसायटी में नियुक्ति के लिए कुल 1072 पद निर्धारित हैं। जेआरएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी से मिली जानकारी के अनुसार अनुबंध पर की जा रही इस नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें सर्वाधिक 325 पद आयुर्वेद डॉक्टर के हैं। वहीं डेंटल सर्जन समेत 147 पद अन्य चिकित्सकों के हैं। डीपीएम, डीडीएम, हॉस्पिटल मैनेजर आदि के 600 पदों पर बहाली होगी। जेआरएचएम की ओर से बताया गया है कि अभ्यर्थियों के उम्र की गणना 01 अगस्त 2021 से की जाएगी। उम्र का निर्धारण जेनरल व ईडब्ल्यूएस के लिए 35, ओबीसी के लिए 37, फिमेल (यूआर) के 38 जबकि एससी/एसटी के लिए 40 वर्ष निर्धारित है। आवेदन 5 सितंबर दोपहर 12 बजे तक भरे जा सकते हैं। उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा से होगा। इसके लिए 150 अंकों की बहुविकल्पीय परीक्षा होगी। जिसमें 100 नंबर के प्रश्न संबंधित विषय से होंगे। जबकि, 50 नंबर जेनरल नॉलेज से होंगे। इसके लिए कटऑफ जेनरल व ईडब्ल्यूएस के लिए 40, बीसी टू 36, बीसी वन 34, एसटी, एससी व महिला के लिए 32 तय किया गया है।

### अतुल चंदन आर्थिक तंगी से भाग नहीं ले पायेगा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में

रांची: राष्ट्रीय पारा बैडमिंटन खिलाड़ी अतुल चंदन आर्थिक तंगी के कारण सितंबर माह में इंडोनेशिया में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय पारा बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पा रहा है। अतुल की मानें तो अगर स्पॉन्सरशिप मिला तो वे प्रतियोगिता में भाग लेकर पदक जीतकर देश और रांची का नाम रोशन कर सकते हैं। 24 वर्षीय राष्ट्रीय पारा बैडमिंटन खिलाड़ी अपने सेविंग से रैकेट, शटलकॉक और जूते खरीद के प्रैक्टिस करते है। जब वह 8 साल का था तब एक एक्सीडेंट (पुवाल कटिंग मशीन) में अपना राइट हाथ खो दिया। उसके बाद में जेनरल लोगो के साथ फुटबॉल खेलता था और अपने स्कूल का बेस्ट गोल कीपर भी था। फिर जब मैं अपने गेम को और बेहतर करने के लिए एक फुटबॉल क्लब को ज्वाइन करने के लिए ट्रायल देने गया तो वह कोच ने मुझे पारा गेम्स के बारे मे बताया और पारा गेम्स खेलने को प्रोत्साहित किया। उसके बाद से में पारा बैडमिंटन खेलना प्रारंभ कर दिया। मैंने वर्ष 2020 तथा 2022 में राष्ट्रीय पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लिया और अपना बेस्ट परफॉर्मेंस दिया। 2022 में झारखंड पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंगल में विजेता होकर रांची तथा एसोसिएशन का नाम रौशन किया है। 24 से 25 जून 2023 को हुए ईस्ट जोन पारा बैडमिंटन चैंपियनशिप में डबल्स एवं सिंगल्स में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया। इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन के आधार से आगामी 4 सितंबर से 10 सितंबर तक होने वाला फॉक्स इंडोनेशिया पारा बैडमिंटन इंटरनेशनल में भाग लेने के लिए चयनित किया गया। लेकिन आर्थिक तंगी के कारण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का सपना पूरा होता नहीं दिख रहा है। उन्होंने झारखंड सरकार एवं खेल प्रेमियों से सहयोग करने का आग्रह किया है।

### डीएसपीएमयू कुड़मालि विभाग में विदाई समारोह का आयोजन

रांची: डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुड़मालि विभाग में पुराने छात्र एमए एवं बीए अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों के स्वागत के लिए विभाग के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण कुड़मालि के विभागाध्यक्ष डॉ. परमेश्वरी प्रसाद महतो ने बच्चों को अपने जीवन में मंगलमय और भाषा-संस्कृति से जुड़े रहने की बात कही। मुख्य अतिथि मारवाड़ी कॉलेज रांची के कुड़मालि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वृंदावन महतो ने गीत गाकर छात्रों के उदासी को दूर कर दिया। डीएसपीएमयू के खोरठा भाषा के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार ने छात्रों के विदाई के अवसर पर अपने शादी में होने वाले विदाई का सजीव चित्रण कर सबों को भावुक कर दिया। विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. निताई चंद्र महतो ने छात्रों को जीवन में अनुशासन, ईमानदार, सच्चाई और अच्छाई से किसी भी क्षेत्र में कार्य करने की बात कही। साथ ही विभाग के शोधार्थी ओशक पुराण ने गीत गाकर छात्रों को झुमने में मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के बीच में कई पुराने एवं अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने अपने विभागीय अनुभव को साझा करते किया। उन्होंने गीत, कविता आदि गाकर भावुक माहौल को हंसी में बदल दिया। मंच संचालन धनेश्वर महतो और धन्यवाद ज्ञापन लक्ष्मण कुमार बेदिया ने किया। इस अवसर पर विभाग के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं ने नाच-गान कर माहौल को समां बांध दिया।







